वर्ष- 13 अंक - 286
लखनऊ, गुरुवार 18 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



ई-रिक्शा में जेवरात से भरा बैग छूटने पर हड़कंप 10
बच्चों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं : संदीप 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

गोल्ड 24 कैरेट = 1,51,250/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,38,650/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,13,470/10 ग्राम
चांदी = 2,65,000/किग्रा



## संक्षिप्त समाचार

### ई-रिक्शा-ट्रैक्टर की टक्कर में छह महिलाओं की मौत, तीन घायल

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में बरेली-मथुरा मार्ग पर एक ट्रैक्टर और ई-रिक्शा की टक्कर में छह महिलाओं की मौत हो गई और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हादसा अपराह्न करीब एक बजे उझानी थाना क्षेत्र के जूनैया गांव क्षेत्र में करुआ पुल के पास हुआ और जान गंवाने वाली महिलाएं ई-रिक्शा में सवार थीं। पुलिस के अनुसार, मुरावन नगला गांव निवासी डालचंद मौर्य का परिवार 29 जून को होने वाली अपने बेटे कुंवर पाल की शादी की तैयारी कर रहा था। परिवार की आठ महिलाएं ई-रिक्शा में सवार होकर रिश्तेदारों को शादी समारोह में आमंत्रित करने के लिए गढ़हौना गांव जा रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि ई-रिक्शा एक ट्रैक्टर से बचने की कोशिश कर रहा था कि तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक अन्य तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान प्रेमा देवी (32), गंगाश्री उर्फ सरला (32), राजकुमारी (50), रेवती (80), नारायणी (30) और आरती (30) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने कहा कि ई-रिक्शा चालक शनि और दो अन्य महिलाओं को गंभीर चोटें आईं तथा उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

### गालगाड़ी में लगी आग, धूं-धूं कर जली बोगी

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले से एक बेहद डरावनी और चिंताजनक खबर सामने आई है। यहां चलती ट्रेन के डिब्बे में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने इतना विकराल हो गई की पूरी बोगी धू-धू कर जल उठी और कुछ ही समय में पूरी तरह से खाक हो गई।

### नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कार्गो सेवा भी शुरू

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से बुधवार को कार्गो उड़ान सेवा भी शुरू हो गई। चेन्नई से आए पहले विमान को एयरपोर्ट पर सुबह वाटर कैनन से स्वागत किया गया। इसके लिए एफकॉम कंपनी के साथ समझौता किया गया है। यह मालवाहक (कार्गो) एयरलाइन है। यह विशेष माल परिवहन एवं आपूर्ति श्रृंखला सेवाएं प्रदान करने के लिए बोइंग 737-800 मालवाहक विमानों का उपयोग करती है। यह कंपनी ही एयरपोर्ट से कार्गो उड़ानें का संचालन करेगी।

### चेन्नई एयरपोर्ट पर करीब पांच करोड़ रुपये की क्रिस्टल मेथ बरामद

**चेन्नई।** चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग लगभग पांच करोड़ मूल्य की मेथामफे टामाइन (क्रिस्टल मेथ) की खेप जब्त की है। यह मादक पदार्थ एक लावारिस पार्सल से बरामद किया गया, जिसे विदेश भेजे जाने की योजना थी। घटना के बाद पार्सल छोड़कर फरार हुए लोगों की तलाश तेज कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह खेप कार्गो विमान के माध्यम से मलेशिया भेजी जानी थी। मामले के खुलासे के बाद हवाई अड्डे पर यात्रियों और कार्गो सामान की जांच को और सख्त कर दिया गया है।

### ओमान से भारत पहुंचे भारतीय नाविकों के शव

**दुबई।** ओमान तट के पास एक पोत पर पिछले सप्ताह हुए अमेरिकी हमले में मारे गए तीन भारतीय नाविकों में से दो के शव बुधवार को स्वदेश ले जाए गए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इससे एक दिन पहले पलाऊ के ध्वज वाले इस पोत एमटी सेटेबेलो से बचाए गए 21 भारतीय नाविकों को स्वदेश लाया गया था। मस्कट स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, एमटी सेटेबेलो पर हुए हमले में दुखद रूप से जान गंवाने वाले आदित्य शर्मा और शिवानंद चौरसिया के शव भारत ले जाए गए हैं।

# साझा वैश्विक समृद्धि के लिए सभी मिलकर करें काम : मोदी

▸ भारत विभाजन में नहीं, एकीकरण में विश्वास रखता है, संरक्षणवाद में नहीं, भागीदारी में और अनिश्चितता नहीं साझा समृद्धि में रखता है विश्वास



**एजेंसी, नई दिल्ली।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 देशों से साझा वैश्विक समृद्धि की दिशा में काम करने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत विभाजन में नहीं, एकीकरण में विश्वास रखता है, संरक्षणवाद में नहीं, भागीदारी में और अनिश्चितता नहीं साझा समृद्धि में विश्वास रखता है।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को फ्रांस के एवियन शहर में जी-7 देशों के 52 वें शिखर सम्मेलन में भागीदार देश के रूप में सभी के लिए संतुलित, साझा और टिकाऊ आर्थिक विकास विषय पर आउटरीच सत्र को संबोधित किया। साझा समृद्धि पर विचार रखते हुए उन्होंने जी-7 देशों से अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और प्रशांत द्वीप देशों के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए एक कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट इंटरनेशनल मोबिलाइज़ेशन पार्टनरशिप फॉर एक्सेलेरेटिंग कनेक्टिविटी एंड ट्रेड (इम्पेक्ट) बनाने के साथ-साथ विकसित और विकासशील देशों के बीच ग्लोबल स्किल्स पार्टनरशिप बनाने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा कि भारत का साझा वैश्विक समृद्धि में विश्वास केवल शब्दों तक सीमित नहीं है बल्कि यह कार्यों में भी दिखायी देता है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने इस बैठक में उपस्थित अधिकांश देशों के साथ व्यापार समझौते किये हैं। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि भारत विभाजन में नहीं, बल्कि एकीकरण, संरक्षणवाद नहीं, बल्कि भागीदारी और अनिश्चितता नहीं बल्कि साझा समृद्धि में विश्वास रखता है। प्रधानमंत्री ने सदस्य देशों को आश्वस्त किया कि भारत आने वाले समय में भी उनके साथ मिलकर साझा आर्थिक मजबूती के लिए अधिक स्थिर, विश्वसनीय तथा समृद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के निर्माण के लिए कार्य करता रहेगा। श्री मोदी ने कहा कि यह अच्छी बात है कि जी- 7 ने फ्रांस की अध्यक्षता में इस विषय को महत्व दिया है। आज सच्चाई यह है कि जब विकास की बात आती है, तो सवाल जीडीपी या व्यापार के आंकड़ों के बारे में नहीं होना चाहिए। असली सवाल यह है - विकास किसके लिए, किसके साथ और किस दिशा में? प्रधानमंत्री ने कहा कि साझा विकास को आकांक्षाओं से वास्तविकता में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब भारत आगे बढ़ता है, तो वैश्विक आबादी का छठा हिस्सा आगे बढ़ता है। इसलिए भारत की विकास यात्रा पूरी मानवता के लिए समावेश, पैमाने और लोकतांत्रिक सशक्तिकरण की कहानी है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के मूलमंत्र पर आगे बढ़ा है जो हमारे वैश्विक संबंधों का सिद्धांत है।

जी 20 देशों की अध्यक्षता के दौरान भारत ने एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का संदेश पूरे विश्व को दिया जो हमारी सभ्यता की उस भावना का विस्तार था, जो विश्व को एक परिवार मानती है। श्री मोदी ने कहा कि इसी भावना से हमने भारत- पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे यानि आई-मेक, जैसी ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की। यह एशिया, पश्चिम एशिया और यूरोप को जोड़ने वाला रणनीतिक गलियारा है, जो व्यापार को गति देगा, आपूर्ति श्रृंखला को मज़बूत बनाएगा, और साझेदार देशों में निवेश, रोज़गार और नवाचार के नए अवसर पैदा करेगा।

### जर्मन चांसलर मर्ज से मिले पीएम, द्विपक्षीय व वैश्विक महत्व के मुद्दों पर हुई बात




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को फ्रांस के एवियन में जी- 7 शिखर सम्मेलन से इतर जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज़ से मुलाकात की जिसमें दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, हरित और सतत विकास, प्रौद्योगिकी, नवाचार और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और आवागमन संबंधी सुविधाएं मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। श्री मोदी जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए फ्रांस की यात्रा पर हैं। मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि चांसलर मर्ज के साथ उनकी बातचीत सार्थक रही। उन्होंने कहा कि चांसलर मर्ज़ के साथ बातचीत बहुत लाभदायक रही। हमने व्यापार, निवेश, चक्रीय अर्थव्यवस्था, रक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और दूसरे क्षेत्रों में मिलकर काम करके आपसी सहयोग को और मज़बूत करने की संभावनाओं पर चर्चा की। हमने इस बारे में भी बात की कि हम अपने देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को कैसे मज़बूत कर सकते हैं।

### ट्रंप के सामने मोदी ने उठाया भारतीयों की मौत का मुद्दा, होर्मुज घटना पर दिया कड़ा संदेश

फ्रांस के एवियन शहर में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक समुद्री सुरक्षा और होर्मुज स्ट्रेट में भारतीय नागरिकों की मौत का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार से जुड़े नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है और हाल की घटनाओं ने इस आवश्यकता को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट जैसे रणनीतिक समुद्री मार्गों में किसी भी प्रकार की अस्थिरता का असर केवल क्षेत्रीय स्तर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका प्रभाव पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि समुद्री व्यापार में बाधा आने से सप्लाई चेन प्रभावित होती है और अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर इसका सीधा असर दिखाई देता है। साथ ही पीएम मोदी ने उन भारतीय नागरिकों का भी उल्लेख किया जिन्होंने हालिया घटनाओं में अपनी जान गंवाई है। उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर दुनिया को गंभीरता से कदम उठाने होंगे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक साझेदारी पर जोर दिया।

# ड्यूटी के दौरान रील बनाना घोर अनुशासनहीनता : योगी

## मुख्यमंत्री योगी ने उत्तर प्रदेश पुलिस के 930 कम्प्यूटर आपरेटरों को दिया नियुक्ति पत्र

▸ युवाओं के सपनों को नई उड़ान, उनकी योग्यता को अवसर व परिश्रम को सम्मान देने वाली पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया डबल इंजन सरकार की पहचान



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उप्र पुलिस के कम्प्यूटर आपरेटरों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। लोक भवन में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं के सपनों को नई उड़ान, उनकी योग्यता को अवसर और परिश्रम को सम्मान देने वाली पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया डबल इंजन सरकार की पहचान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा निष्पक्ष चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित 930 कंप्यूटर ऑपरेटर (ग्रेड-ए) को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। तकनीक और दक्षता से सशक्त ये युवा उत्तर प्रदेश पुलिस को और अधिक आधुनिक, प्रभावी तथा जनोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी के आईपीएस को आईएएस ऐसा फाइलों में दबाते थे कि फाइलें खुलती ही नही थी, यानी यमराज भी आ जाएं तो आईएएस से फाइल खुलवाना कठिन था। हमने सात जनपदों में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू कर दिया। यह पुलिस रिफॉर्म का पार्ट है। जिनको पुलिस रिफॉर्म की जानकारी नहीं, वो कमिश्नरेट सिस्टम पर अंगुली उठाते हैं। जिनको पुलिसिंग की जानकारी नहीं, वे अंगुली उठाते हैं। ये वो लोग हैं जिनको आम नागरिक की सुविधा व सुरक्षा की चिंता नहीं है। यूपी पुलिस के जवानों को नसीहत देते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हम लोग अक्सर देखते हैं कि ड्यूटी के दौरान लोग रील बनाते रहते हैं। यह अनुशासनहीनता है। उस समय अपने ड्यूटी के प्रति सजग रहना होगा जिसकी जहां ड्यूटी है, वह कार्य करेगा तो परिणाम अपने आप आएगा। उस परिणाम को लाने के लिए उस टीम भाव के साथ हम सबको आगे बढ़ना होगा। इस मौके पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, अपर मुख्य सचिव गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाने वाले चयनित अभ्यर्थियों ने एक स्वर में कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया में उन्हें किसी प्रकार की सिफारिश, पैरवी या अतिरिक्त खर्च की आवश्यकता नहीं पड़ी और केवल अपनी मेहनत के दम पर उन्हें सफलता मिली।

# ईरान-अमेरिका के बीच अंतिम समझौते को लेकर शुक्रवार से बातचीत होगी शुरू : अराघची

**एजेंसी, तेहरान।**

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि युद्ध को समाप्त करने के लिए दोनों पक्षों के एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद शुक्रवार से ईरान और अमेरिका के बीच अंतिम समझौते को लेकर बातचीत शुरू होगी। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना ने यह जानकारी दी है।

श्री अराघची ने तेहरान में विदेशी राजनयिकों के साथ बैठक के दौरान इस शांति समझौते के बारे में विस्तार से बताया। यह समझौता पाकिस्तान की मध्यस्थता से रविवार को ईरान और अमेरिका के बीच तय हुआ था।

ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि एक अंतिम समझौते तक पहुंचने के लिए ईरान और अमेरिका के बीच नए दौर की बातचीत संभवतः शुक्रवार से शुरू होगी, जिसका स्थान अभी तय होना बाकी है। उन्होंने समझाया कि अमेरिका और इजरायल के आपराधिक हमलों के कारण दोनों देशों के बीच समझौता होना काफी मुश्किल हो गया था, इसलिए आखिरकार बातचीत को दो चरणों में बांटने का फैसला किया गया। समाचार एजेंसी के मुताबिक, विदेश मंत्री ने बताया कि पहला चरण युद्ध की समाप्ति, हॉर्मुज जलडमरूमध्य, अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी को हटाने, ईरान की रोकी गई संपत्तियों और युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई जैसे मुद्दों पर सहमति पत्र को अंतिम रूप देने से जुड़ा था। वहीं दूसरे चरण में, परमाणु मुद्दों और ईरान पर लगे प्रतिबंधों को हटाने के लिए अंतिम समझौते पर पहुंचने के लिए 60 दिनों तक बातचीत जारी रहेगी। श्री अराघची ने जोर देकर कहा कि पहले चरण में सबसे महत्वपूर्ण काम युद्ध की समाप्ति की घोषणा है। उन्होंने कहा कि उनके फैसले के मुताबिक, सोमवार सुबह जब समझौता निश्चित हुआ, तभी युद्ध खत्म होने का एलान भी कर दिया गया था लेकिन इस समझौते की आधिकारिक शुरुआत शुक्रवार से होगी। विदेश मंत्री ने कहा कि लेबनान सहित सभी मोर्चों पर युद्ध का तुरंत और स्थायी अंत शायद इस समझौते का सबसे बड़ा मुद्दा है। उन्होंने बताया कि लेबनान में चल रहा युद्ध और दक्षिण लेबनान के खिलाफ इजरायल के हमले, ईरान के खिलाफ चल रहे युद्ध से जुड़ चुके थे और ये दोनों मोर्चे एक-दूसरे पर निर्भर हो गए थे।



# वार्षिक रक्षा उत्पादन अब तक के सर्वाधिक स्तर 1.78 लाख करोड़ रुपये पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत का वार्षिक रक्षा उत्पादन वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर अब तक के सर्वाधिक 1.78 लाख करोड़ रुपये पर पहुँच गया है।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष के 1.54 लाख करोड़ रुपये के उत्पादन की तुलना में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है तथा वित्त वर्ष 2020-21 के 84,643 करोड़ रुपये की तुलना में 110 प्रतिशत की उल्लेखनीय बढ़ोतरी है। स्वदेशी रक्षा उत्पादन वित्त वर्ष 2013-14 के 43,746 करोड़ रु. से लगभग चार गुना बढ़ गया है। रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों तथा अन्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों का कुल उत्पादन में लगभग 76 प्रतिशत योगदान रहा, जबकि निजी क्षेत्र का योगदान 24 प्रतिशत रहा, जो वित्त वर्ष 2024-25 के 22 प्रतिशत बढ़ा है। वित्त वर्ष 2025-26 में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी लगभग 42,000 करोड़ रुपये के साथ अब तक के उच्चतम स्तर पर है, जो रक्षा क्षेत्र में उसकी बढ़ती भूमिका को दर्शाती है। वर्षों के दौरान रक्षा उत्पादन में हुई वृद्धि ने वित्त वर्ष 2025-26 में 38,424 करोड़ रु. के रिकॉर्ड रक्षा निर्यात हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत पहल के अंतर्गत रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार के प्रयासों की बढ़ती गति को प्रतिबिंबित करती है।

### बच्चों में तेजी से बढ़ रहा मायोपिया, चश्मे के नंबर की जांच में लापरवाही से जा सकती है आंखों की रौशनी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मोबाइल पर घंटों बिताने की आदत छोटे बच्चों की आंखों पर को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। जिसकी वजह से बच्चों की दूर की नजर (मायोपिया) कमजोर होती जा रही है। कम उम्र में ही आंखों का नंबर लगातार बढ़ने व भविष्य में रेटिना संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते इसकी पहचान और इलाज न किया जाए तो बच्चे की पढ़ाई, खेलकूद और दैनिक जीवन पर इसका गहरा असर पड़ सकता है। यहां तक कि उनकी आंखों की रौशनी भी जा सकती है। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज की निदेशक और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सरिता बेरी ने बताया कि मोबाइल के लगातार इस्तेमाल से मायोपिया से प्रभावित बच्चों की आंखों का नंबर हर साल औसतन 0.5 से 1 डायोप्टर तक बढ़ सकता है। कुछ बच्चों में यह बढ़ोतरी इससे भी अधिक होती है।

# हेल्पलाइन नंबर 1930 को और मजबूत करेगी सरकार

▸ अमित शाह ने की समीक्षा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



केंद्रीय गृह एवं सहाकारिता मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 की समीक्षा करते हुए इसे और बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में गृह मंत्री ने कहा कि 1930 हेल्पलाइन आज साइबर अपराध, खासकर ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराने का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हेल्पलाइन पर आने वाली किसी भी शिकायत को अनदेखा न किया जाए और हर पीड़ित को समय पर सहायता मिले। अमित शाह ने कहा कि 1930 हेल्पलाइन को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी आधुनिक तकनीकों से लैस किया जाए, ताकि शिकायतें जल्दी दर्ज हों, कॉल सही जगह पहुंचें और लोगों को तेजी से सहायता मिल सके।

सरकार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे 1930 कॉल सेंटरों को भी तकनीकी रूप से मजबूत बनाएगी। इसके लिए बेहतर उपकरण और जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही राज्यों से पर्याप्त कर्मचारियों की व्यवस्था करने को कहा जाएगा, ताकि शिकायतों का समय पर निपटारा हो सके।

इस बैठक में गृह मंत्री ने राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़े 1930 कॉल सेंटर की स्थापना के भी निर्देश दिए हैं। यह केंद्र उन कॉल्स को संभालेगा जो राज्यों के कॉल सेंटरों में नहीं उठ पाती हैं, ताकि कोई भी शिकायत छूट न जाए। बैठक में साइबर वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के लिए बनाई गई नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी रिपोर्टिंग एवं प्रबंधन प्रणाली की भी समीक्षा की गई। यह प्रणाली बैंकों की मदद से ठगी के पैसों को जल्दी रोकने और पीड़ितों को उनकी रकम वापस दिलाने में सहायता करती है।

### रक्षा विनिर्माण, अनुसंधान, नवाचार व क्षमता विकास में सहयोग मजबूत बनाएंगे भारत-थाईलैंड

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत और थाईलैंड ने रक्षा विनिर्माण, अनुसंधान, नवाचार एवं क्षमता विकास में सहयोग को प्रगाढ़ बनाने पर सहमति व्यक्त करते हुए हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता एवं समृद्धि के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि बैंकॉक में मंगलवार को 10वें थाईलैंड-भारत रक्षा संवाद में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के समस्त पहलुओं की समीक्षा की गई तथा पारस्परिक रुचि के क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। संवाद की सह-अध्यक्षता थाईलैंड के रक्षा विभाग के स्थायी उप सचिव एडमिरल नुत्तापोल दीएवनिच तथा भारतीय रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव सत्यजीत मोहंती ने की।

# एक्स डाउन : यूजर्स ने आउटेज की रिपोर्ट की, ऐप व वेबसाइट पर लॉगिन व फीड में आईं दिक्कतें

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) की सर्विस में बुधवार को रुकावट आई। सुबह करीब 8: 30 बजे सर्विस ठप होने की सबसे अधिक शिकायतें मिलीं। आउटेज ट्रैक करने वाले प्लेटफॉर्म डाउनडिटेक्टर के अनुसार, लगभग 40 प्रतिशत यूजर्स ने ऐप में दिक्कतों की शिकायत की, जबकि 29 प्रतिशत ने फीड और टाइमलाइन में समस्याओं की बात कही। वहीं, 18 प्रतिशत यूजर्स ने वेबसाइट पर रुकावटों की सूचना दी। पिछले 24 घंटों में यह दूसरी बार है जब सर्विस में रुकावट आई है।

इससे पहले मंगलवार शाम को भी यूजर्स ने समस्याओं की रिपोर्ट की थी। इससे पहले इस साल मई में प्लेटफॉर्म में भारत समेत दुनिया भर में आउटेज (सेवा में रुकावट) की समस्या आई थी, जिसके कारण यूजर्स न तो नई पोस्ट लोड कर पा रहे थे और न ही अपने अकाउंट में लॉग-इन कर पा रहे थे। हजारों यूजर्स को एक्स के वेबपेज एक्सेस करने में परेशानी हुई, जबकि कई लोगों ने ऐप और लॉग-इन पेज में भी दिक्कतों की शिकायत की। उस आउटेज के दौरान, 41 प्रतिशत यूजर्स ने कहा कि वे लॉग इन नहीं कर पा रहे थे, जबकि उतने ही यूजर्स ने एक्स ऐप में भी दिक्कतों की बात कही। फरवरी में भी एक्स को एक ग्लोबल आउटेज का सामना करना पड़ा था, जिससे भारत, अमेरिका और ब्रिटेन में यूजर्स प्रभावित हुए थे। उस समय, 25,000 से ज्यादा आउटेज रिपोर्ट दर्ज की गई थीं, 53 प्रतिशत ऐप यूजर्स लॉग इन नहीं कर पा रहे थे और 16 प्रतिशत वेबसाइट यूजर्स ने भी दिक्कतों की शिकायत की थी। पिछले साल नवंबर में भारत और दुनिया भर में एक्स के हजारों यूजर्स को सर्विस में रुकावट का सामना करना पड़ा था। साथ ही, उन दूसरी वेबसाइट्स को भी दिक्कतें आईं जो ऑनलाइन रहने के लिए क्लाउडफ्लेयर के इंटरनेट इंफ्रास्ट्रक्चर पर निर्भर हैं।

**जांच** | राम मंदिर चढ़ावा गबन विवाद, कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त

# एसआईटी ने चंपत राय व गोपाल राव से की पूछताछ

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



अयोध्या स्थित राम मंदिर के दानपात्रों से धनराशि में कथित गड़बड़ी के मामले की जांच अब तेज हो गई है। जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) लगातार दूसरे दिन अयोध्या में सक्रिय रहा और मंदिर ट्रस्ट से जुड़े कई जिम्मेदार लोगों से पूछताछ की। एसआईटी ने न केवल नकदी की गणना करने वाले कर्मचारियों से जानकारी ली, बल्कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और व्यवस्थापक गोपाल राव से भी अलग-अलग सवाल किए।

जांच दल ने दान की रकम, उसकी सुरक्षा व्यवस्था और धनराशि के प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी जुटाई। जांच दल का नेतृत्व लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत कर रहे हैं। उनके साथ लखनऊ के आईजी किरण एस. और वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरतन कुमार भी शामिल हैं। अधिकारियों ने अलग-अलग स्तर पर पूछताछ की और मंदिर परिसर के विभिन्न रिकॉर्ड की जांच की। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों को पूछताछ से दूर रखा गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, लेखा-जोखा और अन्य दस्तावेजों को अपने कब्जे में लिया तथा दानपात्रों का भौतिक निरीक्षण भी किया। जांच के दौरान बताया गया कि दानपात्रों से प्राप्त नकदी की गणना में ट्रस्ट, भारतीय स्टेट बैंक और कलेक्शन एजेंसी से जुड़े लगभग 40 कर्मचारी शामिल होते हैं। ये कर्मचारी दो शिफ्टों में काम करते हैं। कलेक्शन एजेंसी का काम केवल दानपात्रों से नकदी निकालकर उसे यात्री सुविधा केंद्र के सुरक्षित कक्ष तक पहुंचाना होता है। बैंक के कर्मचारी निगरानी करते हैं, जबकि नोटों की गिनती और बंडलिंग का काम ट्रस्ट के कर्मचारी ही करते हैं। एसआईटी प्रमुख विजय विश्वास पंत ने रामलला के गर्भगृह के सामने स्थित उस कक्ष का भी निरीक्षण किया, जहां भक्तों द्वारा चढ़ाए गए आभूषण और अन्य बहुमूल्य धातुएं रखी जाती हैं।

### अयोध्या के बाद अब मथुरा में घोटाला

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के एक सदस्य ने मथुरा स्थित मंदिर में दान के प्रबंधन में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से (सीबीआई) जांच कराने की मांग की और दावा किया कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान से जुड़े कथित गबन जैसी स्थिति यहां भी हो सकते हैं। ये आरोप ऐसे समय सामने आए हैं, जब अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में दान के कथित गबन के मामले में तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) जांच कर रहा है।

# आज नया भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है : कमलेश मिश्रा

- सेवा, सुशासन के सफल 12 वर्ष, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का हुआ आयोजन
- सम्मेलन में क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा व सांसद डॉ. आनंद गौड़ हुए शामिल



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

सेवा, सुशासन के सफल 12 वर्ष, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन हुआ।भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय की अध्यक्षता में उत्थान ऑडिटोरियम हॉल कपूरथला में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कमलेश मिश्रा व विशिष्ट अतिथि सांसद डॉ आनंद गौड़ शामिल हुए। जिले मे 12 साल विश्वास के विकास के जनकल्याण के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय की अध्यक्षता में उत्थान ऑडिटोरियम हॉल कपूरथला में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कमलेश मिश्रा व विशिष्ट अतिथि सांसद डॉ आनंद गौड़ शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम स्टाल का फीता खोल कर सभी स्टाल व प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम के साथ किया गया। जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश 12 साल में ऐतिहासिक निर्णय के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण कार्य किये है उन्होंने कहा कि सशक्त मध्यम वर्ग, मजबूत भारत और हर परिवार के उज्ज्वल भविष्य के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निरंतर जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। जिससे देश में विश्वास और विकास का नया माहौल बना है। विशिष्ट अतिथि सांसद आनंद गौड़ ने कहा भारत ने आत्मविश्वास, सुशासन और सांस्कृतिक गौरव का नया अध्याय लिखा है। उन्होंने कहा कि आज नया भारत वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है और राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास तथा अंतराष्ट्रीय प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है।

इस अवसर पर विधायक रामनिवास वर्मा, पूर्व विधायक दिलीप वर्मा, राम अंचल सेंगर, पूर्व विधायक प्रत्याशी गौरव वर्मा, विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष संचित सिंह, जिला अध्यक्ष उ0 प्र0 व्यापार मंडल कुल भूषण अरोड़ा, व्यापारी विनोद अग्रवाल, जिला महामंत्री सुनील श्रीवास्तव, सुबेद वर्मा संचालन जिला महामंत्री रणविजय सिंह ने किया।

## अनियंत्रित डंपर नाई की दुकान में घुसा, बाल-बाल बचा दुकानदार

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र अंतर्गत गोंडा-बहराइच हाईवे स्थित पुरैना तिराहे पर बुधवार को एक डंपर ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित नाई की दुकान में जा घुसा। हादसे में दुकान क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि दुकानदार को मामूली चोटें आई हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर गोंडा की ओर से बहराइच की तरफ आ रहा था। पुरैना तिराहे के पास चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा।

# खोए मोबाइल लौटे तो खिल उठे चेहरे

- विशेश्वरगंज पुलिस ने 10 लोगों को सौंपे फोन

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



मोबाइल गुम होने से परेशान 10 लोगों के चेहरे उस समय खुशी से खिल उठे, जब विशेश्वरगंज पुलिस ने उनके खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें वापस सौंप दिए। पुलिस की इस पहल की क्षेत्र में सराहना हो रही है। थाना विशेश्वरगंज पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल और तकनीकी सर्विलांस की मदद से विभिन्न स्थानों से 10 मोबाइल फोन बरामद किए। बरामद मोबाइलों में रियलमी, ओप्पो, वीवो, रेडमी और सैमसंग कंपनियों के फोन शामिल हैं। आवश्यक सत्यापन के बाद पुलिस ने मोबाइल उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिए।

मोबाइल प्राप्त करने वालों में नानबच्चा, हिमांशु तिवारी, नन्नू सिंह, करण सोनी, राम किशुन, शिवराम त्रिपाठी, महेश कुमार, ननके प्रसाद, राम सिंह और बृजेश कुमार शामिल रहे। कई लोगों ने बताया कि उन्हें मोबाइल मिलने की उम्मीद लगभग खत्म हो चुकी थी, लेकिन पुलिस के प्रयासों से उनका कीमती फोन वापस मिल गया।

# दवाओं के साथ 'पोषण पोटली' बनी टीबी मरीजों का संबल



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग ने अब दवाओं के साथ पोषण को भी उपचार का महत्वपूर्ण आधार बनाया है। जिला टीबी अस्पताल की ओपीडी में ऐसे मरीजों को जिनका वजन और बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) सामान्य से काफी कम पाया जा रहा है उन्हें दवाओं के साथ पोषण पोटली भी उपलब्ध कराई जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर और कुपोषित टीबी मरीजों के लिए यह पहल उम्मीद का नया सहारा बन रही है। सीएमओ डॉ. संजय कुमार और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा की पहल पर 1 जून 2026 से यह अभियान शुरू किया गया है। विशेष बात यह है कि दोनों अधिकारी अपने निजी सहयोग से इन पोटलियों की व्यवस्था कर रहे हैं। शुरुआती 15 दिनों में 25 जरूरतमंद मरीजों तक यह सहायता पहुंचाई जा चुकी है।

**पोटली में क्या है खास?**

करीब एक माह तक चलने वाली इस पोषण पोटली को तैयार करने में लगभग 500 रुपये का खर्च आता है। इसमें मूंगफली, भुना चना, सोयाबीन बड़ी और गुड़ जैसी प्रोटीन एवं ऊर्जा से भरपूर सामग्री शामिल की गई है। यह सामग्री मरीजों के गिरते वजन को नियंत्रित करने, शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा देने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में सहायक है।

**दवा न छोड़ने की अनूठी व्यवस्था**

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने बताया कि मरीज को अगली पोटली एक माह बाद अस्पताल आने पर ही दी जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### बढ़ती महंगाई के खिलाफ सपा कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन रईस अहमद के नेतृत्व में निकाली गई पदयात्रा



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव वरिष्ठ नेता एवं गौरा विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ता रईस अहमद उर्फ बाब्बू प्रधान के नेतृत्व में मंगलवार को बढ़ती महंगाई, किसानों की समस्याओं तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर एक विशाल पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा उनके आवास रेडवालिया से शुरू होकर गौरा चौकी बाजार तक पहुंची, जहां बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ता हाथों में तख्तियां लिए हुए तथा सिर पर यूरिया खाद की बोरी रखकर सरकार की नीतियों के विरोध में नारेबाजी करते नजर आए। प्रदर्शनकारियों ने बढ़ती महंगाई, खाद की कमी, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। इसके बाद रईस अहमद कार्यकर्ताओं संग मनकापुर तहसीलदार सुभद्रा प्रसाद को महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में जनहित से जुड़ी दस प्रमुख मांगें उठाई गईं। ज्ञापन में बिजली दरों में कमी, रसोई गैस सिलेंडर की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा गैस की कीमतों में कमी, पेट्रोल-डीजल के बढ़े हुए दाम वापस लेने और किसानों को समय से खाद एवं उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके अलावा छपिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा बभनजोत (बुक्कनपुर) सीएचसी में 100 बेड की सुविधा उपलब्ध कराने, हृदय रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ सहित अन्य चिकित्सकों की नियुक्ति करने की मांग भी रखी गई। कार्यकर्ताओं ने विकास खंड छपिया और बभनजोत में अग्निशमन केंद्र स्थापित करने की भी मांग की। ज्ञापन में छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे पेपर लीक जैसे मामलों पर रोक लगाने तथा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर दर्ज किए जा रहे कथित फर्जी मुकदमों और पुलिस उत्पीड़न को बंद करने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। रईस अहमद उर्फ बब्बू प्रधान ने कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी और मूलभूत सुविधाओं के अभाव से परेशान है। यदि सरकार जल्द ही इन समस्याओं का समाधान नहीं करती है तो समाजवादी पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन को और तेज करेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष राम जीत निसाद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहन लाल यादव जिला सचिव अशोक यादव जिला पंचायत सदस्य अनुराग पटेल राष्ट्रीय सचिव लोहिया वहिनी विजय यादव प्रदेश सचिव महेश यादव प्रदेश सचिव राहुल यादव राम जीत निडर निडर जिला सचिव युजन सभा महेश वर्मा लोहिया वाहनी ,नरेंदर यादव, प्रतिभा यादव महिला सभा विधानसभा अध्यक्ष वीडियो पदाधिकारी रामकिशन पासवान विधान अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, मुलायम सिंह यादव राजकुमार यादव सलमान खान वहीदुल्ला खान राजकुमार प्रजापति गोलू प्रजापति जमाल अरशद वलीउल्लाह नियाज अहमद संतोष यादव पिछड़ा परकोष्ठ राजकुमार गौतम मुन्ना लाल चौहान अमृत नाथ विधानसभा अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव विधानसभा अध्यक्ष युजन सभा दिलीप वर्मा सरवन वर्मा आशुतोष वर्मा अमरनाथ गौतम जय नाथ भारती उपस्थित रहे।

### मनकापुर में सड़क हादसा, व्यवसायी की मौत

**गोंडा/मनकापुर।** कस्बा मनकापुर निवासी 63 वर्षीय प्रतिष्ठित व्यवसायी और महिला महाविद्यालय के प्रबंधक स्वर्ण पाल सिंह उर्फ कोके सरदार की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह बीती रात करीब 10 बजे गोंडा से मनकापुर लौट रहे थे। इसी दौरान मनकापुर-मोतीगंज मार्ग पर जोगापुर गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्वर्ण पाल सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बृजभूषण सिंह को धमकी देने वाला मानसिक रूप से बीमार निकला, गोंडा पुलिस ने परिजनों को दी हिदायत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह और उनके विधायक पुत्र प्रतीक भूषण सिंह को जान से मारने की धमकी देने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। गोंडा पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी संदीप शर्मा मानसिक रूप से विक्षिप्त है और जयपुर में उसका इलाज चल रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गोंडा पुलिस की टीम राजस्थान के जयपुर पहुंची। जयपुर पुलिस के सहयोग से मंडावर इलाके में छापेमारी कर आरोपी संदीप शर्मा को ट्रैक किया गया।

## करोड़ों के दावों के बीच गड्ढों में दफन विकास

# परवानी गौढ़ी रोड ने खोली आदर्श नगर पंचायत की हकीकत



**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकास के नाम पर वाहवाही लूटने वालों के दावों की परतें अब परवानी गौढ़ी रोड की टूटी हुई सड़क पर बिखरी दिखाई दे रही हैं। वार्ड संख्या 13 और 14 के बीच स्थित यह सड़क आज नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर ऐसा सवाल बनकर खड़ी है, जिसका जवाब देने से जिम्मेदार बचते नजर आ रहे हैं। हाईवे से बाजार, सीएचसी, रेलवे स्टेशन और नगर के प्रमुख हिस्सों को जोड़ने वाला यह मार्ग बदहाली की ऐसी तस्वीर पेश कर रहा है, जिसे देखकर कोई भी पूछ सकता है कि आखिर करोड़ों रुपये के विकास कार्यों का लाभ जनता तक क्यों नहीं पहुंचा? सड़क पर गड्ढे इतने गहरे हैं कि राहगीरों का कहना है कि बरसात में सड़क और तालाब में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है। उनका आरोप है कि विकास के नाम पर घोषणाएं खूब हुईं, लेकिन जमीनी हकीकत आज भी बदहाल है। जनता सवाल उठा रही है कि जब नगर पंचायत को विकास के लिए भारी बजट मिला, तो नगर की सबसे महत्वपूर्ण सड़कों में शामिल परवानी गौढ़ी रोड को उसकी हालत पर क्यों छोड़ दिया गया? क्षेत्रवासियों का कहना है कि आदर्श नगर पंचायत का तमगा तो मिल गया, लेकिन आदर्श सुविधाएं आज भी लोगों के लिए सपना बनी हुई हैं। नगर की जीवनरेखा मानी जाने वाली सड़क आज गड्ढों, कीचड़ और जलभराव की गिरफ्त में है। रोजाना हजारों लोग और स्कूली बच्चे इसी रास्ते से गुजरते हैं, लेकिन व्यवस्था की संवेदनहीनता पर कोई असर नहीं पड़ रहा। जनता के बीच यह चर्चा भी तेज है कि विकास की चमक मंचों और बैनरों तक सीमित रह गई, जबकि आम आदमी को बदहाल सड़कों पर संघर्ष करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि यही हाल रहा तो विकास के दावे जनता के बीच भरोसे का नहीं, बल्कि सवालों का विषय बनते जाएंगे।

**जनता का सीधा हमला**

'सड़कें टूटी हैं, लेकिन दावे चमक रहे हैं। 'जनता गड्ढों में है और विकास फाइलों में। 'करोड़ों का बजट आया, लेकिन सड़क आज भी बदहाल क्यों?' क्या जनता की तकलीफें सिर्फ चुनावी भाषणों का मुद्दा बनकर रह जाएंगी? '

**जनता की मांग**

परवानी गौढ़ी रोड का तत्काल निर्माण शुरू किया जाए। सड़क की बदहाली के लिए जिम्मेदार विभागों से जवाब लिया जाए। विकास कार्यों और खर्च किए गए बजट का सार्वजनिक विवरण जारी किया जाए। नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए युद्धस्तर पर कार्य कराया जाए। परवानी गौढ़ी रोड आज सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि व्यवस्था के सामने खड़ा वह सवाल है, जिसका जवाब जनता अब शब्दों में नहीं, जमीन पर काम के रूप में चाहती है।

## किसान पर तेंदुए ने किया हमला, घायल

**पेट और हाथ में गंभीर चोटें, खेत में काम कर रह था किसान**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट वन क्षेत्र से सटे गांवों में तेंदुओं की बढ़ती गतिविधियों के बीच बुधवार सुबह एक किसान पर तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई है और ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। मोतीपुर वन रेंज के ग्राम पंचायत चंदनपुर निवासी झनकू बुधवार सुबह अपने खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने अचानक पीछे से उन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से किसान संभल नहीं सका और तेंदुए के पंजों व दांतों से घायल हो गया। हमले में झनकू के पेट, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों पर गहरे घाव आए हैं। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों को आता देख तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। इसके बाद परिजन और ग्रामीण घायल किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर ले गए, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिछले कुछ समय से तेंदुए की मौजूदगी देखी जा रही थी, लेकिन इसे लेकर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। लोगों ने वन विभाग से प्रभावित क्षेत्र में पिंजरा लगाने, गश्त बढ़ाने और तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है।

# बहराइच को जाम से मिली बड़ी राहत

- 40 करोड़ की लागत से बना ओवर ब्रिज जनता को समर्पित
- सांसद ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को किया रवाना
- ओवर ब्रिज बनने से आम जनता के साथ व्यापारियों को मिलेगा फायदा

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



बहराइच-गोंडा राज्यमार्ग पर लंबे समय से जाम की समस्या झेल रहे लोगों को अब बड़ी राहत मिल गई है। रेलवे क्रॉसिंग संख्या 40 स्पेशल पर 40 करोड़ की लागत से बना बहुप्रतीक्षित ओवर ब्रिज अब आवागमन के लिए खुल गया है। भाजपा सांसद आनंद गोंड ने पूजा अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर पुल पर वाहनों को रवाना किया। सांसद ने बताया कि इस क्रॉसिंग पर भारी आवाजाही के कारण रोज जाम लगता था। जनता की समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ढाई साल पहले ओवर ब्रिज का काम शुरू हुआ था। 40 करोड़ की लागत से तैयार यह ब्रिज आज जनता को समर्पित कर दिया गया। इसके बनने से आम लोगों के साथ व्यापारियों को भी सीधा फायदा मिलेगा। सांसद ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार बनने के बाद बहराइच लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत से बना यह ओवरब्रिज पिछले तीन साल से निर्माणाधीन था और अब इसे जनता के लिए खोल दिया गया है। इस ओवरब्रिज के शुरू होने से रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले घंटों लंबे जाम से लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। बहराइच के साथ-साथ श्रावस्ती और बलरामपुर जनपदों के लोगों का आवागमन भी अब सुगम हो जाएगा। यह पुल अयोध्या से नेपाल जाने वाले यात्रियों और मालवाहक वाहनों के लिए भी सीधा लाभप्रद होगा। बहराइच से रूपईडीहा बॉर्डर होकर नेपाल जाने वाला यह मार्ग एक महत्वपूर्ण व्यापारिक और यात्रा गलियारा है।

# पेट्रोल पंप से 95 हजार रुपए चोरी, चोर फरार

- घटना सीसीटीवी में कैद, केबिन में घुसकर वारदात को दिया अंजाम

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



नानपारा कोतवाली क्षेत्र में स्थित आलोक ट्रेडिंग कंपनी के पेट्रोल पंप से दिनदहाड़े 95 हजार रुपए की नकदी चोरी हो गई। दो शातिर चोरों ने पेट्रोल पंप के केबिन में घुसकर इस वारदात को अंजाम दिया। यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई, लेकिन पेट्रोल पंप कर्मचारियों को इसकी जानकारी दोपहर 2 बजे, यानी तीन घंटे बाद मिली। चोरी की पूरी वारदात पेट्रोल पंप के केबिन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। घटना के समय पेट्रोल पंप कर्मचारी हरपाल तेल बिक्री के बाद स्टाफ का कैश केबिन के अंदर गिन रहा था। इसी दौरान दो अज्ञात युवक सामान्य तरीके से केबिन में घुस गए। केबिन के दरवाजे पर 'अनाधिकृत प्रवेश निषेध' का बोर्ड लगा होने के बावजूद उन्हें किसी ने नहीं रोका। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि दोनों संदिग्ध केबिन के भीतर आराम से घूम रहे थे। उन्होंने इसी सहजता का फायदा उठाकर टेबल पर रखी 95 हजार रुपये की नकदी उठाई और तुरंत मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि क्षेत्र के कई अन्य सीसीटीवी कैमरों में भी संदिग्धों की तस्वीरें कैद हुई हैं।

## कुपोषण के चलते हो रही है गायों की मौतः राजेश सिंह सेंगर

- 2017 से पहले गौवंश बूचड़खाने की होती थी शिकार



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जिले में संचालित गौशालाओं की हकीक़त परखने निकले गौसेवा आयोग के सदस्य ने गौवंशों की हो रही मौतों को लेकर एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने गौवंशों की मौत का जिम्मेदार उनमें कुपोषण का होना बताया। बुधवार को जिले के तहसील सभागार में पहुंचे गौसेवा आयोग के सदस्य राजेश सिंह सेंगर ने गौशालाओं के केयर टेकरो के साथ बैठक कर जिले के गौशालाओं के हालातों के बारे में जानकारी लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने गौवंशों को लेकर गंभीर बनी हुई है। गौशालाओं में गौवंशों की देखरेख के लिए प्रदेश सरकार बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि 2017 से पहले की सरकारों ने गौवंशों को बूचड़खाने पहुंचाने का कार्य करती थी। लेकिन योगी आदित्यनाथ की सरकार ने गौवंशों की बेहतरी के लिए प्रत्येक गौवंशों के लिए 50 रुपए खुराक दे रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने चारागाह की भूमि को प्रदेश के सभी जिला प्रशासन को निर्देश दिए हुए हैं कि उसे खाली कराकर वहां गौवंशों के लिए एक बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## एबीवीपी अवध प्रांत का अभ्यास वर्ग 13 से 16 जून रायबरेली में हुआ संपन्न

- आशुतोष मिश्रा बने जिला संयोजक बहराइच

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अवध प्रांत का अभ्यास वर्ग 13 से 16 जून रायबरेली में संपन्न हुआ।

प्रांत अध्यक्ष डॉ नीतू सिंह ने बहराइच के दायित्वों की घोषणा की। प्रांत संयोजक जनजातीय कार्य आदर्श शुक्ला ने बताया की प्रांत अभ्यास वर्ग में जिले की संघात्मक संरचना में बदलाव करते हुए नानपारा को जिला घोषित किया गया।

अंकुल राठौर को पुनः श्रावस्ती विभाग संगठन मंत्री, डॉ अंजनी शुक्ला को पुनः विभाग प्रमुख, खुशबू शर्मा को पुनः विभाग छात्रा प्रमुख, आकाश पांडे को जिला संगठन मंत्री बहराइच ,डॉ किशुन वीर को बहराइच जिले का जिला प्रमुख, आशुतोष मिश्रा को जिला संयोजक बहराइच, पीहू निषाद को जिला छात्रा प्रमुख बहराइच, संघात्मक जिला नानपारा से जिला प्रमुख नानपारा दयाशंकर जायसवाल, जिला संयोजक नानपारा अनुष्का सिंह , जिला छात्रा प्रमुख नानपारा नैंसी कुमारी को दायित्व सौंपा गया। मयंक अग्रवाल ,देवाशीष सिंह पूर्णकालिक जीवन में प्रवेश किए संगठन की योजना से काम करेंगे।

नवीन घोषणा पर प्रांत कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्र सिंह, निशांत मिश्रा, विभाग कार्यालय मंत्री हरीश, नगर अध्यक्ष डेविड पांडे, डॉ अमृता मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया।

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को भव्य रूप से आयोजित करने की तैयारियां तेज

- जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद में आगामी 21 जून, 2026 को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को जनपद में भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में योग दिवस के सफल आयोजन हेतु व्यापक तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने विभागों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली एवं भारतीय संस्कृति के वैश्विक संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद मुख्यालय पुलिस लाइन गोण्डा सहित सभी तहसील मुख्यालयों, ब्लॉक मुख्यालयों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम पूरी गरिमा एवं भव्यता के साथ आयोजित किए जाएं। इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण कर ली जाएं ताकि कार्यक्रम में किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक के दौरान आयोजन स्थलों पर स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा सहायता, सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, बैठने की व्यवस्था तथा योगाभ्यास के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही अधिकाधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से आपसी समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग दिवस के आयोजन में किसी प्रकार की लापरवाही कदापि न की जाएगी। उन्होंने स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों एवं आमजन से भी इस महत्वपूर्ण आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की। बैठक में विधायक गोण्डा सदर प्रतीक भूषण सिंह, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, सांसद गोण्डा एवं केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री प्रतिनिधि रमाशंकर मिश्र, सांसद कैसरगंज प्रतिनिधि संजीव सिंह, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ. अनिल तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि करनैलगंज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-460/ई.ई.-3/2026-27 दिनांक- 17.06.2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 24.06.2026 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किए जाते है। निविदा प्रपत्र दिनांक 24.06.2026 को समय 01:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुयी सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायंकाल खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/ आपूर्ति का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Repairing & Dainting Painting of Ekta Park Ravindra Garden T.w No. 01 at aliganj | 2500.00 | 200+18% GST=236 | 07 दिवस |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्यदिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ**

# बच्चों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं : संदीप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



- बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर फोकस
- पीएम पोषण व्यवस्था दुरुस्त करने में जुटी यूपी सरकार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षित भविष्य को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

इसी दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 25 जून से विद्यालय खुलने से पहले प्रदेशभर में पीएम पोषण मध्याह्न भोजन योजना की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक कार्ययोजना लागू की जा रही है, ताकि विद्यालयों में बच्चों को पहले ही दिन से गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित और पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो, इसके लिए खाद्यान्न की उपलब्धता से लेकर रसोईघर की स्वच्छता, पेयजल, अग्नि सुरक्षा और भोजन निर्माण से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। इस संबंध में मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश के निदेशक प्रेम रंजन सिंह ने सभी जनपदों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि प्रदेश के हर बच्चे को विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ पौष्टिक और सुरक्षित भोजन मिले। पीएम पोषण योजना बच्चों के शारीरिक, मानसिक विकास का आधार है। विद्यालय खुलने से पहले खाद्यान्न की गुणवत्ता, रसोई की स्वच्छता, अग्नि सुरक्षा, पेयजल और किचन गार्डन की सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं।

### बच्चों के स्वास्थ्य व पोषण से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

संदीप सिंह ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पहले दिन से ही बच्चों को निर्धारित मेन्यू के अनुसार गर्म, ताजा और पौष्टिक भोजन मिले। तिथि भोजन और किचन गार्डन के माध्यम से सामुदायिक सहभागिता बढ़ाकर योजना को और प्रभावी बनाया जाए। विद्यालयों में निर्धारित मेन्यू के अनुरूप मध्याह्न भोजन तैयार करने के लिए आवश्यक खाद्यान्न, दाल, सब्जियां, तेल, आयोडाइज्ड नमक, मसाले तथा अन्य आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता और उनकी एक्सपायरी तिथि की जांच भी अनिवार्य रूप से की जाएगी। खाद्यान्न और अन्य सामग्री के सुरक्षित भंडारण तथा सुव्यवस्थित रख-रखाव के निर्देश भी दिए गए हैं। भोजन पकाने और परोसने के स्थानों की नियमित साफ-सफाई की जाए। रसोईघरों के भीतर और बाहर जालों की सफाई, परिसर में उगी घास की कटाई तथा भोजन निर्माण क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखने की व्यवस्था की जाए। विद्यालयों में स्थापित हैंडपंप और पेयजल इकाइयों के आसपास भी विशेष सफाई रखने तथा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। भोजन निर्माण प्रक्रिया की सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए सभी विद्यालयों में अग्निशमन यंत्रों की उपलब्धता और उनकी कार्यशील स्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। रसोइयों को अग्निशमन उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। गैस सिलेंडर आधारित चूल्हों, रेगुलेटर, बर्नर और अन्य उपकरणों की नियमित जांच कर खराब उपकरणों को तत्काल बदलने के निर्देश भी जारी किए गए हैं।

# मोदी सरकार के विश्वास, विकास, जनकल्याण पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का आयोजन

- मोदी सरकार की 12 वर्षों की विकासयात्रा पर केन्द्रित प्रदर्शनी का आईजीपी में भव्य शुभारम्भ

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



मोदी सरकार के बारह वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जन-जन को परिचित कराने के उद्देश्य से एक विभागीय प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया।

17 से 20 जून तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का आयोजन राजधानी के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के नेपच्यून हाल में किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रदेश के वित मंत्री एवं प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। इस अवसर पर महापौर लखनऊ सुषमा खर्कवाल, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, रामचन्द्र प्रधान, विधायक डॉ. नीरज वोरा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। मोदी सरकार के विकास, विश्वास तथा जनकल्याण विषय पर आधारित इस प्रदर्शनी में डीआडीओ ब्रहमोस, लखनऊ मेट्रो, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण पुलिस विभाग, एलडीए, यूपीडा, नगर निगम ग्राम्य विकास, पर्यटन विभाग मण्डी परिषद् सहित कुल 53 विभागों ने अपने-अपपने स्टाल लगाकर प्रदेश सरकार की विकासोन्मुखी व जनकल्याण की योजनओं को आमतन तक पंहुचाने का प्रयास कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ में मिट्टी के कारोबार को लेकर चल रहे विवाद में चली गोली, दो हिरासत में

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में फायरिंग और तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में दो आरोपितों को हिरासत में लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। सुशांत गोल्फ सिटी थाना प्रभारी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि बरौना गांव में मंगलवार को विवेक सिंह के घर पर विपक्षी अभिषेक शर्मा ने अपने कुछ अन्य व्यक्तियों के साथ घर में पथराव और फायरिंग की गई। इस प्रकरण में विवेक सिंह की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर अभिषेक शर्मा, दुर्गेश कुमार तथा अन्य अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया है। जांच में यह प्रकाश में आया कि दोनों पक्ष ईंट-भट्टे पर मिट्टी के कार्य से जुड़े हुए हैं तथा इसी कार्य को लेकर उनके मध्य विवाद चल रहा है। घटनास्थल से पुलिस को कारतूस के खोखे बरामद किया हैं। पुलिस ग्राम सेवई निवासी अभिषेक और ग्राम सभाखेडा निवासी दुर्गेश को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना में प्रयुक्त चार पहिया वाहन बरामद कर लिया है। इस प्रकरण में अन्य अज्ञात अभियुक्तों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया हैं।

### आर्थिक तंगी से परेशान कारोबारी ने की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के कृष्णा नगर इलाके में कर्ज और आर्थिक तंगी से परेशान एक कारोबारी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह घर में उनका शव सीढ़ियों की रेलिंग से लटका मिला। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, मृतक राकेश दुबे (52) कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के महादेव नगर, कनौसी में परिवार के साथ रहते थे। मूल रूप से सुल्तानपुर जिले के सिमरी गांव निवासी राकेश बिजनेस कंसल्टेंसी का काम करते थे। परिजनों ने बताया कि कोरोना काल के दौरान उनके कारोबार को बड़ा नुकसान हुआ था। कारोबार संभालने के लिए उन्होंने कर्ज लिया था, लेकिन आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती चली गई।बताया जा रहा है कि पिछले काफी समय से वह कर्ज और आर्थिक दबाव को लेकर मानसिक तनाव में थे। बुधवार सुबह उन्होंने घर की सीढ़ियों की रेलिंग पर रस्सी बांधकर फंदा लगा लिया। सुबह करीब 6.40 बजे उनकी पत्नी सुमन दुबे की नजर उन पर पड़ी तो चीख-पुकार मच गई। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। परिजनों का कहना है कि आर्थिक संकट के साथ-साथ राकेश को चलने-फिरने में भी दिक्कत रहती थी, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई थी। परिवार के मुताबिक वह लंबे समय से तनाव में थे और अक्सर आर्थिक हालात को लेकर चिंतित रहते थे। राकेश के घर में पत्नी और दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी शिवानी दुबे एक निजी अस्पताल में केयर टेकर के रूप में कार्यरत हैं, जबकि छोटी बेटी प्रिया दुबे नौवीं कक्षा की छात्रा है। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। कृष्णा नगर पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की जांच की जा रही है।

### मॉर्निंग वॉक से लौटे युवक ने की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के सआदतगंज थाना क्षेत्र के यासीनगंज इलाके में बुधवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। यासीनगंज स्थित बड़ी शाही मस्जिद के निकट रहने वाले 31 वर्षीय विनीश यादव सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। परिजनों के मुताबिक, वह घर लौटने के बाद सीधे ऊपर स्थित कमरे में चले गए। कुछ देर बाद जब परिवार के लोगों ने उन्हें देखा तो वह फंदे से लटके मिले। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। डायल-112 के माध्यम से सूचना मिलने पर सआदतगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव के पंचायतनामा की कार्रवाई शुरू कर दी। परिजनों ने पुलिस को बताया कि युवक सुबह सामान्य रूप से मॉर्निंग वॉक पर गया था और वापस आने के बाद उसने यह कदम उठा लिया। फिलहाल परिवार की ओर से किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अभी तक आत्महत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस परिजनों और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है।

### मेरठ में 800 करोड़ से बनेगा ज्वैलरी पार्क

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** योगी सरकार ने मेरठ के सर्राफा कारोबार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए ज्वेलरी पार्क बनाने का निर्णय लिया है। 800 करोड़ रुपये से यह पार्क बनाया जाएगा। इसके निर्माण का दायित्व मेरठ विकास प्राधिकरण एमडीए को सौंपा गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बुधवार को पीएल शर्मा मैदान के निकट स्थित एक सभागार में इसका माडल कारोबारियों के समक्ष पेश किया। वेदव्यासपुरी में बनने वाले इस पार्क की विशेषता इसका वास्तुशिल्प होगी। पार्क मुकुट की आकृति का होगा जिसका प्रवेश द्वार झुमके की तरह रखा गया है। इस ज्वेलरी पार्क में आभूषण कारोबार से जुड़ी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। प्राधिकरण की ओर से वेदव्यास पुरी में लगभग 36 हजार वर्गमीटर जमीन पर ज्वलैरी पार्क का निर्माण होगा। पार्क में शोरूम, थोक व्यापार केंद्र, कारीगर कार्यशालाएं, उत्पादन इकाइयां, प्रदर्शनी स्थल, बैंकिंग सुविधाएं और साझा सेवा केंद्र विकसित किए जाएंगे।

# भाजपा को गोरखपुर में घेरकर चुनाव परिणाम बदलने का है संकल्प : अखिलेश यादव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



गोरखपुर में इस बार हम लोगों ने चुनाव परिणाम बदलने के लिए संकल्प लिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को घेर कर जीरो करने का काम हम लोग करेंगे। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर में 500 प्राइमरी स्कूल लगभग बंद कर दिये हैं। 1500 लोगों की सरकारी नौकरी सीधे-सीधे मुख्यमंत्री ने छीन ली। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी की ओर से ऑडिट 2 के तहत राम नगरी में गोरखधंधा बुकलेट जारी करते हुए कही। अखिलेश यादव बुधवार को राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि ये पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के लोगों को पढ़ाना नहीं चाहते, जिससे वो आगे न बढ़ पाए, समाज में सम्मान न पा पाए। जब अपना ही घर नहीं संभाल पा रहे प्रदेश तो बस डग्गामार की तरह चल रहा है।

अखिलेश यादव ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर में दान की रकम को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि हम सभी साधु-संतों का सम्मान करते हैं। हमारा धर्म का जो रास्ता है वो सत्य और दूसरों को सम्मान देने का रास्ता है इसीलिए पीडीए में प्रेम, दया, अपनापन भी है। उन्होंने कहा कि जैसा प्रभु राम बताएँगे उस रास्ते हम लोग चलेंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि सीसीटीवी से सीसी (चंदा चोरी) का राज़ खुल जाएगा।

योगी सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर के पार्टी टूटने वाले दावे के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि जो डर जाएगा वो अपना दल छोड़कर चला जाएगा। अगर बीजेपी से मुकाबला करना है तो बहादुर लोगों की टीम होनी चाहिए। हालांकि यूपी में तो भाजपा के ही विधायक पाला बदलने के लिए तैयार हैं।

### टीएमसी जैसा होने वाला है सपा का हश्र : केशव



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। कानपुर में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज कानपुर पहुंचे।उन्होंने मीडिया से वार्ता करते हुए विपक्ष पर सीधे हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि कोई विपक्षी दल नुकसान नहीं पहुंचा सकता। बीजेपी वर्तमान में है और भविष्य में भी रहेगी। बोले,राम मंदिर की जांच चल रही है। दोषियों पर हनुमान जी की गदा चलेगी। टीएमसी का जो हश्र हुआ है, वही सपा का होने वाला है। प्रधानमंत्री ने जो कहा वह हुआ, 12 वर्ष में जितना विकास देश का हुआ है, वह कांग्रेस 120 साल में भी नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री ने 33 फीसदी महिलाओं को आरक्षण देने की शपथ खाई है, उसे पूरा करेंगे। यह चुनावी मुद्दा नहीं महिलाओं का हक है।उन्होंने कहा कि हिंदू समाज पर सपा आग उगलती है, जनता 2027 में जवाब देगी। बीजेपी काल में कानपुर का विकास हुआ है, वह तो एक झांकी है पिक्चर अभी बाकी है।

# शुद्ध खाद्य पदार्थों के बड़े सप्लाई सेंटर के रूप में विकसित की जाएंगी गोशालाएं

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

प्रदेश में 'जहर मुक्त भोजन' का मेगा कैंपेन शुरू किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग ने इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है, जिसके तहत अब लोगों की थाली तक सीधे खेतों से निकला शुद्ध और जहरमुक्त भोजन पहुंचाया जाएगा। इस पूरे महाभियान का केंद्रबिंदु उत्तर प्रदेश की गोशालाएं होंगी, जिन्हें अब सिर्फ गोसंरक्षण ही नहीं, बल्कि शुद्ध खाद्य पदार्थों के बड़े सप्लाई सेंटर के रूप में विकसित किया जाएगा।

पहले चरण में चयनित गोशालाओं के 5 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले परिवारों को इस महा अभियान से जोड़ा जाएगा। इन परिवारों तक प्राकृतिक खेती से उपजे खाद्यान्न, ताजी सब्जियां, फल और पंचगव्य आधारित उत्पाद सीधे पहुंचाए जाएंगे। गो सेवा आयोग ने इसके लिए 'फार्म टू कंज्यूमर' (खेत से सीधे उपभोक्ता तक) मॉडल तैयार किया है। इससे उपभोक्ताओं को सही कीमत पर और किसानों को उनकी उपज का और बेहतर मूल्य मिल सकेगा।

उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लक्ष्य हर नागरिक को बीमारियों से बचाना और उन्हें 'जहर मुक्त भोजन' उपलब्ध कराना है। सबसे पहले चयनित गोशालाओं के आसपास के परिवारों से इसकी शुरुआत होगी।

यह मॉडल गोशालाओं को ग्रामीण समृद्धि और सेहत का नया केंद्र बनाएगा। गोशालाओं के सहयोग से तैयार होने वाली 100 प्रतिशत जैविक सब्जियां, फल और अनाज सीधे घरों तक पहुंचेंगे।

# बीबीएयू ने रचा नया कीर्तिमान, उपलब्ध हुआ हिन्दी साहित्य का ऑनलाइन पाठ्यक्रम

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ ने डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग एवं इलेक्ट्रानिक मल्टीमीडिया रिसर्च सेंटर (मीडिया सेंटर), लखनऊ के संयुक्त प्रयासों से विकसित स्वयं ऑनलाइन पाठ्यक्रम हिन्दी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल) अब भारत सरकार के प्रतिष्ठित स्वयं मंच पर शिक्षार्थियों के लिए उपलब्ध हो गया है। यह महत्वपूर्ण कार्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के दिशा-निर्देशन तथा मीडिया सेंटर के निदेशक प्रो. गोपाल सिंह एवं हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रामपाल गंगवार के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया है। अब देश-विदेश के विद्यार्थी, शोधार्थी, शिक्षक तथा हिन्दी साहित्य में रुचि रखने वाले शिक्षार्थी अब इस पाठ्यक्रम में ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम में आधुनिक हिन्दी साहित्य के इतिहास, प्रमुख साहित्यकारों, साहित्यिक आंदोलनों, प्रवृत्तियों तथा विभिन्न साहित्यिक विधाओं का समग्र एवं व्यवस्थित अध्ययन सामग्री प्रस्तुत किया गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने पाठ्यक्रम निर्माण से जुड़ी पूरी टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार और डिजिटल शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ते योगदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वयं मंच पर विकसित किए गए ये पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक व्यापक पहुँच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे तथा 'कहीं भी, कभी भी सीखने' की अवधारणा को सशक्त बनाएँगे।

कुलपति ने मीडिया सेंटर की सराहना करते हुए कहा कि बीबीएयू निरंतर डिजिटल शिक्षण संसाधनों के विकास, तकनीक-संचालित शिक्षा को बढ़ावा देने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उद्देश्यों को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने पाठ्यक्रम निर्माण में योगदान देने वाले सभी शिक्षकों, विषय विशेषज्ञों, तकनीकी विशेषज्ञों एवं मीडिया सेंटर की टीम के समर्पण और परिश्रम की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में स्वयं पाठ्यक्रमों का लाभ उठाने तथा डिजिटल शिक्षण के इस सशक्त माध्यम से जुड़ने का आह्वान किया।

# महंगाई, बेरोजगारी और कानून व्यवस्था को लेकर बैल गाड़ी पर निकले सपा कार्यकर्ता, भाजपा सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



महंगाई, बेरोजगारी और बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ समाजवादी पार्टी (सपा) ने बुधवार को राजधानी लखनऊ के जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।

पेट्रोल-डीजल-गैस के बढ़ते दाम, खाद्य एवं घरेलू वस्तुओं की कीमतों में लगातार इजाफा, पेपर लीक, महंगी बिजली, महिला उत्पीड़न और फर्जी एनकाउंटर जैसे मुद्दों को लेकर कार्यकर्ता बैल गाड़ी पर सवार होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सपा नेताओं ने कहा कि मौजूदा सरकार की नीतियों से आम जनता त्रस्त है। महंगाई और बेरोजगारी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस मौके पर मोहनलालगंज के सांसद आर.के. चौधरी, लखनऊ जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव विजय सिंह यादव, जिला महासचिव शब्बीर खान, पूर्व राष्ट्रीय महिला सभा अध्यक्ष जूही सिंह, लखनऊ जिला अध्यक्ष महिला सभा प्रेमलता यादव और अनिल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने कहा कि समाजवादी पार्टी जनता की आवाज उठाने के लिए प्रतिबद्ध है और अन्याय के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए और आम जनता के हित में न्याय की मांग की। सपा नेताओं ने कहा कि यह आंदोलन जनता की समस्याओं को उजागर करने के लिए है और जब तक महंगाई व भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लगता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

# यूपी में नए सियासी समीकरण की आहट, लखनऊ में मिले स्वामी प्रसाद मौर्य और चंद्रशेखर आजाद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उत्तर प्रदेश की राजनीति में नए समीकरण तलाश रहे स्वामी प्रसाद मौर्य अब बहुजन राजनीति को नई धार देने में जुट गए हैं। बसपा में कभी नंबर दो के नेता रहे स्वामी प्रसाद मौर्य ने बुधवार को लखनऊ में नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर रावण से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद यूपी की सियासत में नए सियासी संकेत मिलने लगे हैं।

मुलाकात के बाद स्वामी प्रसाद मौर्य ने सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी साझा की। श्री मौर्य ने कहा कि जो भी बहुजन की बात करेगा, उसको साथ लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि बहुजन समाज के हक-हकूक के लिए समान विचारधारा वाले नेताओं को एक मंच पर लाने की कोशिश जारी है। दरअसल सियासी गलियारों में चर्चा है कि तीसरे मोर्चे के रूप में चंद्रशेखर रावण, स्वामी प्रसाद मौर्य और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की उत्तर प्रदेश की राजनीति में एंट्री हो सकती है। स्वामी प्रसाद मौर्य लगातार बसपा, सपा और भाजपा छोड़ने के बाद अपनी अलग राजनीतिक जमीन तलाश रहे हैं। चंद्रशेखर से मुलाकात को इसी कड़ी से जोड़कर देखा जा रहा है। स्वामी प्रसाद मौर्य भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। 2022 विधानसभा चुनाव से पहले सपा में गए और फिर अपनी पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी बनाई। अब चंद्रशेखर रावण से मुलाकात के बाद बहुजन-दलित-मुस्लिम गठजोड़ की नई सियासी बिसात बिछाने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

### समाजवादी पार्टी टूट कर बिखरने वाली है : ओम प्रकाश राजभर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में सोहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी (सपा) के टूटने का दावा किया है। उन्होंने सपा के टूट कर बिखरने को लेकर पार्टी के कद्दावर नेता की चिट्ठी केंद्रीय गृह मंत्री को दिए जाने की बात भी जिक्र किया है। पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र की राजनीति में दल-बदल और पार्टी नेताओं के टूटने की चर्चाओं के बीच अब उत्तर प्रदेश की राजनीति को लेकर भी बड़ा दावा सामने आया है। यह दावा सुभासपा के अध्यक्ष एवं मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने किया है।

सहूलियत

## उत्तर प्रदेश के 6 करोड़ से अधिक निवासियों के लिए बड़ी खबर

# अब डिजीलॉकर पर उपलब्ध है यूपी फैमिली आईडी

- नई व्यवस्था के बाद अब नागरिकों को अपने साथ कागजी फैमिली आईडी ले जाने या उसकी फोटोकॉपी कराने की कोई आवश्यकता नहीं होगी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश के 6 करोड़ से अधिक निवासियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर है। अब वे डिजीलॉकर पर अपनी यूपी फैमिली आईडी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत भारत सरकार के प्रमुख डिजिटल दस्तावेज़ वॉलेट, डिजीलॉकर ने यूपी फैमिली आईडी को अपने प्लेटफॉर्म पर शामिल कर लिया है, जिससे नागरिक किसी भी समय अपने फोन या कंप्यूटर से इस पारिवारिक दस्तावेज़ को देख, सुरक्षित रख और साझा कर सकते हैं।

इस नई व्यवस्था के बाद अब नागरिकों को अपने साथ कागजी फैमिली आईडी ले जाने या उसकी फोटोकॉपी कराने की कोई आवश्यकता नहीं होगी। डिजीलॉकर से डाउनलोड की गई यह कॉपी पूरी तरह से सत्यापित और कानूनी रूप से मान्य दस्तावेज़ है, जिसका उपयोग छात्रवृत्ति (स्कॉलरशिप), पेंशन और राज्य सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए तुरंत आवेदन करने और उनका लाभ उठाने के लिए किया जा सकता है। यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह से पेपरलेस, बेहद तेज़ और चौबीसों घंटे उपलब्ध होगी।

यूपी फैमिली आईडी उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख पारिवारिक पहचान पत्र है, जो प्रत्येक परिवार को मिलने वाले सरकारी लाभों से जोड़ता है। इसे डिजीलॉकर पर




लाने से यह रोज़मर्रा का ज़रूरी दस्तावेज़ अब उसी सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर आ गया है, जहाँ नागरिक पहले से ही अपने आधार, पैन, ड्राइविंग लाइसेंस और शैक्षणिक प्रमाणपत्र रखते हैं। अधिकारियों का मानना है कि फैमिली आईडी को डिजीलॉकर पर लाने का मतलब है कि किसी भी परिवार के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का माध्यम अब हमेशा उनकी जेब में है— जो पूरी तरह सुरक्षित, सत्यापित और ज़रूरत पड़ने पर तुरंत उपलब्ध होगा।

नागरिक बेहद आसान प्रक्रिया के तहत इसे अपने फोन पर डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए सबसे पहले डिजीलॉकर ऐप खोलें या digilocker.gov.in पर जाकर साइन इन करें। इसके बाद सर्च बार में "Family ID Uttar Pradesh" खोजें। फिर मांगी गई आवश्यक जानकारी भरकर अपनी सहमति दें। अंतिम चरण में 'Fetch Document' पर क्लिक करते ही आपकी फैमिली आईडी तुरंत आपके डिजीलॉकर खाते में सुरक्षित रूप से सेव हो जाएगी।

यह महत्वपूर्ण एकीकरण उत्तर प्रदेश सरकार और डिजीलॉकर की उस साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत एक नागरिक-केंद्रित डिजिटल इकोसिस्टम का निर्माण किया जा रहा है। इससे सरकारी सेवाओं में पारदर्शिता, कार्यकुशलता और पहुँच बेहद आसान हो जाएगी। जैसे-जैसे डिजीलॉकर अपने प्रामाणिक डिजिटल दस्तावेज़ों के दायरे को बढ़ा रहा है, यूपी फैमिली आईडी जैसे जुड़ाव भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) को और मजबूत करते हैं। यह सरकारी दस्तावेज़ों को हर नागरिक के लिए अधिक सुलभ, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाकर डिजिटल इंडिया के विज़न को तेजी से आगे बढ़ाता है। ज्ञात हो कि डिजीलॉकर, डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत डिजिटल रूप में दस्तावेजों और प्रमाणपत्रों को जारी करने और उनके सत्यापन के लिए भारत सरकार का एक प्रमुख प्लेटफॉर्म है, जो नागरिकों को भौतिक (कागजी) प्रतियों को साथ लेकर चलने की आवश्यकता से पूरी तरह मुक्त करता है।

# देश के प्रतिष्ठित दो गीगावाट रूफटॉप सोलर क्लब में शामिल हुआ उत्तर प्रदेश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



यूपी में सीएम योगी के नेतृत्व में घरेलू रूफटॉप सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए 2 गीगावाट (GW) स्थापित क्षमता का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर लिया है। इस उपलब्धि के साथ उत्तर प्रदेश देश के प्रतिष्ठित 2 गीगावाट रूफटॉप सोलर क्लब में शामिल हो गया है, जहाँ अब तक केवल गुजरात और महाराष्ट्र जैसे अग्रणी राज्यों की उपस्थिति थी।

यह उपलब्धि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रदेश में सौर ऊर्जा को लेकर बढ़ती जनभागीदारी का परिणाम मानी जा रही है। योजना के अंतर्गत बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपने घरों की छतों पर सौर संयंत्र स्थापित कर स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा को अपनाया है। यूपी नेडा के निदेशक रविंदर सिंह ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में यह उपलब्धि केवल एक सांख्यिकीय मील का पत्थर नहीं है, बल्कि प्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ते कदमों का प्रतीक है। घरेलू रूफटॉप सोलर के विस्तार से उपभोक्ताओं को बिजली बिल में राहत मिलने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी मदद मिल रही है। प्रदेश की इस सफलता में यूपीनेडा के इम्पैनल्ड वेंडर्स, विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों, बैंकिंग संस्थानों तथा लाखों उपभोक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विभिन्न विभागों और संस्थाओं के समन्वित प्रयासों ने सौर ऊर्जा को जन-आंदोलन का स्वरूप देने में योगदान दिया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में घरेलू सौर ऊर्जा क्षेत्र में तेज़ी से वृद्धि दर्ज की जा रही है। वर्तमान प्रगति को देखते हुए प्रदेश अब देश में शीर्ष राज्यों की श्रेणी में अपनी स्थिति और मजबूत करने की दिशा में अग्रसर है। अधिकारियों का मानना है कि यदि वर्तमान गति बनी रही तो आने वाले महीनों में यूपी घरेलू रूफटॉप सोलर स्थापना के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों को चुनौती देते हुए नई ऊंचाइयां प्राप्त कर सकता है।

## खबरें एक नजर में

### 18 को होगा प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन

**शाहजहांपुर।** जनपद में आज गुरुवार को एक वृहद प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन गन्ना शोध परिषद के सभागार में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कृषकों को आधुनिक व नवीनतम कृषि तकनीकों से रूबरू कराना और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं अन्य अनुषंगी संबद्ध विभागों द्वारा विशेष स्टाल और विकास प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। इन स्टालों के माध्यम से किसान भाई विभागीय कार्यक्रमों, उन्नत बीजों, जैविक खादों और सरकारी अनुदानों के बारे में सीधे जानकारी और लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उप कृषि निदेशक और जिला प्रशासन ने जनपद के सभी किसानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में 18 जून को सुबह 11 बजे गन्ना शोध परिषद पहुँचकर इस कार्यशाला का लाभ उठाएं और प्राकृतिक खेती की नई तकनीकों को अपनाकर अपनी आय दोगुनी करने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

### बाइक सवारों पर फायर करने का आरोप

**तिलहर-शाहजहांपुर।** महिलाओं ने रात में अज्ञात दो बाइक सवारों पर फायरिंग करने का आरोप लगाया। पुलिस ने जांच पड़ताल की जिसमें गोली मारने के निशान घर पर मिलने के साथ एक गोली भी बरामद हुई। महिला ने पुलिस को तहरीर दी। मंसूरपुर गौटिया की गीता देवी ने बताया कि मंगलवार की रात वह अपने घर पर परिवार के साथ सो रही थी। आरोप है कि इसी दौरान बाइक से दो युवक आए और उनके घर पर फायरिंग करने लगे। घर पर गोली लगने के दो निशान भी मौजूद हैं। फायरिंग से हड़कंप मच गया। गीता देवी ने बताया कि मंगलवार की शाम इलाहाबाद बैंक के पास उसके पुत्र करण को कुछ लोगों ने मारा पीटा था और जान से मारने की धमकी दी थी। गीता ने आशंका जताई है कि उसके पुत्र करण को पीटने वाले लोगों का भी फायरिंग करने में हाथ हो सकता है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### सफेदपोश नेता के संरक्षण में अपहृत नाबालिग को छिपाने का आरोप, पुलिस पर मिलीभगत की आशंका

**बंडा, शाहजहांपुर।** थाना बंडा अंतर्गत एक गांव से नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसे एक कथित सफेदपोश नेता के संरक्षण में छिपाकर रखने आरोप लगाते हुए पीड़िता ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। साथ ही बंडा पुलिस पर भी आरोपियों से मिलीभगत करने और कार्रवाई न करने का गंभीर आरोप लगाया है। थाना बंडा क्षेत्र के ग्राम पिपरा जाती निवासी सुनील शर्मा की पत्नी सरला देवी ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि करीब एक माह पूर्व क्षेत्र का ही निवासी शरद सिंह पुत्र प्रमोद सिंह उनकी 17 वर्षीय पुत्री आयशा उर्फ प्रियंका को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। उस समय सामाजिक दबाव के कारण लड़की वापस घर आ गई थी, जिसके चलते लोक-लाज के भय से परिवार ने मुकदमा दर्ज नहीं कराया था। 8 जून 2026 की सुबह करीब 9:30 बजे आरोपी शरद सिंह ने दोबारा उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर लिया जिसमें आरोपी के पिता प्रमोद सिंह, झुनकू सिंह और उनके परिवार के अन्य सदस्यों का पूरा हाथ है। पीड़ित मां का आरोप है कि उनकी बेटी को किसी रसूखदार सफेदपोश नेता के घर या उसके संरक्षण में छिपाकर रखा गया है और आरोपी पक्ष के लोग लड़की के साथ कोई भी अप्रिय घटना कारित कर सकते हैं। मामले में बंडा पुलिस ने एफआईआर तो दर्ज कर ली है, लेकिन पीड़िता की मां का आरोप है कि पुलिस आरोपियों से मिली हुई है। पुलिस न तो आरोपियों को गिरफ्तार कर रही है और न ही लड़की को बरामद करने का प्रयास कर रही है। उल्टा, आरोपी पक्ष के लोग पीड़ित परिवार को एफआईआर वापस न लेने पर जान से मारने और गांव में न रहने देने की लगातार धमकियां दे रहे हैं। पीड़ित परिवार के पास इस धमकी की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग भी मौजूद है। न्याय की उम्मीद खो चुकी पीड़ित मां सरला देवी ने जिलाधिकारी शाहजहांपुर को शिकायती पत्र सौंपकर अपनी पुत्री की सकुशल बरामदगी और आरोपियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की जिस पर मामले का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी शाहजहांपुर ने पुलिस अधीक्षक को तत्काल कड़ी विधिक कार्रवाई करने का कड़ा आदेश जारी किया है।

### वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पी.एन. रस्तोगी के निधन पर रेड क्रॉस में शोक सभा



**शाहजहांपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी कार्यालय में जनपद के जिला अस्पताल के वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ एव चिकित्सा जगत की प्रतिष्ठित विभूति डॉ. पी.एन. रस्तोगी के आकस्मिक निधन पर एक शोक सभा आयोजित की गई। डॉ.पी.एन रस्तोगी चिकित्सक डॉ. उत्तम रस्तोगी के पूज्य पिता तथा ददरौल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात आयुष चिकित्सक डॉ. रचना रस्तोगी के पूज्य ससुर थे। शोक सभा में उपस्थित समाजसेवियों एवं रेड क्रॉस पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. पी.एन. रस्तोगी केवल एक कुशल एवं समर्पित चिकित्सक ही नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों से ओत-प्रोत समाजसेवी व्यक्तित्व भी थे। उन्होंने अपने दीर्घ चिकित्सकीय जीवन में असंख्य रोगियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर समाज में सेवा, संवेदना और समर्पण की अनुपम मिसाल प्रस्तुत की। उनका निधन चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र के लिए एक अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है। इस अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. विजय जौहरी, सीटू के जिला अध्यक्ष मुरारीदीक्षित, रेड क्रॉस के सदस्य अवनीश सक्सेना, बृजेश गुप्ता टीवी क्लीनिक से अतुल मिश्रा और रोहित मिश्रा सी एल तिवारी सुधांशु आशीष अनुज जौहरी मनोज तिवारी सौरभ अग्रज जौहरी ओम दिव्यांगजन कल्याण समिति के बालकृष्ण पांडे सहित रेड क्रॉस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभा में वक्ताओं ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा परिवारजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. रस्तोगी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

### इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन



**शाहजहांपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद में स्थापित एसएस लॉ कालेज के विधि छात्र-छात्राओं का समर इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन 17 जून से 30 जून के मध्य किया जाना है। जिसके सम्बन्ध में बुधवार को प्रथम दिवस पर विधि छात्र-छात्राओं को नवादा इंदेपुर स्थित राजकीय बाल गृह बालक में इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 42 छात्र-छात्राओं में से 33 उपस्थित रहे व 9 अनुपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेरे द्वारा छात्राओं को राजकीय बाल गृह के कार्यप्रणाली की विधि व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन शिक्षा के अधिकार के सम्बन्ध में आयोजित किया गया। जिसमें राजकीय बालगृह बालको व लॉ के छात्र छात्राओं को शिक्षा के महत्व के बारे में भी जानकारी दी तथा सचिव ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि गुरुवार 18 जून का कार्यक्रम राजकीय सम्प्रेक्षण गृह पिपरौला में आयोजित किया जायेगा।

# गेहूं खरीद पूरी, अब होगी मक्का की खरीद

- जनपद में मक्का खरीद को स्थापित किए गए 7 केंद्र
- सरकार ने किसानों से मक्का खरीद का रेट 2400 प्रति कुंतल रखा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



गेंहू, धान खरीद के साथ अब किसानों से मक्का खरीद के लिए भी सरकार द्वारा मंडियों में क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसके बाद अगर उत्तर प्रदेश की करे तो यहां इस बार प्रदेश में 150 मक्का के क्रय केंद्र खोलने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके लिए ढाई कुंटल लाख लक्ष्य रखा गया है। वही बात शाहजहांपुर की करें तो यहां पर मक्का के सात केन्द्र खोले गए हैं। हालांकि लक्ष्य अभी तक नहीं आया है। मक्का का समर्थन मूल्य 2400 रुपये रखा गया है। बता दें कि पिछले साल डीएम के पत्र पर यहां पर 2 केंद्र खुले थे और लक्ष्य 3 हजार कुंटल था,लेकिन खरीद शून्य रही थी। इस बार प्रशासन द्वारा प्रयास किया जाएगा कि मक्का की खरीद सरकारी केंद्रों पर की जा सके। किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके। मंडियों में मक्का की आवक भी शुरू हो गई है,लेकिन देखना यह होगा कि क्या इस बार क्रय केंद्रों पर सरकारी खरीद हो पाएगी।

### लक्ष्य के सापेक्ष 81 फीसदी हुई गेहूं खरीद

इस बार जिले में गेंहू खरीद की शुरुआत 1 अप्रैल से होकर 15 जून तक चली। जिसमें 207 केंद्र पर 2585 समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदा गया। 7 लाख 9 हजार 786 कुंटल खरीद 8391 किसानों से हुई है। डिप्टी आरएमओ राकेश मोहन पाण्डेय ने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार खरीद ठीकठाक रही। गेंहू खरीद का लक्ष्य 8 लाख 70 हजार कुंटल के सापेक्ष 7 लाख 9 हजार 778 कुंटल खरीद हुई है। जो लक्ष्य का 81 फीसदी से अधिक है विगत वर्ष जनपद में 4 लाख 85 हजार 681 कुंटल खरीद 5586 कि सानों के माध्यम से की गई थी। इस बार विगत वर्ष से 2805 किसान समर्थन मूल्य से लाभान्वित हुए।

### ई-रिक्शा की टक्कर से चालक और महिला घायल

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर में एक ई रिक्शा की टक्कर से महिला और ई रिक्शा चालक हुआ घायल। राहगीरों की मदद से उन्हें इलाज के लिए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना नगर के पुराने रोडवेज बस स्टैंड के पास की है।बताया जा रहा है कि ग्वार गांव की रहने वाली महिला लड़ैती किसी काम को लेकर तिलहर आई थी।लड़ैती पुराने मौजमपुर रोडवेज बस स्टैंड के पास सड़क पार करने की कोशिश कर रही थी।इसी दौरान एक ई रिक्शा चालक से उसको टक्कर मार दी। टक्कर के बाद महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गई। ई-रिक्शा भी पलट गया।दुर्घटना में मोहल्ला दिलाजक मोहल्ले का रहने वाला ई रिक्शा चालक जीशान भी घायल हो गया।स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

# दहेज हत्या मामले में फरार ससुर गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**खुदागंज, शाहजहांपुर समृद्धि न्यूज़।**



थाना खुदागंज पुलिस को दहेज हत्या के एक चर्चित मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 6 जून 2026 को थाना खुदागंज में दहेज उत्पीड़न एवं विवाहिता की संदिग्ध मौत के संबंध में मुकदमा संख्या 140/2026, धारा 85/80(2) बीएनएस तथा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोप था कि विवाहिता शिवानी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया गया तथा उसकी फांसी लगाकर हत्या कर दी गई। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर बुधवार सुबह थाना खुदागंज पुलिस ने ग्राम बबौरा निवासी मुनेश सिंह (50 वर्ष) पुत्र वीरपाल को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार नादर, सिपाही संजय कुमार एवं सिपाही आकाश वर्मा शामिल रहे।

# अब जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने को नहीं काटने पड़ेंगे चक्कर

- नगरायुक्त सौम्या गुरुरानी ने शुरू की जनहित में एकल खिड़की व्यवस्था
- तय समय सीमा में जारी होंगे प्रमाण पत्र, आमजन को मिलेगी बड़ी राहत



**शाहजहांपुर।** नगर निगम में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने को लोगों को अब अलग-अलग पटलों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगरायुक्त सौम्या गुरुरानी ने एकल खिड़की व्यवस्था लागू कर दी है। इस नई व्यवस्था के तहत नागरिकों के आवेदन एक ही स्थान पर प्राप्त किए जाएंगे और निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

नगरायुक्त सौम्या गुरुरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित कार्यों के लिए आने वाले लोगों को कई बार अलग-अलग पटल और कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे,जिससे समय की बर्बादी होने के साथ अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या के समाधान के लिए एकल खिड़की व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि अब संबंधित आवेदनों की प्रक्रिया एक ही केंद्र से संचालित होगी तथा सभी मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। नगरायुक्त ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि जनहित से जुड़े इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रमाण पत्र जारी किए जाएं।

# बिन मां-बाप के बेसहारा बच्चे के लिए सहारा बने एडीएम

- गरीबह के अभाव में ईलाज के लिए डीएम दफ्तर दरख्वास्त लेकर आया था राहुल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कलेक्ट्रेट परिसर में उस समय एक भावुक दृश्य देखने को मिला, जब मदद की आस लेकर कुछ लोग 12 से 15 वर्ष की आयु के राहुल नामक बालक को ऑटो रिक्शा से लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। बालक की स्थिति बेहद गंभीर थी। उसके एक पैर में गहरा जख्म था, जो समय पर उपचार न मिलने के कारण लगातार बिगड़ता जा रहा था। एडीएम वित्त अरविंद कुमार किसी शासकीय कार्य से अपनी गाड़ी से बाहर जा रहे थे। उनकी नजर ऑटो रिक्शा में बैठे घायल बालक पर पड़ी। बच्चे की हालत देखकर उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और स्वयं उसके पास पहुंचकर हालचाल जाना। बातचीत में पता चला कि राहुल के माता-पिता नहीं हैं और उसका पालन-पोषण करने वाले संरक्षक आर्थिक रूप से बेहद कमजोर हैं। संसाधनों के अभाव में वे बच्चे का समुचित उपचार नहीं करा पा रहे थे, जिसके कारण उसके पैर का घाव लगातार गंभीर होता जा रहा था। बच्चे की पीड़ा और उसके परिजनों की बेबसी को देखकर एडीएम वित्त भावुक हो उठे।

उन्होंने बिना देर किए तत्काल आवश्यक व्यवस्थाएं कराई और बालक को उपचार के लिए एक निजी अस्पताल भिजवाया। साथ ही उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से भी बात कर बच्चे के इलाज में किसी प्रकार की कमी न रहने के निर्देश दिए। एडीएम वित्त ने आश्वस्त किया कि राहुल के उपचार के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।।मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए उन्होंने बच्चे के साथ आई महिला को तत्काल आर्थिक सहायता भी प्रदान की, ताकि प्रारंभिक उपचार और अन्य आवश्यक जरूरतों में कोई बाधा न आए। एडीएम वित्त की इस संवेदनशील पहल की लोग सराहना कर रहे है। एक ओर जहां प्रशासनिक अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं, वहीं ऐसे अवसर यह साबित करते हैं कि संवेदनशीलता और मानवता ही प्रशासन की सबसे बड़ी ताकत है। राहुल के लिए यह मदद केवल इलाज की व्यवस्था नहीं, बल्कि एक नई उम्मीद और बेहतर भविष्य की ओर बढ़ाया गया महत्वपूर्ण कदम है।

# मोहर्रम के अवसर पर अलगौस गैस इंडेन ग्रामीण वितरक ने बांटे शरबत



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** मोहर्रम के पावन अवसर पर अकबरी खुदागंज स्थित अलगौस गैस इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी के प्रोप्राइटर असगर अली की ओर से राहगीरों एवं क्षेत्रवासियों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को शीतल शरबत पिलाकर भाईचारे, सेवा और मानवता का संदेश दिया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए बड़ी संख्या में लोगों ने शरबत ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। इस अवसर पर सुजात अली, वकार अली, निजामुद्दीन अली, गुफरान अली सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। आयोजकों ने कहा कि मोहर्रम त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देता है। ऐसे सामाजिक एवं सेवा कार्य समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करते हैं।

# महोत्सव में वेंडरों ने साझा की अपनी अपनी सफलता की कहानी



**शाहजहांपुर।** पीएम स्वनिधि के 6 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद में स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी के द्वारा किया गया। महोत्सव में वेंडर द्वारा अपनी अपनी सफलता की कहानी साझा की गई। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पथ विक्रेताओं को सम्मानित किया। महोत्सव में नगर आयुक्त द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय लोन प्राप्त करने वाले पथ विक्रेताओं को स्वीकृति पत्र एवं चेक का वितरण,क्रेडिट कार्ड का वितरण किया गया। स्वनिधि महोत्सव में नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी के साथ अपर नगर आयुक्त एवं परियोजना अधिकारी एसके सिंह,लीड बैंक मैनेजर, सहायक परियोजना अधिकारी राकेश कुमार, शहर मिशन प्रबंधक प्रभाकर मिश्रा, सामुदायिक आयोजक अंशुल कुमार, दीपक प्रजापति के साथ स्वनिधि योजना के लाभार्थी उपस्थिति रहे।

# सफलता की कहानी लिख अलीज़ा बनी आत्मनिर्भर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कहते हैं सपने बड़े नहीं होते हैं, बल्कि उनको पूरा करने के लिए जुनून, लग्न व मेहनत बड़ी करनी होती है। ऐसी एक कहानी है, शहर के मोहल्ला अलीज़ई की रहने वाली अलीज़ा की। जिन्होंने आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाकर नौकरी लेने नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले लोगों में अपनी जगह बनाई है। अलीजा कहती है कि बचपन से ही मेरा सपना था कि में आत्मनिर्भर बनूँ और अपने साथ-साथ अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराऊं। इसी उद्देश्य को लेकर मैंने अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने का निर्णय लिया। व्यवसाय स्थापित करने के दौरान मुझे शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के बारे में जानकारी प्राप्त हुई। जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के मार्गदर्शन और सहयोग से मुझे 50 लाख का रेडीमेड गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग इकाई स्थापित करने हेतु ऋण स्वीकृत हुआ। योजना से मिली सहायता के माध्यम से आज मैं अपने उद्यम का सफलतापूर्वक संचालन कर रही हूं। मेरा व्यवसाय निरंतर प्रगति कर रहा है और इसके माध्यम से मैंने 5 लोगों को रोजगार भी प्रदान किया है। इससे न केवल मेरी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि अन्य लोगों को भी आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। मेरा मानना है कि यदि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सही ढंग से लाभ उठाया जाए तो कोई भी व्यक्ति अपने सपनों को साकार कर सकता है। में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करती हूं, जिनकी प्रेरणा और दूरदर्शी नीतियों से युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। नौकरी खोजने वाली नहीं, बल्कि नौकरी देने वाली बनने का मेरा सपना आज साकार हो रहा है।

### अल्हागंज में सेटेलाइट बस अड्डे के लिए 2 माह में पास हो जाएगा पैसाः सोमवंशी



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं राष्ट्रीय महासचिव भारतीय किसान यूनियन से रामवीर सिंह सोमवंशी जारी प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा है मैने शासन को 19 फरवरी 25 को पत्र लिखा था जिनमे अल्हागंज बस स्टेशन को सैटलाइट बनाने की मांग की थी। जिस पर प्रबंध निर्देशक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम लखनऊ से शासन ने तत्काल रिपोर्ट तलब की। सोमवंशी ने बताया कि शासन के आदेश पर कार्य योजना में 5 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया गया है, जो शासन को अनुमोदन हेतु भेजा गया है। 2 महा के अंदर पैसा पास हो जाएगा। जिससे 20 साल पुरानी मांग पूर्ण होने जा रही है। क्योंकि अल्हागंज क्षेत्र की मांग थी कि अल्हागंज को बस स्टॉप बनवाया जाये। श्री सोमवंशी ने कहा 16 जून को प्रबंध निर्देशक उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से मुलाकात की, बताया 10 फुट ऊँचा होगा और यात्रियों को सारी सुविधाएं उपलब्ध होगी।

# वात रोग निवारण शिविर का शानदार समापन

- सीएमओ डॉ. विवेक मिश्र व डॉ. पुनीत टंडन ने किया समापन समारोह का शुभारम्भ, डॉ. इन्दु अजनबी ने किया संचालन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में सीतापुर नेत्र चिकित्सालय प्रांगण में चल रहे वात रोग निवारण शिविर का समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीएमओ डॉ विवेक कुमार मिश्र व विशिष्ट अतिथि डॉ पुनीत टण्डन ने महर्षि पतंजलि और संस्थान के संस्थापक ऋषिराम शर्मा के चित्रों पर माल्यार्पण व समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ विवेक कुमार मिश्र ने कहा कि योग व्यक्ति की नियमित आवश्यकता है। इसको केवल शिविर तक ही नहीं बल्कि पूरे जीवन इसको अपनाना चाहिये। विशिष्ट अतिथि डॉ पुनीत टंडन ने योग विज्ञान संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान का प्रयास सराहनीय है। जन जन को योग व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना प्रणम्य है। आज के शिविर में सौरभ गोयल, राजेश दीक्षित, विपिन रस्तोगी, संध्या गुप्ता ने योगासनों का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का समापन जिला प्रधान डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी ने प्रार्थना व शांति पाठ के साथ कराया। अंत में आभार शिविर संयोजक ज्योति गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया। जिला मन्त्री कवि डॉ इन्दु अजनबी के संचालन में हुए आयोजन में प्रमुख रूप से उप-प्रधान जीसी मिश्रा, संगठन मंत्री गीता पांडेय, ललित मोहन, डॉ राजेन्द्र कुशवाहा, कौशल शुक्ला, अनामिका अवस्थी, अर्चना दीक्षित, आशाराम गुप्ता, रामेन्द्र मिश्रा, हरीश बजाज, अशोक रस्तोगी, रचना चांदना, डॉ सारिका अग्रवाल, अर्चना दीक्षित, सरोज कश्यप, जवाहर लाल रस्तोगी, अमरीश रस्तोगी, निमिषा मिश्रा, राजबहादुर, राजकुमारी, मधु सक्सेना, अनुराधा जैन, गीता सिंह, रेखा सक्सेना, सुमन सिंह, प्रमोद पांडेय, राकेश मिश्रा, विनोद कुमार सिंह, रेखा कुशवाहा, मंजुला शर्मा, मीना अग्निहोत्री, भगवान दास गुप्ता, आदर्श दीक्षित, स्वतन्त्र रस्तोगी, सुदीप शुक्ला,जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र कुमार शर्मा आदि लोगों योगाभ्यास किया।

### प्रकृति की छांव में योग का संदेश



**शाहजहांपुर।** आगामी 12वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर योग प्रशिक्षक चिवनाथ पाल, मिनी शर्मा ने जनमानस को प्रकृति जुड़े रहने के लिए अमृत सरोवर ग्राम पंचायत बीरमपुर की ग्राम मरेना में योग प्रोटोकॉल के अनुसार ग्रीवा चालान, स्कंद चालन, ताड़ासन, घुटना संचालन, भ्रामरी प्रणाम, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम कराया। लाभार्थियों ने अमृत सरोवर में योगाभ्यास मैं बढ़ चढ़कर प्रति भाग लिया एवं योग प्रोटोकॉल के तहत योग अभ्यास किया गया कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रवीण कुमार गंगवार, सुधीर गंगवार, अमित कुमार, सौरभ कुमार, गौरव गंगवार, धर्मपाल, सुमित गंगवार, मेवाराम आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। योग सहायक नमित कुमार का सहयोग रहा।

## खबरें एक नजर में

### पति पर मारपीट और जान से मारने की धमकी का आरोप, पत्नी ने थाने में दी तहरीर

कांट, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र की एक महिला ने अपने पति पर मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में महिला ने बताया कि घरेलू विवाद के दौरान उसके साथ कथित रूप से मारपीट की गई और उसे घर से निकालने की धमकी दी गई। महिला का आरोप है कि विरोध करने पर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया गया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई। पीड़िता ने थाना पुलिस से मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### छेड़छाड़ के आरोपी वारिस उर्फ भूरा गिरफ्तार, पुलिस को लंबे समय से थी तलाश



शाहजहांपुर। सदर बाजार थाना पुलिस ने महिला से छेड़छाड़, अश्लील हरकतें करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक 10 जून को एक महिला की तहरीर पर मोहल्ला एमनजई जलालनगर निवासी वारिस उर्फ भूरा पुत्र इस्तयाक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप है कि उसने महिला के साथ अशोभनीय टिप्पणी की, हाथ पकड़कर अश्लील हरकतें कीं तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में सदर बाजार थाने में बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत बुधवार सुबह सदर बाजार पुलिस गश्त और चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी चांदनी वाली पुलिया के पास मौजूद है। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक कुलदीप कुमार और कांस्टेबल ऋषिपाल अत्री शामिल रहे। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। पुलिस के अनुसार वारिस उर्फ भूरा के खिलाफ सदर बाजार और रामचंद्र मिशन थानों में मारपीट, झगड़ा और धमकी देने सहित कई मुकदमें पहले से दर्ज हैं। वर्तमान मामले सहित उसके खिलाफ वर्ष 2023 से 2026 के बीच कई आपराधिक प्रकरण दर्ज बताए गए हैं।

# राजस्व टीम ने कछियानी खेड़ा मंदिर मामले का किया स्थलीय निरीक्षण

- महंत के बयान दर्ज कर डीएम को प्रेषित की रिपोर्ट
- डिग्री कॉलेज प्राचार्य के खिलाफ महंत ने की थी मुख्यमंत्री से शिकायत



तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

डिग्री कॉलेज स्थित कछियानी खेड़ा मंदिर के पुजारी महंत रामऔतार दास त्यागी द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत मामले में डीएम के निर्देश पर राजस्व टीम ने स्थलीय जांच कर महंत के बयान दर्ज जांच रिपोर्ट डीएम को प्रेषित कर दी है।

गौर तलब है कि बीती 15 जून को महंत ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सरनपाल सिंह के खिलाफ की गई शिकायत में मंदिर आने जाने वाले गेट को बंद कर मंदिर की जगह पर ईसाई गतिविधियां शुरू करने की आशंका व्यक्त की थी और देवस्थल रामानंदी बैष्णव संप्रदाय के संतों की प्राचीन तपोस्थली व श्री बाला जी सिद्ध श्री हनुमान जी महाराज एवं अन्य देवी देवताओं की प्राण प्रतिष्ठित प्रतिमाओ का जिक्र किया है। उक्त प्रांगण में 1992 से पं. दीन दयाल उपाध्याय डिग्री कॉलेज संचालित है। आरोप है कि कॉलेज प्राचार्य सरनपाल सिंह ईसाई धर्म को मानने वाले है। जिसके कारण प्राचार्य पुजारी व श्रद्धालुओं को अपमानित कर भगाते हैं। मंदिर को बंद करने के उद्देश्य से मुख्य द्वार पर ताला डाल दिया है। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर मंगलवार को जांच टीम में नायब तहसीलदार अमित कुमार राजस्व निरीक्षक जितेंद्र सिंह व लेखपाल सिद्धी रौतेला के साथ मौके पर पहुंचे। जहां महंत रामऔतार दास के बयान दर्ज किए। टीम लीडर ने बताया कि चकबंदी के बाद बने नक्शे और रेवन्यू रिकॉर्ड में खेड़ा पर कोई मंदिर नहीं दर्शाया गया है । वहीं प्राचार्य कॉलेज में नहीं मिल सके। टीम द्वारा जांच रिपोर्ट डीएम साहब को प्रेषित कर दी गई है।

## विवाहिता के विषैला पदार्थ खाने से मौत, पति समेत 5 पर मुकदमा दर्ज

पुवायां, शाहजहांपुर। दहेज उत्पीड़न से परेशान विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने पति समेत पांच लोगों पर दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। गांव कलंदरगंज निवासी बसंत लाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री सुगंधा देवी की शादी लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व थाना पुवायां क्षेत्र के गांव रतनपुर कुंडा निवासी राजकमल पुत्र राजेश के साथ हिंदू रीति-रिवाज से की थी। आरोप है कि शादी के बाद पति राजकमल, ससुर राजेश कुमार, सास कमला देवी, ननद तरुण देवी निवासी ग्राम रतन पुर कुंडा तथा मईया ससुर मनोज पुत्र राम चरण निवासी ग्राम बेहटा अतिरिक्त दहेज में 50 हजार रुपये नकद और सोने की लर की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उनकी पुत्री को गाली-गलौज कर मारपीट करते हुए प्रताड़ित किया जाता था। पीड़ित पिता का कहना है कि कई बार पंचायत और पुलिस के माध्यम से समझौते के प्रयास किए गए, लेकिन ससुराल पक्ष अपनी मांग पर अड़ा रहा। 11 नवंबर 2025 को भी उनकी पुत्री के साथ मारपीट की गई थी, जिसके बाद वह मायके आ गई। इस मामले में थाना पुवायां में शिकायत भी की गई थी। जिसके कुछ समय बाद पुत्री का पति एक शादीशुदा महिला को अपने साथ भगा ले गया। इसके बाद वह सुगंधा को फोन और संदेश भेजकर मानसिक रूप से परेशान करता रहा। इससे आहत होकर सुगंधा ने कथित रूप से कोई विषाक्त पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसका उपचार कराया गया, लेकिन 15 जून 2026 को उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### नरवीर हिंदू केसरी महाराज छत्रपाल की 378वीं जयंती पर निकली शोभायात्रा

अल्हागंज, शाहजहांपुर। क्षेत्र के ग्राम रामपुर चेढ़ा में नरवीर हिंदू केसरी महाराज छत्रपाल जी की 378वीं जयंती महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को विशाल एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं, युवाओं एवं संत-महात्माओं ने भाग लेकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया। शोभायात्रा का शुभारंभ विधि-विधान के साथ हुआ। बैंड-बाजों, धार्मिक झांकियों और जयघोषों के बीच निकली यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु हाथों में ध्वज लेकर महाराज छत्रपाल जी के आदर्शों और वीरता का गुणगान करते हुए चल रहे थे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया तथा जलपान की व्यवस्था भी की गई। उल्लेखनीय है कि जयंती महोत्सव के अंतर्गत 13 जून से 17 जून तक पांच दिवसीय श्रीकृष्ण संगीतमय कथा एवं बाड़ी चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दराज से आए संत-महात्माओं ने धर्म, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति एवं मानव जीवन के आदर्श मूल्यों पर अपने विचार व्यक्त किए।।समापन अवसर पर आयोजकों ने कहा कि महाराज छत्रपाल जी का जीवन साहस, धर्म रक्षा और जनकल्याण का प्रेरणास्रोत है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है। शोभायात्रा एवं धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह, श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

## जिले में आज होगी प्राकृतिक खेती कार्यशाला

शाहजहांपुर। शाहजहाँपुर में 18 जून को एक वृहद प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम गन्ना शोध परिषद के सभागार में पूर्वाह्न 11:00 बजे से शुरू होगा। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कृषकों को आधुनिक व नवीनतम कृषि तकनीकों से रूबरू कराना और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना है। कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं अन्य अनुषंगी (संबद्ध) विभागों द्वारा विशेष स्टाल और विकास प्रदर्शनियाँ लगाई जाएँगी। इन स्टालों के माध्यम से किसान भाई विभागीय कार्यक्रमों, उन्नत बीजों, जैविक खादों और सरकारी अनुदानों के बारे में सीधे जानकारी और लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उप कृषि निदेशक और जिला प्रशासन ने जनपद के समस्त किसानो से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में 18 जून को सुबह 11:00 बजे गन्ना शोध परिषद, शाहजहाँपुर पहुँचकर इस कार्यशाला का लाभ उठाएं और प्राकृतिक खेती की नई तकनीकों को अपनाकर अपनी आय दोगुनी करने की दिशा में कदम बढ़ाएं।

## एसएस लॉ कालेज के विधि छात्र/छात्राओं का समर इंटर्नशिप 17 जून से 30 जून तक

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देषानुसार जनपद में स्थापित एसएस लॉ कालेज के विधि छात्र/छात्राओं का समर इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन 17जून से 30 जून के मध्य किया जाना है। जिसके सम्बन्ध में 17 जून को प्रथम दिवस पर विधि छात्र/छात्राओं को नवादा इंदेपुर स्थित राजकीय बाल गृह बालक में इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 42 छात्र/छात्राओं में से 33 उपस्थित रहे व 09 अनुपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेरे द्वारा छात्राओं को राजकीय बाल गृह के कार्यप्रणाली की विधि व्यवस्था के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही साथ एक विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन शिक्षा के अधिकार के सम्बन्ध में आयोजित किया गया। जिसमें राजकीय बालगृह बालको व लॉ के छात्र छात्राओं को शिक्षा के महत्व के बारे में भी



विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा सचिव द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उनके द्वारा बताया गया कि 18 जून का कार्यक्रम राजकीय सम्प्रेक्षण गृह पिपरौला शाहजहॉपुर में आयोजित किया जायेगा।

## पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात, हरसंभव मदद का दिलाया भरोसा




शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा बुधवार को शाहजहांपुर पहुंचे। वह पुवायां विधानसभा क्षेत्र के खुटार ब्लॉक स्थित ग्राम हरनहाई के पीड़ित गुड्डू शर्मा के प्रकरण को लेकर जिले में आए थे। बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पहुंचने पर सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका बुके एवं फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। इसके बाद पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने पीड़ित गुड्डू शर्मा के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने समाजवादी पार्टी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। पीड़ित परिवार से मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों से वार्ता कर मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर पार्टी का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए समाजवादी पार्टी पूरी गंभीरता से प्रयास कर रही है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष तनवीर खान, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा, पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, प्रदेश सचिव विजय सिंह, विश्वकर्मा समाज के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा, सावित्री देवी, गोदावरी देवी, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, लखन प्रताप सिंह, जितेंद्र प्रसाद गौतम, राजवीर सिंह बाढ़, अवधेश कुमार पाल, किरण कठेरिया, जफरीन, हफीज अंसारी, संतोष कुमार पाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दलित नाबालिग से लव जिहाद व बलात्कार का मुख्य आरोपी अतीक गिरफ्तार

तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

लव जिहाद की शिकार दलित नाबालिग किशोरी से दो सगे भाइयों द्वारा सालों तक यौन शोषण मामले का मुख्य आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि हाल ही में एक युवती ने गांव धर्मपुर कंजा निवासी अतीक द्वारा आरव नाम बताकर दोस्ती की और तिलहर के मोहल्ला नजरपुर में अपने साथी आरिफ पुत्र शाकिर के कमरे में लेजाकर संबंध बनाए। तब उसके मुस्लिम होने का खुलासा हुआ। आरोप है कि उसके फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर के अतीक उसके साथ यौन शोषण करता रहा। अतीक के भाई



आसिफ पर भी युवती ने बलात्कार का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उक्त मामले में पुलिस आसिफ व आरिफ को पहले ही जेल भेज चुकी है। जबकि मुख्य आरोपी अतीक को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया।

## एक माह बाद भी चोरी गई ईको गाड़ी का नहीं लगा सुराग

- पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

अल्लाहगंज, शाहजहांपुर। थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के ग्राम कोयला निवासी आदेश परमार की ईको गाड़ी बीती 20 मई की रात घर के सामने हाईवे किनारे से चोरी हो गई थी। घटना के लगभग एक माह बाद भी पुलिस वाहन का कोई सुराग नहीं लगा सकी है, जिससे पीड़ित परिवार में निराशा और नाराजगी बढ़ती जा रही है। बताया जाता है कि गाड़ी चोरी होने के बाद पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी थी। मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अब तक न तो वाहन बरामद हो सका है और न ही किसी संदिग्ध की गिरफ्तारी हुई है। आदेश परमार का कहना है कि गाड़ी उनकी आजीविका का महत्वपूर्ण साधन थी और लगातार पुलिस के चक्कर लगाने के बावजूद उन्हें केवल जांच चलने का आश्वासन मिल रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि हाईवे किनारे से वाहन चोरी जैसी गंभीर घटना के बाद भी पुलिस की जांच में अपेक्षित प्रगति दिखाई नहीं दे रही है। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली और सक्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी अल्लाहगंज का कहना है कि मामले की जांच जारी है और वाहन की तलाश के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। हालांकि घटना को लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी कोई ठोस सफलता न मिलने से पीड़ित पक्ष पुलिस की कार्यवाही से संतुष्ट नहीं है।

## राजीव चौक पर बाइकों के चालान से व्यापारी परेशान, कारोबार पर पड़ रहा असर

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

- आबादी क्षेत्र में चेकिंग से मार्केट आते नगरवासी होते हैं शिकार

शहर के व्यस्ततम राजीव चौक पर लगातार की जा रही बाइक चेकिंग और चालान की कार्रवाई से व्यापारियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि चौराहे पर ही वाहन रोककर चालान किए जाने से ग्राहकों और स्थानीय लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर कारोबार पर भी पड़ रहा है।

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि चौराहे पर हर समय पुलिस की चेकिंग के कारण ग्राहक बाजार आने से बच रहे हैं। स्थानीय लोगों को भी अपने दैनिक कार्यों के लिए आने-जाने में परेशानी हो रही है। इससे बाजार की रौनक प्रभावित हो रही है और दुकानदारों की बिक्री पर असर पड़ रहा है। इस मुद्दे को लेकर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने कहा प्रभारी निरीक्षक से बात की जाएगी। हालांकि लोगों को हेलमेट लगाना चाहिए, लेकिन मार्केट आ रहे नगरवासी को दिक्कत होती है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष केके लील ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कराना जरूरी है, लेकिन चौराहे के बीच में चेकिंग अभियान चलाने के बजाय थोड़ी दूरी पर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि आम लोगों और व्यापारियों को अनावश्यक परेशानी न हो। अध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में जल्द ही प्रभारी निरीक्षक से वार्ता की जाएगी और उनसे कहा जाएगा कि चेकिंग अभियान राजीव चौक से हटकर किसी अन्य स्थान पर चलाया जाए, जिससे यातायात व्यवस्था भी बनी रहे और व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित न हों। व्यापारियों ने उम्मीद जताई कि पुलिस प्रशासन उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उचित समाधान निकालेगा। उधर राजीव चौक पर दुकानदारों से बात की गई तो उन्होंने बताया पुलिस यहां पर चेकिंग करती है तो उनके व्यापार पर बहुत बड़ा प्रभाव पड़ता है, लेकिन लोकल के वयक्ति हेमलेट लगाकर खरीदारी करने नहीं आता है। पुलिस चेकिंग देख लौट जाता है। उन्होंने कहा यदि पुलिस को चेकिंग करनी है तो आबादी क्षेत्र से हटकर की जा सकती है। हालांकि यातायात नियमों का सभी का पालन करना चाहिये। लेकिन आबादी क्षेत्र में चेकिंग सही नहीं है।

### अधिकतर पुलिस कर्मी चलते बिना हेलमेट

राजीव चौक पर बाइक चालान से व्यापारी और स्थानीय लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि जहां एक ओर आम जनता के चालान किए जा रहे हैं, वहीं कई बार बिना हेलमेट वाहन चलाते पुलिसकर्मी भी नजर आते हैं। ऐसे में लोगों ने कानून के समान अनुपालन और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की है। समाज में एक सामान्य कहावत है कि कानून सबके लिए समान होना चाहिए। इसलिए यदि पुलिस जनता से हेलमेट पहनने की अपेक्षा करती है, तो उसे स्वयं भी इसका पालन करना चाहिए। इससे जनता का विश्वास बढ़ता है और यातायात नियमों के प्रति सम्मान भी बढ़ता है। लेकिन पुवायां में अधिकतर पुलिसकर्मी बिना हेलमेट ही बाईक से राजीव चौक से गुजरते हैं। जिसका सबूत राजीव चौक पर लगे सीसीटीवी कैमरा दे सकते हैं। लेकिन उन्हें नहीं रोकने पर जनता का पुलिस महकमा के प्रति रोष पनप रहा है। ऐसे में पुलिस महकमा को चाहिय की वह पहले पालन करे, फिर जनता को जागरूक करें।

#### जवाहर नवोदय विद्यालय में एनसीसी शिविर का तीसरा दिन

### कैडेट्स को दिया गया फायरिंग प्रशिक्षण

शाहजहांपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय में 25 यूपी बटालियन द्वारा आयोजित एनसीसी शिविर के तीसरे दिन कैडेट्स को विभिन्न सैन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। आज से शाहजहांपुर लॉन्ग रेंज पर कैडेट्स के फायरिंग प्रशिक्षण की शुरुआत हुई, जिसमें उन्हें प्वाइंट .22 राइफल से निशानेबाजी का अभ्यास कराया गया। शिविर के कैंप कमांडेंट कर्नल संग्राम सिंह चीमा एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल आनंद शर्मा ने फायरिंग रेंज पर पहुंचकर प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और कैडेट्स का उत्साहवर्धन किया। कर्नल संग्राम सिंह चीमा ने कैडेट्स को फायरिंग के दौरान सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, सुबह के सत्र में कैडेट्स का शारीरिक प्रशिक्षण कराया गया। इसके बाद ड्रिल, प्वाइंट .22 राइफल के संचालन तथा मानचित्र बोध (मैप रीडिंग) का प्रशिक्षण दिया गया। शाम के समय आयोजित गेम परेड में कैडेट्स ने फुटबॉल, वॉलीबॉल और खो-खो का अभ्यास किया। शिविर में कैडेट्स के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। इसके तहत नियमित रूप से वाटर परेड कराई जाती है, जिसमें प्रशिक्षकों की निगरानी में सभी कैडेट्स को पर्याप्त पानी पिलाया जाता है, ताकि किसी भी प्रकार की डिहाइड्रेशन की समस्या न हो।

## किशोरी को भगा ले जाने के आरोप में दो अज्ञात सहित 7 पर मुकदमा दर्ज

पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

थाना क्षेत्र के एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी को भगा ले जाने के मामले में उसकी मां ने गांव के ही युवक समेत आठ लोगों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की । पुलिस ने तहरीर के आधार पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव ग्राम धरमगदापुर जसी निवासी सुनीता देवी ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री आठ मई 2026 की रात करीब साढ़े आठ बजे घर से अचानक लापता हो गई। आरोप है कि गांव का ही एक युवक उसे शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। तहरीर में दो अज्ञात युवकों सहित 8 लोगों को भी घटना में शामिल बताया गया । महिला का आरोप है कि सभी ने मिलकर उसकी पुत्री को भगाने में सहयोग किया है। पीड़िता की मां ने बताया कि घटना के बाद वह लगातार अपनी पुत्री की तलाश करती रही, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। उन्होंने आशंका जताई है कि उनकी पुत्री के साथ कोई अनहोनी घटना हो सकती है। साथ ही आरोपियों द्वारा उसकी हत्या किए जाने की भी आशंका व्यक्त की है। कोतवाली पहुंची महिला ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर रजनीश पुत्र महेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार पुत्र रामभरोंसे निवासी ग्राम धर्मगदपुर जपती, राहुल ,दीपक पुत्रगण श्यामलाल निवासी ग्राम चठिया बहादुरपुर तथा रामभरोंसे पुत्र काशीराम निवासी ग्राम धर्मागदपुर जपती तथा दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक आरके रावत ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा किशोरी की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले ददरौल विधायक अरविंद, विकास प्रस्तावों पर हुई चर्चा

शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।

ददरौल विधानसभा क्षेत्र के विधायक अरविंद सिंह ने मंगलवार को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र ददरौल के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न जनहितकारी प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं, आवश्यकताओं एवं विकास संबंधी प्राथमिकताओं से अवगत कराया। उन्होंने सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से जुड़े प्रस्ताव मुख्यमंत्री



के समक्ष रखे। मुख्यमंत्री ने सभी प्रस्तावों को गंभीरता से सुनते हुए उन पर सकारात्मक विचार एवं आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि ददरौल विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास तथा जनकल्याण के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। विकसित ददरौल और विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने के लिए सभी मिलकर कार्य कर रहे हैं। भेंट के उपरांत विधायक ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग से क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपनी पुत्रवधू अलका पत्नी स्व. बबलू को उसके गलत आचरण के चलते उससे संबंध विच्छेद कर अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। **रजनी उर्फ रामकुमारी पत्नी स्वर्गीय रामदास नि .मोहल्ला गदियाना चुंगी, शाहजहांपुर।**

## खबरें एक नजर में

### हाईडिल कालोनी में बाउंड्री निर्माण का कार्य अधर में, आरोप-प्रत्यारोप जारी



**फतेहपुर।** अधीक्षण अभियंता कार्यालय विद्युत में उस समय अफरा तफरी मच गई जब विद्युत विभाग के द्वारा कार्यालय परिसर में बाउंड्री बनवाने के लिए कार्य शुरू किया गया। इस दौरान देखते ही देखते वहां पर भीड़ एकत्र होना शुरू हो गई। वहीं अधीक्षण अभियंता विद्युत इंजीनियर अनिल वर्मा ने बताया कि वह विद्युत विभाग की जमीन में बाउंड्री वाल का कार्य करवा रहे थे तभी संजय पांडे अपने साथियों के साथ आकर कार्य को रुकवा दिया और कहा कि यह जमीन उनकी है और उन्होंने कागजात भी दिखाए हैं। वही संजय पांडे मीडिया से रूबरू होते हुए बताया यह जमीन उन्होंने खरीदी है और यह जमीन उन्हीं की है। विद्युत विभाग के पास इसके कोई भी कागज नहीं है और बेवजह उनकी जमीन पर विद्युत विभाग समय-समय पर इस तरीके की हरकतें करता रहता है। उन्होंने कहा खतौनी में भी उनका नाम दर्ज है और उसके कागजात उनके पास मौजूद है। इस दौरान मीडिया को उन्होंने खतौनी में अपने नाम दर्ज के कागजात भी दिखाएं। अब इन हालातो में आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। वही जहां पूरी ताकत से इस जमीन को संजय पांडे अपनी बता रहे हैं और कागज भी दिख रहे हैं तो वही अधीक्षण अभियंता विद्युत इंजीनियर अनिल वर्मा ने कहा कि वह भी अपनी फाइलें निकलवाने के लिए कह दिए हैं। इस जमीन के बाबत वह पूरे दस्तावेज एकत्रित कर रहे हैं। कहां पर गड़बड़ी हुई है इस बात की गंभीरता से जांच के बाद ही इसका पटाक्षेप होगा। उन्होंने कहा क्योंकि विद्युत विभाग की जमीन है तो वहां पर विद्युत विभाग के करोड़ों के सामान पड़े रहते हैं लेकिन अब संजय पांडे इस जमीन को अपनी बता रहे हैं और कागज भी दिखा रहे हैं तो विद्युत विभाग भी अब इसमें पीछे नहीं रहेगा और सारे कागज एकत्रित करके यह तय होगा कि वास्तव में यह जमीन किसकी है फिलहाल आरोप प्रत्यारोप के बीच बाउंड्री वाल का कार्य रोक दिया गया है।

### मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक ने पुलिस बल के साथ किया पैदल गस्त



**कुलपहाड़/महोबा।** मोहर्रम पर्व के मद्देनजर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुरूद्ध कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक अवधेश मिश्रा सहित भारी पुलिस बल के साथ नगर के विभिन्न रास्तों में पैदल गस्त किया गया। गस्त के दौरान मोहर्रम जुलूस रास्ते में फेले अतिक्रमण को हटाने के सख़्त निर्देश दिए गए। साथ ही नगर के टिलवापुरा, पुरवनपुरा, नजरबाग आदि मोहल्लों में जाकर इमाम बाड़ों व इमाम चौकों को चैक किया। और वहां उपस्थित ताजिया दारों से वार्ता कर मोहर्रम जुलूस के बारे में जानकारी हासिल की। वहीं बाजार में जाकर दुकानदारों से दुकान के बाहर अतिक्रमण न करने की हिदायत दी। रास्ते में हाथ ठिलिया वाले, सब्जी वालों व आड़ी तिरछी खड़ी बाइक चालकों को कड़ी फटकार लगाते हुए, दोबारा रास्ता जाम न करने की हिदायत दी। इस अवसर पर उपनिरीक्षक विकास तिवारी, उपनिरीक्षक मोहम्मद शोएब, उपनिरीक्षक अनिल कुमार सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### घर से सोने-चांदी के आभूषण चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**उरई (जालौन)।** थाना कैलिया पुलिस ने चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गए सोने और चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. ईशान सोनी के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कैलिया पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार रागनी नामक महिला ने थाना कैलिया में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके घर से सोने और चांदी के आभूषण चोरी हो गए हैं। शिकायत में ग्राम किशुनपुरा निवासी रामकुमार पुत्र मुन्नीलाल अहिरवार पर चोरी का आरोप लगाया गया था। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना कैलिया में मुकदमा अपराध संख्या 51/26 के तहत धारा 331(4), 305 बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने जांच शुरू की और आरोपी की तलाश में जुट गई। थाना कैलिया पुलिस द्वारा क्षेत्र में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान आरोपी रामकुमार पुत्र मुन्नीलाल अहिरवार (उम्र लगभग 34 वर्ष) निवासी ग्राम किशुनपुरा थाना कैलिया जनपद जालौन को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गए सभी आभूषण बरामद कर लिए, जिसके चलते चोरी गए माल की शत-प्रतिशत बरामदगी सुनिश्चित हुई। बरामद किए गए सामान में एक मंगलसूत्र, मनचली, पांच लॉकेट सहित पीली धातु के आभूषण तथा सफेद धातु के आभूषणों में एक बिछुआ, एक हाफपेटी, एक पायल, चार जोड़ी बिछिया और एक कछुआ छाप अंगूठी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की भी बढ़ोतरी की गई है। गिरफ्तार आरोपी रामकुमार के विरुद्ध वर्तमान में थाना कैलिया में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 51/26 का मामला प्रकाश में आया है। वहीं पुलिस उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी आसपास के थानों एवं जनपदों से भी जुटा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि वह पूर्व में किसी अन्य आपराधिक घटना में शामिल रहा है या नहीं। थाना कैलिया पुलिस की इस कार्रवाई से चोरी की घटना का खुलासा होने के साथ ही पीड़िता को उसके चोरी गए आभूषण वापस मिलने की उम्मीद जगी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफकठोर कार्रवाई की जाएगी।

# महिला आयोग की सदस्या ने जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या अंजू प्रजापति की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में दूर-दराज से आई महिलाओं की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। इस दौरान कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुईं। प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, प्राथमिकता के आधार पर तथा समयबद्ध ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत पिछली जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों तथा महिला संरक्षण से संबंधित विभिन्न कानूनों एवं योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। अंजू प्रजापति ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक शत-प्रतिशत पहुंचाया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जाने पर विशेष बल दिया। तत्पश्चात सदस्या न जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, के दौरान एनआरसी सेंटर, ओपीडी, लेबर रिम्ट, महिला वार्ड, दवा वितरण, अल्ट्रासाउंड कक्ष आदि को देखा और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराए। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बकेवर थाने में एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने सुनीं जनसमस्याएं



**बकेवर, फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पूर्व निर्धारित जनसुनवाई रोस्टर के तहत बुधवार को बकेवर थाना में जनसुनवाई कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 11 मामले सामने आए, जिनमें अधिकांश शिकायतें राजस्व संबंधी थीं। मामलों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं एक मामले में मुकदमा पंजीकृत करने के आदेश भी दिए गए। जनसुनवाई से पहले पुलिस अधीक्षक ने थाने का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मालखाना, भोजनालय, पुलिसकर्मियों के आवास, मिशन शक्ति केंद्र तथा बैरकों का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अभिलेखों के रखरखाव, साफ-सफाई तथा पुलिसकर्मियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान बिन्दकी सीओ गौरव शर्मा, थाना प्रभारी तुषार श्रीवास्तव सहित समस्त पुलिस बल मौजूद रहा। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी, व्यापारी एवं क्षेत्रीय नागरिक भी शामिल हुए।

**सड़क सुरक्षा को लेकर किया जागरूक:** एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने उपस्थित लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें तथा यातायात नियमों का पालन कर स्वयं और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता ही दुर्घटनाओं को कम करने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

## प्रदेश अध्यक्ष ने किया अपना दल यस कार्यालय का उद्घाटन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



चित्रांश नगर सीपीएस गेट के सामने अपना दल यस के जिला कार्यालय का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। इस दौरान गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल की अध्यक्षता में प्रदेश अध्यक्ष जाटव आर पी गौतम मुख्य अतिथि एवं विनोद गंगवार राष्ट्रीय सचिव विशिष्ट अतिथि साथ में राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी/एसटी मंच सत्य प्रकाश कुरील मौजूद रहे। इस दौरान जनपद की 6 विधानसभा क्रमबद्ध तरीके से समीक्षा प्रदेश अध्यक्ष के द्वारा की गई साथ में जिला कार्यकारिणी के गठन की समीक्षा की गई और जनपद में संगठन मजबूत बनाने के लिए संगठन बूथ स्तर तक कंप्लीट करने के लिए गुरु मंत्र भी पदाधिकारी को दिया गया। यह समीक्षा अनवरत 12 बजे से 5 बजे तक की गई। समीक्षा बैठक कार्यालय उद्घाटन में सभी उपाध्यक्ष, जिला सचिव, महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष फ्रंटल के साथ सभी पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

## झोलाछाप डाक्टर के गलत आपरेशन से इलाज के दौरान महिला की मौत, रिपोर्ट दर्ज

- महिला के चेस्ट में थी गाठ सौरा के नवल चिकित्सालय के झोलाछाप डाक्टर ने कर दिया आपरेशन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मलवां थाना क्षेत्र के सौरा में खोले गए नवल चिकित्सालय में महिला को गलत आपरेशन करने पर इलाज दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप जब महिला की हालत बिगड़ने तो मरीज को घर ले जाने को कहा गया। मामले की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी हैं। थाना क्षेत्र के गांव हिम्मत खेडा निवासी सुनील कुमार पुत्र स्व0 धर्मेन्द्र कुमार ने बताया पत्नी शिवानी (20) के चेस्ट में गाँठ थी जिससे पत्नी को 14 जून 2026 को समय करीब शाम 4.30 बजे नवल चिकित्सालय सौरा थाना मलवां में दवा लेने गया था। जहां झोलाछाप डाक्टर नवल ने पत्नी को दवा दिया और ग्लूकोज भी लगाया आराम मिलने पर बिना जाँच किये डाक्टर ने मेरी मर्जी के चेस्ट की गाँठ का आपरेशन कर दिया। पति ने बताया उसी रात को घर ले जाने को कहां गया जब सुबह पत्नी को अस्पताल लेकर पहुंचा तो उक्त डाक्टर ने मेरी पत्नी को दवा दी इन्जेक्शन लगाया और कहा फतेहपुर ले जाओ उक्त डाक्टर ने पत्नी का इलाज किया तो हालत बिगड़ती गई। जिसे फतेहपुर शहर के विकाश नर्सिग होम लेकर गया समय सुबह 9 बजे वहाँ के डाक्टर ने मुझे बताया मरीज की तबीयत ज्यादा बीगडी है यहाँ से कानपुर ले जाओ तो सांई राम चौरिटेबल हास्पीटल में इलाज के दौरान 16 जून 2026 को सुबह 7 बजे शिवानी की मृत्यु हो गयी। आरोप डॉ. नवल द्वारा गलत तरीके से इलाज करने से शिवानी की मृत्यु हो गयी। मामले की जानकारी स्वास्थ्य महकमें को मंगलवार को हुई तो को जांच टीम पहुंची उपरोक्त चिकित्सालय की सील कर दिया। और मामले की जांच शुरू कर दिया हैं। झोलाछाप डाक्टर केवई मलाका गांव का रहने वाला बताया जा रहा हैं।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर चार दिवसीय विकास प्रदर्शनी का शुभारंभ

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



केन्द्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवायोजन कार्यालय जनपद में आयोजित चार दिवसीय विकास प्रदर्शनी का आज भव्य शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक राकेश गोस्वामी, विधान परिषद सदस्य जितेन्द्र सिंह सेंगर, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा द्वारा फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने केन्द्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित जानकारी प्रदर्शित की गई।

प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से आमजन को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ने एवं उनकी समस्याओं के समाधान हेतु विशेष व्यवस्था भी की गई है।

मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विभागीय स्टॉलों पर उपलब्ध कराई जा रही जानकारी की सराहना की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं ने समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है। प्रदर्शनी के दौरान सेवायोजन कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया, जिसमे योग्य प्रतिभागियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। चार दिवसीय यह प्रदर्शनी आमजन के लिए निःशुल्क खुली रहेगी, जिससे नागरिक सरकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, उपजिलाधिकारी सदर शिवध्यान पांडे, प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## डीएम-एसपी ने मोहर्रम पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक में दिए निर्देश

- ताजियेदारों एवं आयोजन समितियों के साथ समन्वय बनाए रखने व जुलूस मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश दिए



**महोबा।** जिलाधिकारी ग़ज़ल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार महोबा में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय शांति समिति (पीस कमेटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों, प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ताजियेदारों एवं आयोजन समितियों के साथ सतत समन्वय बनाए रखने, वालंटियर नामित कर उन्हें पहचान-पत्र जारी करने तथा जुलूस मार्गों पर समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी वर्गों से मोहर्रम पर्व को आपसी भाईचारे, शांति एवं सामाजिक सौहार्द के साथ संपन्न कराने की अपील की गई है।

## जन चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान, विधायक गौरीशंकर वर्मा ने दी विकास कार्यों की सौगात

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विकासखंड जालौन के ग्राम माडरी में आयोजित रात्रि जन चौपाल में उरई सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं और विकास कार्यों को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं।

चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने सड़क, आवास, अतिक्रमण सहित विभिन्न समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने गांव में सामुदायिक मिलन घर के निर्माण की घोषणा की तथा जर्जर सड़क के निर्माण के लिए 52 लाख रुपये का टेंडर स्वीकृत होने की जानकारी दी। साथ ही आश्वासन दिया कि आगामी दो माह के भीतर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराया जाएगा। विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि प्रदेश और केंद्र सरकार गांवों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं तथा हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं को जाना और विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया। रात्रि प्रवास के दौरान विधायक ने एक ग्रामीण परिवार के यहां भोजन कर गांव के लोगों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। ग्रामीणों ने विधायक की सहजता और जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि का गांव में रुककर लोगों की बात सुनना सकारात्मक पहल है। ग्रामीणों का कहना है कि विधायक लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं, जिससे स्थानीय समस्याओं के समाधान में तेजी आई है। चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को अपनी बात सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुंचाने का अवसर मिला, जिससे लोगों में संतोष और विश्वास का माहौल देखने को मिला।

## अचानक वोल्टेज बढ़ने से लगी आग से गरीब की गृहस्थी हुई खाक

- चाट का ठेला लगाने वाले पीड़ित के घर में रखे विधुत उपकरण सहित दो मोटर साइकिल भी हुई जलकर तबाह, मदद की गुहार

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा पनवाड़ी के काजी पुरा तालाब के समीप बने एक घर मे मध्य रात्रि अचानक से आग फ्रीजर में लग जाने से घर का सामान जलकर राख हो गया। शोरगुल सुनकर पहुंच पड़ोसियों के साथ किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

गौरतलब हो कि कस्बा के काजीपुरा का रामगोपाल ढीमर बाजार में प्रतिदिन चाट का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। पिछली मध्य रात्रि अचानक से वोल्टेज बढ़ जाने से घर में रखे फ्रीजर ने आग पकड़ ली , शोरगुल सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया गया लेकिन जब तक बहुत देर हो चुकी थी घर मे रखे सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण राख में तब्दील हो गए और रखी दो मोटरसाइकिल भी जलकर तबाह हो गई, घरेलू कीमती सामान भी जल कर बेकार हो गया । सूचना पर पुलिस कर्मी भी आ पहुंचे। पीड़ित का कहना है रात्रि को अचानक बिजली के आने पर फ्रिज में आग लग गई और सबकुछ जलकर बर्बाद हो गया। घर में आग लग जाने से भारी किल्लत आ गई है। पीड़ित ने प्रशासन से जांच कराकर उचित मुआवजा दिलाने की मांग की जिससे पीड़ित अपनी दो वक्त की रोटी के लिए न जूझने के लिए मजबूर हो।

### कुएं में गिरने से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**उरई (जालौन)।** थाना क्षेत्र के रेंढ़र गांव में मंगलवार को एक युवक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। संदीप रजक (33 वर्ष) पुत्र हरिशंकर रजक निवासी रेंढर सुबह लगभग 11 बजे कथित रूप से शराब के नशे की हालत में घर के सामने बने कुएं में गिर गया। लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी तथा युवक को कुएं से बाहर निकालने का प्रयास शुरू किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने भी ग्रामीणों के साथ मिलकर युवक को कुएं से बाहर निकलवाया। कुएं में गिरने के कारण उसके शरीर में पानी भर गया था गंभीर अवस्था में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज उरई में उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

## राम मंदिर में चढ़ौती की रकम हेराफेरी को लेकर अधिवक्ता बिफरे



**कालपी (जालौन)।** अयोध्या में राम जन्म भूमि मन्दिर में श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित धनराशि में हेराफेरी को लेकर देवेन्द्र श्रीवास्तव एडवोकेट ने अपने साथियों के साथ तीन सूत्रीय ज्ञापन राज्यपाल को सम्बोधित एसडीएम को देकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। बुधवार को वरिष्ठ अधिवक्ता देवेन्द्र श्रीवास्तव ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए बताया कि अयोध्या में राम मंदिर जन्म भूमि में आये चन्दे व चढावें में हुई हेराफेरी को संज्ञान में लेते हुए उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की जाये तथा जांच में जो भी व्यक्ति दोषी पाया जाये उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाए तथा जांच आख्या तथा की गयी कार्यवाही से प्रार्थी व जनमानस को अवगत कराया जाये जिससे भक्तों का पुना विश्वास स्थापित हो सके तथा पुनरावृति न हो। उन्होंने कहा कि चढावा प्रत्येक सनातनी भक्त की आस्था श्रद्धा समर्पण एवं विश्वास का प्रतिक है। चढावा धन का दुरुपयोग होना न केवल आर्थिक अपराध है अपितु करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करने बाला कृत्य है। ऐसी खबरों से मन्दिर ट्रस्ट एवं शासन, प्रशासन पर से आम जनता का विश्वास डगमगाता है। भक्तों की भावनाओं की रक्षा हेतु शीघ्र प्रभावी कदम उठाये जाने की मांग की है। ज्ञापन देने में सौरभ तिवारी, राजेश यादव, शशि वाथम, साहिर हाशिमी, राहुल आदि अधिवक्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## मोदी के नेतृत्व में देश की दिशा और दशा दोनों बदल गईः बाबूराम

- जब निर्णय राष्ट्र के लिए होते, तब सरकार केवल शासन नहीं बल्कि सेवा का माध्यम बनती

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



भारतीय जनता पार्टी ने 12 साल विश्वाश विकास जनकल्याण के तहत प्रबुद्ध जन सम्मेलन जेल रोड रोड स्थित गेस्ट हाउस में किया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद रहे। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की।

प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि बाबूराम निषाद ने कहा कि देश की जनता ने पिछले 12 वर्षों में बार-बार यह साबित किया है कि जब निर्णय राष्ट्र के लिए किए जाते हैं जब सरकार केवल शासन नहीं बल्कि सेवा का माध्यम बनती है। तब जनता उसका साथ भी देती है और उस पर भरोसा एवं विश्वास भी व्यक्त करती है। मोदी के नेतृत्व में देश की दिशा और दशा दोनों बदल गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा कहा है कि सरकार में पहला अधिकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं का है। पिछले 12 वर्षों में हमने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को केवल कार्यों पर नहीं बल्कि धरातल पर उतरते देखा है पहले गांव से शहर जाने में 8-8 घंटे लगते थे आज वही मात्र 3 घंटे में पूरा हो जाता है गांव में करीब 8 लाख किलोमीटर पक्की सड़क बन चुकी हैं जिनमें से लगभग चार लाख किलोमीटर पिछले 12 वर्षों में बनी है। सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने बताया कि 500 वर्षों के इंतजार के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण हुआ साथ ही काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का निर्माण उज्जैन में महाकाल लोक का निर्माण और केदारनाथ धाम का भव्य पुनर्निर्माण करोड़ भारतीयों की आस्था का सम्मान है। इन 12 वर्षों में हमने बुद्ध सर्किट और राम सर्किट का तीव्र विकास किया है 1700 करोड़ से अधिक खर्च कर तीर्थ स्थलों का कायाकल्प किया जा रहा है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि अब विकसित भारत के जन संकल्प के साथ-साथ जन जन के सशक्तिकरण की यह धारा अविरल बह रही है हमें इस विकास की धारा को और तेज करना है। भाजपा जिला अध्यक्ष ने सम्मेलन में आए सभी प्रबुद्धजनों चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, शिक्षकों, प्रोफेसरों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह, अरुण मेहरोत्रा, बृजभूषण सिंह, नागेंद्र गुप्ता, संजीव उपाध्याय, मनोज राजपूत संतोष गुप्ता तरुण तिवारी शंभू दयाल, विनोद अहिरवार, मनोज यादव, पुष्पेंद्र सेंगर, संजय सिंह, शिबू गुप्ता, अनिल कुदारी सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की भारतीय जीवन बीमा निगम में मेरा पालसी नम्बर 236991393 में शादी से पहले मेरा नाम रूपा गुप्ता पुत्री राम किशुन गुप्ता पता मोहल्ला शास्त्री नगर स्टेशन रोड मनकापुर गोण्डा उत्तर प्रदेश 271302, शादी के बाद मेरा नाम रूपा चतुर्वेदी हो गया है निवासी पता बहराइच रोड, तिवारी पुरवा, गोंडा, उत्तर प्रदेश, 271001 दर्ज है, दोनों नाम हमारे ही हैं, अब मुझे रूपा गुप्ता उर्फ रूपा चतुर्वेदी पत्नी ब्रह्मा प्रसाद चतुर्वेदी के नाम से जाना जाए ।

# एसडीएम व बार एसोसिएशन के बीच चल रहा विवाद और बढ़ा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील परिसर में बार एसोसिएशन और एसडीएम के बीच चल रहा विवाद मंगलवार को और बढ़ गया। बार एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे बहिष्कार के दौरान एसडीएम न्यायालय में पुकार कराने का विरोध करने पहुंचे अधिवक्ताओं और राजस्वकर्मियों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद हाथापाई हो गई। इसके बाद तहसील परिसर में ही अधिवक्ता धरना प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को निलंबित वह स्थानांतरित करने के अलावा अध्यक्ष अचल कुमार मिश्रा के साथ हाथापाई करने वाले लोगों के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही के अलावा मुकदमा दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अचल कुमार मिश्रा ने आरोप लगाया कि विरोध के दौरान कुछ लेखपालों ने उनके व अन्य अधिवक्ताओं के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की। दो लेखपालों ने उनकी गर्दन दबाने का भी प्रयास किया। इससे उनकी जान को खतरा उत्पन्न हो गया। उन्होंने आरोप लगाया कि अन्य अधिवक्ताओं के मौके पर पहुंचने से स्थिति और गंभीर होने से बच गई। घटना के बाद वकीलों द्वारा तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन और नारेबाजी शुरू कर दी गई है जो लगातार जारी है। वहीं दूसरी तरफ एसडीएम राजेश विश्वकर्मा ने भी अधिवक्ताओं पर सहयोग का आरोप लगाते हुए बताया कि 20 अप्रैल से 29 मई के बीच लगातार चार अनुरोध पत्र भेजे जाने के बावजूद बार एशोसिएशन के पदाधिकारी वार्ता के लिए नहीं आए यही नहीं जिलाधिकारी बाराबंकी को सैकड़ो अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर युक्त शिकायती पत्र भेजकर उनके स्थानांतरण की मांग की। उनके स्थानांतरण को लेकर जिलाधिकारी से समय लिया फिर भी मुलाकात करने नहीं गए। एसडीएम ने कहा कि यदि मेरे ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप है तो अधिवक्ताओं को जिलाधिकारी से मिलना चाहिए था और अपनी बात रखते हुए भ्रष्टाचार के सबूत भी प्रस्तुत करने चाहिए थे क्योंकि क्योंकि कोई भी उच्च अधिकारी यह नहीं चाहेगा कि भ्रष्टाचार में लिप्त कोई अधीनस्थ कार्य करें क्योंकि यह शासन की मनसा की विपरीत है।

## एएसपी ने सर्राफा व्यसाइयों के साथ किया बैठक

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) द्वारा जनपद के व्यापार मण्डल व सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों/ व्यापारिक बन्धुओं के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। को रिजर्व पुलिस लाइन्स बाराबंकी स्थित सभागार में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा जनपद के व्यापार मंडल व सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों/ व्यापारिक बन्धुओं के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में व्यापारियों की सुरक्षा व पुलिस स्तर की अन्य समस्याओं के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। साथ ही व्यापारी बन्धुओं से मुख्य मार्गो एवं चौराहों को अतिक्रमण मुक्त रखने की अपील की गई।

## सरयू की बालू खनन से बाढ़ सुरक्षा की तैयारियों पर उठ रहे सवाल



**रामनगर बाराबंकी।** सरयू नदी में पिछले करीब एक माह से चल रहे बालू खनन कार्य को लेकर क्षेत्र में बाढ़ सुरक्षा तैयारियों पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कोरिनपुरवा-सिसौन्डा गांव के निकट बड़े पैमाने पर किए जा रहे खनन से नदी किनारे बसे गांवों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। जानकारी के अनुसार, रामनगर तहसील क्षेत्र अंतर्गत सरयू नदी किनारे स्थित कोरिनपुरवा-सिसौन्डा गांव के पास मशीनों के जरिए बड़े स्तर पर बालू खनन कराया जा रहा है। जबकि दूसरी ओर बाढ़ का मौसम शुरू होने वाला है और प्रशासन कटान रोकने तथा बाढ़ सुरक्षा के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर पिचिंग,ठोकर निर्माण और जल कटान रोकने के कार्य करा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर खनन हो रहा है, वहां से लगभग 200 मीटर की दूरी पर बाढ़ सुरक्षा कार्य भी चल रहे हैं। ऐसे में बड़े पैमाने पर बालू निकासी से कोरिनपुरवा, सिसौन्डा समेत नदी किनारे बसे दर्जनों गांवों में कटान और बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में शिकायतें भी की जा चुकी हैं तथा समाचार भी प्रकाशित हुए हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते खनन पर रोक नहीं लगाई गई तो बाढ़ के दौरान नदी का रुख बदल सकता है और कई गांव कटान की चपेट में आ सकते हैं।

# क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में जलालपुर व जैदपुर की टीमों ने दर्ज की जीत



**समृद्धि न्यूज़, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।**

पंजरौली गांव में चल रही क्रिकेट लीग के टूर्नामेंट में बुधवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। इन मैचों में जलालपुर और जैदपुर की टीमों ने जीत हासिल की। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।पहला मुकाबला जलालपुर और रामसहाय टीमों के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जलालपुर की टीम ने 8 ओवर में 83 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। टीम के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ शॉट लगाकर दर्शकों का मनोरंजन किया।लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामसहाय की टीम जलालपुर की कसी हुई गेंदबाजी के आगे टिक नहीं सकी। रामसहाय की पूरी टीम 7.6 ओवर में ही ऑलआउट हो गई।

इस तरह जलालपुर ने यह मैच एकतरफा अंदाज में अपने नाम कर लिया।मैच के बाद कांग्रेस पार्टी के मंडल अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा ने विजेता टीम जलालपुर के कप्तान सतीश बाबा को उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी से सम्मानित किया।दूसरा मुकाबला जैदपुर और तुलीपुर के बीच बेहद कांटे का रहा।

टॉस जीतकर जैदपुर ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और निर्धारित 8 ओवर में 70 रन बनाए।जवाब में तुलीपुर की टीम ने जीत के लिए पूरा जोर लगाया, लेकिन वे 8 ओवर में 60 रन ही बना सकी। जैदपुर ने यह रोमांचक मैच 10 रन से जीत लिया। जैदपुर के कप्तान मोहम्मद तैस को उनकी मैच जिताऊ पारी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।इस अवसर पर अमन वर्मा, श्यामू, विनित, अजय, नितिन यादव, मनोज, सहित सैकड़ो दर्शक मौजूद रहे।

# पहली मोहर्रम पर 'या हुसैन' की सदाओं से गूंजे इमामबाड़े और अजाखाने

- चांद दिखते ही ग़म-ए-हुसैन में डूबा बाराबंकी, सुहागिनों ने तोड़ीं चूड़ियां, काले लिबास में शुरू हुई अज़ादारी
- 'करबला कमालाते बशरियत का मजमुआ है': मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** मोहर्रम का चांद नज़र आते ही बाराबंकी की फ़िज़ाओं पर ग़म-ए-हुसैन की चादर फैल गई। बीती रात चांद दिखाई देने के साथ ही सुहागिन महिलाओं ने इमामबाड़ा करबला पहुंचकर परंपरानुसार अपनी चूड़ियां तोड़ दीं और शहादत-ए-इमाम हुसैन (अ.स.) के ग़म में शरीक हो गईं। महिलाओं और पुरुषों ने काले लिबास धारण कर अज़ादारी का आग़ाज़ किया। पहली मोहर्रम के साथ ही शहर और ग्रामीण इलाकों के इमामबाड़ों, अजाखानों और इबादतगाहों में मजलिसों का सिलसिला शुरू हो गया, जहां हर तरफ़ 'या हुसैन, या हुसैन' की सदाएं गूंजती रहीं और अज़ादारों ने अश्कों के जरिए शहीदान-ए-करबला को ख़िराज-ए-अकीदत पेश किया।

मौलाना गुलाम अस्करी हॉल में सुबह आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए देश के जाने माने आलिम ए दीन मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी साहब ने कहा कि 'करबला कमालाते बशरियत का मजमुआ है। यह इंसानियत, सब्र, वफ़ादारी, त्याग और हक़ की राह में डटे रहने की सबसे बड़ी मिसाल है। इमामबाड़ा मीर मासूम अली कटरा में आयोजित अशरे की पहली मजलिस को खिताब करते हुए इस्लाह के एडिटर मौलाना जाबिर जौरासी साहब ने कहा कि करबला इंसानियत की सबसे बड़ी तालीमगाह है। उन्होंने कहा कि शहीद कभी कमज़ोर नहीं होता बल्कि उसकी शहादत उसके मिशन को और अधिक मज़बूत बना देती है। आग़ा फ़य्याज़ मियांजानी के अजाखाने में आयोजित मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना फ़ैज़ान मेहदी ज़ैदपुरी साहब ने कहा कि करबला हक़ और बातिल के बीच होने वाले संघर्ष का नाम है। यह जंग हथियारों से नहीं बल्कि ईमान, यक़ीन और बुलंद हौसलों से जीती गई थी। इस अवसर पर डॉ. रज़ा मौरानवी और हाजी सरवर अली करबलाई ने अपने कलामों के जरिए अकीदत पेश की। रसूलपुर में मरहूम मोहम्मद मोहसिन साहब के अजाखाने की मजलिस को खिताब करते हुए आयतुल्लाह सैयद अली सिस्तानी साहब के भारत में नुमाइंदे मौलाना अशरफ़ अली गर्वी साहब ने कहा कि अशरा-ए-मोहर्रम को केवल एक परंपरा या रस्म के रूप में नहीं बल्कि इबादत और आत्मसुधार के अवसर के रूप में मनाना चाहिए। करबला सिविल लाइंस में मौलाना हिलाल अब्बास साहब और रिफ़ाकत रिजवी के अजाखाने में मौलाना अली मेहदी साहब ने फ़लसफ़ा-ए-करबला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इमाम हुसैन (अ.स.) की ज़िंदगी इंसानियत, न्याय और सत्य के लिए संघर्ष का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने युवाओं से करबला के संदेश को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया। वक़्फ़ नवाब अमजद अली खां, बेगमगंज के अजाखाने में मौलाना इमरान शकील रिजवी ने अपने संबोधन में कहा कि अल्लाह हमेशा मज़लूमों के साथ होता है, ज़ालिमों के साथ नहीं। अहलेबैत की मोहब्बत के बिना कोई भी अमल मुकम्मल नहीं हो सकता। मजलिस के बानी सरवर अली रिजवी ने सभी अज़ादारों का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने का कार्य किया गया: अध्यक्ष

**शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार हुआ**

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** केन्द्र सरकार के 12 वर्ष व प्रदेश सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सामुदायिक केन्द्र, रतापुर में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं विकास प्रदर्शनी' का आयोजन किया गया। अध्यक्ष, उ0प्र0 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आयोग बैजनाथ रावत, अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी, अध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता द्वारा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ0प्र0 द्वारा केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों स्थापित किये गये नये कीर्तिमानों पर आधारित विकास प्रदर्शनी का फीता काट कर अतिथियों द्वारा शुभारंभ कर प्रदर्शनी का अवलोकन किया, इसके पश्चात विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का भी अवलोकन किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकसित भारत के संकल्प पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत 20-20 लोहार एवं नाई ट्रेड की किट, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी के 04 युवाओं को 05-05 लाख के लोन का डमी चेक तथा 05 किसानों को मिनीकिट एवं 10-10 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किये गये।



### निबन्धन कार्यालय के निजीकरण के विरोध में अधिवक्ता और दस्तावेज लेखक, कार्य ठप

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** सरकारी विभागों, उपक्रमो के निजीकरण में एक और कदम बढाते हुए सरकार ने निबन्धन कार्यालय भी निजी हाथों को सौप दिया है। अब बैनामा, वसीयत, वरासत से लेकर सभी कार्य एक निजी कंपनी करेगी। सरकार के इस फैसले के विरोध अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों ने कार्य बहिष्कार किया जिससे रजिस्ट्री कार्य ठप रहे। निबंधन विभाग के निजीकरण के विरोध में उप निबंधक कार्यालय नवाबगंज में अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प वेंडरों ने जोरदार प्रदर्शन कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। कलमबंद और तालाबंदी के चलते बुधवार को रजिस्ट्री संबंधी सभी कार्य प्रभावित रहे। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि विभाग का निजीकरण आम जनता और संबंधित पेशों से जुड़े लोगों के हित में नहीं है। मांगों के समाधान तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी गई है। अधिवक्ताओं, दस्तावेज लेखकों और स्टाम्प वेंडरों ने एकजुट होकर सरकार से निर्णय वापस लेने की मांग की है।



## निर्माण कार्य में बाधक वृक्षों की 23 जून को होगी नीलामी

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** संजय गांधी राजकीय पॉलीटेक्निक जगदीशपुर के प्रधानाचार्य रामरतन ने बताया कि संस्थान परिसर में टाटा टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा स्थापित किए जा रहे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के निर्माण कार्य में बाधक वृक्षों की नीलामी 23 जून को अपराह्न 12:30 बजे आयोजित की जाएगी। नीलामी प्रक्रिया संस्थान परिसर में संपन्न होगी। जिसमें इच्छुक व्यक्ति एवं फर्में प्रतिभाग कर सकती हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि नीलामी में सर्वाधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति अथवा फर्म को संबंधित वृक्षों के कटान एवं उन्हें परिसर से हटाने की अनुमति प्रदान की जाएगी। नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों एवं फर्मों को सभी आवश्यक वैधानिक अभिलेख पूर्ण करने के उपरांत ही नीलामी में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी।

## मुहर्रम पर्व के दृष्टिगत डीएम व एसपी ने की पीस कमेटी की बैठक

**समृद्धि न्यूज़, अमेठी।** आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने अधिकारियों, विभिन्न संप्रदायों के धर्मगुरुओं एवं जिले के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ संयुक्त पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। बैठक में मुहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि मुहर्रम का पर्व आपसी सद्भाव एवं शांति का संदेश देता है। उन्होंने सभी धर्मगुरुओं एवं गणमान्य नागरिकों से अपील की कि वे आपसी समन्वय बनाए रखते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें तथा धर्मगुरुओं एवं स्थानीय नागरिकों के साथ नियमित संवाद बनाए रखें। पुलिस अधीक्षक ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमण करें तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी बनाए रखें। उन्होंने सभी आयोजकों एवं धर्मगुरुओं से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि मुहर्रम के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मातमी जुलूसों के दौरान किसी भी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र का प्रयोग न किया जाए तथा सभी लोग सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों का पालन करें।

## 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में 21 जून को 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में आयोजित किया जाएगा, जिसमें करीब 500-600 लोग प्रतिभाग कर सामूहिक रूप से योगाभ्यास करेंगे, कार्यक्रम प्रातः 6 बजे से 8 तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा जनपद की सभी तहसीलों, नगर निकायों, विकासखंडों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ वेलनेस सेंटर, विद्यालयों, पंचायत भवनों, अमृत सरोवर, स्टेडियम आदि जगहों पर भी योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री जी भी प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थलों पर साफ-सफाई दुरुस्त किया जाए, शौचालय की व्यवस्था होनी चाहिए।

पीने के पानी की भी व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर कराए जाने के निर्देश दिये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को डॉक्टरों, आवश्यक दवाओं के साथ ही एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ज्योति सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, आयुर्वेद विभाग के चिकित्सक/कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ अनुपम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने की खड़ंजा निर्माण की मांग

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**



विकासखंड क्षेत्र संग्रामपुर के पूरे तिवारी शुक्लहिया मजरे सरैया कनू के ग्रामीणों ने गांव तक खड़ंजा निर्माण कराने की मांग उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि काली सड़क से गांव तक जाने वाला मार्ग कच्चा होने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों ने बताया कि खंड विकास अधिकारी संग्रामपुर को लिखित शिकायत देकर शीघ्र खड़ंजा निर्माण कराने की मांग की गई है। इस मौके पर जोखू प्रसाद तिवारी, त्रिवेणी प्रसाद तिवारी, मनोज कुमार तिवारी, संतोष कुमार तिवारी, राजाराम तिवारी, विमल तिवारी, कमलेश तिवारी, रामसेवक तिवारी, अनिल तिवारी, ओम तिवारी, ओपी तिवारी और राकेश तिवारी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# डॉ. प्रियंका मौर्य ने सीएचसी का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. प्रियंका मौर्या ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पड़ताल की। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर विभिन्न विभागों का भ्रमण किया और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान डॉ. मौर्या ने आपातकालीन कक्ष, प्रसूति वार्ड, महिला वार्ड, ऑपरेशन थिएटर तथा दवा वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती मरीजों और उनके परिजनों से बातचीत कर उपचार व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता और अस्पताल की अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अस्पताल परिसर में स्वच्छता, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और दवा भंडारण की स्थिति का भी अवलोकन किया। गर्मी के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए उन्होंने अस्पताल प्रशासन को पर्याप्त पेयजल, कूलर और पंखों की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल आने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। डॉ. मौर्या ने कहा कि प्रदेश सरकार नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# विकास भवन में प्रदर्शनी का शुभारंभ, पीएम स्वनिधि के लाभार्थियों को किया गया सम्मानित

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** केंद्र सरकार के सेवा, संस्कार, सुशासन एवं सम्मान के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में बुधवार को विकास भवन सभागार में भव्य चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु' एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने फीता काटकर किया। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं, उत्तर प्रदेश की प्रमुख आधारभूत संरचना परियोजनाओं, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों के विकास, आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था तथा विकसित उत्तर प्रदेश-2047 के विजन को चित्रों और प्रदर्श सामग्रियों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं, नीतियों और उपलब्धियों की जानकारी प्रदर्शित की गई। अतिथियों ने सभी स्टॉलों का अवलोकन कर विभागीय प्रयासों की सराहना की। इस दौरान पीएम स्वनिधि योजना के दो लाभार्थियों को भी लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम को



संबोधित करते हुए नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर 'गुरु' ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि आधुनिक सड़क, रेलवे, हवाई अड्डे, डिजिटल सेवाओं, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में हुए कार्यों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि वर्तमान सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन है। उन्होंने कहा कि आज गांव-गांव तक सड़क, बिजली, पेयजल, आवास, शौचालय, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं पहुंच रही हैं। सरकार का लक्ष्य गांव, गरीब, किसान और युवा के सर्वांगीण विकास के माध्यम से विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश का निर्माण करना है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, लाभार्थी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# मंडलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी में उद्यान मंत्री ने तीन कृषकों को किया सम्मानित

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा रायबरेली के कठवारा स्थित श्री महावीर सिंह स्मारक महाविद्यालय में आयोजित मंडलीय औद्यानिक उन्नयन गोष्ठी में जनपद के लगभग 200 किसानों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा किसानों को कार्यक्रम में शामिल कराया गया। गोष्ठी में किसानों को आधुनिक उद्यानिकी तकनीकों, संरक्षित खेती, जैविक खेती, ड्रिप सिंचाई, पॉलीहाउस, शेडनेट हाउस तथा उच्च मूल्य वाली



फसलों के उत्पादन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विभागीय विशेषज्ञों ने किसानों को उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं, अनुदान सुविधाओं एवं आय बढ़ाने के उपायों से अवगत कराया। गोष्ठी का मुख्य आकर्षण जिले के तीन प्रगतिशील किसानों का सम्मान रहा। सिंहपुर के रावत सुरेंद्र बहादुर सिंह को पॉलीहाउस में शिमला मिर्च उत्पादन, बाजारशुक्ल के चंद्रशेखर शुक्ला को ड्रैगन फ्रूट की सफल खेती तथा रसूलपुर निवासी विजय कुमार को स्ट्रॉबेरी उत्पादन में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए उद्यान मंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पांच-पांच पौधे देकर सम्मानित किया गया। समापन पर सभी किसानों को पौधरोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पांच-पांच पौधे वितरित किए गए। अधिकारियों ने किसानों से आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाकर विभागीय योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने की अपील की।

# प्राकृतिक खेती अपनाएं, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बचाएं: विधायक

**सघन खेत बचाओ अभियान के तहत 1882 किसानों को मिली जागरूकता**

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश सरकार की मंशानुसार ÷विकसित कृषि संकल्प सघन खेत बचाओ अभियान के तहत जनपद में 10 जून से 24 जून तक कृषक जागरूकता कार्यक्रम और प्रदर्शनी शिविर चल रहे हैं। अभियान का उद्देश्य किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड संतृप्तीकरण, मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग, प्राकृतिक-जैविक खेती, दलहन-तिलहन प्रोत्साहन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, नैनो उर्वरक और यूरिया-डीएपी के वैज्ञानिक उपयोग के प्रति जागरूक करना है। विकास खण्ड तालग्राम के ग्राम अनीभोज व मझपुर्वा, कुंअरपुर लोधपुर व कल्यानपुर तथा जलालाबाद के बछरज्जापुर व परसपुर में शिविर लगे। तालग्राम के अनीभोज में पूर्व खनन मंत्री विधायक अर्चना पांडेय ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति बचाने और उत्पादन लागत घटाने के लिए रासायनिक उर्वरक सीमित कर जैविक-प्राकृतिक खेती अपनाना जरूरी है।

किसानों से पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि बढ़ाने का आह्वान किया। जिला कृषि अधिकारी सन्तलाल गुप्ता ने नैनो उर्वरकों के उपयोग, संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन और मृदा स्वास्थ्य संरक्षण की जानकारी दी। बताया कि नैनो उर्वरक से उर्वरक दक्षता बढ़ती है, लागत घटती है और भूमि की उत्पादकता-सुधार होती है। भूमि संरक्षण अधिकारी, अपर जिला कृषि अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में लगभग 1,882 किसानों ने भाग लिया और कृषि की नई तकनीक व योजनाओं की जानकारी ली। शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण किया। राजस्व विभाग ने किसानों की वरासत-खतौनी संशोधन की समस्याएं निपटाईं। उद्यान, पशुपालन, समाज कल्याण आदि विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी और लाभ लेने को प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के वैज्ञानिक डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. सी.के. राय व अभिमन्यु ने सत्रों में सघन खेत बचाओ अभियान के उद्देश्य, मृदा स्वास्थ्य, प्राकृतिक खेती व उन्नत तकनीकों पर विस्तार से बताया। जनपद प्रशासन ने किसानों से अपील की कि अभियान के शिविरों में अधिक संख्या में शामिल होकर वैज्ञानिक, टिकाऊ व समृद्ध कृषि की दिशा में कदम बढ़ाएं।



# टहलते समय किसान को वाहन ने मारी टक्कर, गई जान

**सुबह टहलने निकले ग्रीनफील्ड हाईवे पाडेपुरवा गांव के सामने हुआ हादसा**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



सुबह तड़के टहलने के लिए निकले किसान की अलीगढ़ कानपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, मौत की खबर सुन परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची जसोदा पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए शव को मोर्चरी के लिए भेजा। बुधवार को जसोदा चौकी के क्षेत्र के पाडेपुरवा गांव निवासी रामकिशोर पांडे (52) पुत्र गिरजा शंकर पांडे सुबह तड़के लगभग 4:20 बजे टहलने के लिए ग्रीनफील्ड हाईवे अलीगढ़- कानपुर पर निकले टहलते समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर टक्कर से किसान मौके पर ही मौत हो गई और उनका सिर छत विक्षत हो गया, जिससे उनकी काफी देर तक पहचान नहीं हो सकी, राहगीरों सहित आसपास के ग्रामीणों ने उनकी पहचान की सूचना मिलने पर जसोदा पुलिस चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह हमराहियों के साथ पहुंचे और विधिक कार्रवाई करते हुए नेशनल हाईवे की एंबुलेंस से शव को मोर्चरी भिजवा दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई, बताया गया कि मृतक काफी दिनों से कैंसर से पीड़ित थे, जबकि इससे पहले मृतक के दो पुत्रों में से एक पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी थी, उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा जबकि वही गांव में मातम छाया हुआ है।

# डीसीएम की टक्कर से शादी के कार्ड बांटकर जा रहे युवक समेत दो घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



शादी के कार्ड बांटकर लौट रहे बाइक सवार दो युवक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा बरुआ सकलपुर के सामने शेर-ए-पंजाब ढाबा के पास हुआ, जहां पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। ग्राम वीलपुर पोस्ट कमलपुर महमूदिया थाना बेवर, जनपद मैनपुरी निवासी 24 वर्षीय शिवम यादव पुत्र श्रीकृष्ण यादव अपने मित्र पुष्पराज के साथ बाइक से शादी के निमंत्रण पत्र बांटने गए थे।

दोनों आज सुबह नगला बहोरी गांव से निकले थे और वापस लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 112 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सौ शैया अस्पताल पहुंचाया।

प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने दोनों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, डीसीएम की रफ्तार इतनी तेज थी कि बाइक को टक्कर मारने के बाद वह स्वयं भी पलट गई। परिजनों ने बताया कि पुष्पराज की शादी औरैया जनपद के तिलकपुर फार्म क्षेत्र निवासी श्वेता पुत्री रामस्वरूप यादव से तय है तथा 21 जून को लगुन आनी है। अपनी ही शादी के कार्ड बांटने गए पुष्पराज पांच बहनों का इकलौता भाई है।

## पाकिस्तान से जुड़े साइबर ठगी नेटवर्क में ढिपारी का युवक गिरफ्तार, परिवार में कोहराम



**छिबरामऊ, कन्नौज।** दिल्ली के रोहिणी जिले की साइबर थाना पुलिस ने पाकिस्तान से संचालित एक बड़े साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए भारत में सक्रिय उसके नेटवर्क से जुड़े तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में छिबरामऊ क्षेत्र के ढिपारी गांव निवासी 25 वर्षीय अंकित शावय भी शामिल है। पुलिस की कार्रवाई के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस ने 1 जून 2026 को अंकित को उसके घर से हिरासत में लिया और पूछताछ के लिए दिल्ली ले गई थी। बाद में जांच में उसके साइबर ठगी नेटवर्क से जुड़े होने की बात सामने आने पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। परिवार का कहना है कि उन्हें इसकी जानकारी 9 जून को प्रेमपुर चौकी के माध्यम से मिली, जिसके बाद अंकित के पिता अजब सिंह दिल्ली पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि गिरोह का सरगना मोहम्मद नूर आलम था, जो मूल रूप से बिहार का निवासी है और दिल्ली के मीठापुर क्षेत्र में किराये पर रह रहा था। आरोप है कि वह पिछले डेढ़ वर्ष से साइबर ठगी के लिए बैंक खातों की व्यवस्था कर रहा था। ठगी से प्राप्त धनराशि को क्रिप्टोकरेंसी में बदलकर पाकिस्तान में बैठे बिलाल नामक व्यक्ति को भेजा जाता था। जांच के दौरान 9 से 16 जनवरी 2026 के बीच विभिन्न बैंक खातों में 15.31 लाख रुपये के लेन-देन का पता चला। इसके आधार पर पुलिस ने पहले अंकित को गिरफ्तार किया, फिर कानपुर निवासी सैफ अंसारी और नूर आलम को भी दबोच लिया। मामले में आतंकी फंडिंग और देशविरोधी गतिविधियों के पहलुओं की भी जांच की जा रही है। उधर अंकित की पत्नी रीना देवी, मां मंजू देवी और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# योग सप्ताह में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में समेकित जन-जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत योग सप्ताह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसके अंतर्गत एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण अभियान, अवकाश प्राप्त शिक्षकों एवं अध्यापकों के मध्य शैक्षिक संगोष्ठी तथा जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल योगाभ्यास से हुआ, जिसका संचालन श्रीमती वेदिका आर्य ने किया। योग सत्र में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योग के महत्व को समझा। इसके उपरांत ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। तत्पश्चात स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह के संचालन में आयोजित शैक्षिक संगोष्ठी में नेहरू कॉलेज के अवकाश प्राप्त प्राचार्य नारायण सिंह सेंगर, पूर्व प्रवक्ता गणेश सिंह सेंगर, लखन प्रताप सिंह राठौर , श्याम किशोर दुबे तथा डॉ. संजीव अवस्थी ने विचार व्यक्त करते हुए योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया।

उन्होंने समय प्रबंधन, नियमित योगाभ्यास तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए सभी को प्रेरित किया और योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प दिलाया। नोडल अधिकारी श्याम किशोर त्रिपाठी, प्रधानाचार्य श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज, विशुनगढ़ ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक लाभों पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्रा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर दीपक कुमार, रामजीत,अनुज कुमार द्विवेदी, रूपेश खंडेलवाल, वीर प्रताप, शैलेंद्र शुक्ला, कुलदीप मिश्रा, डॉ अभिषेक मिश्रा, संदीप कुमार, , गौतम सिंह, तसलीम सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# खबरें एक नजर में

## मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित



**छिबरामऊ, कन्नौज।** आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से विशुनगढ़ थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष भागमल ने लोगों से आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मोहर्रम मनाने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने सभी समुदायों से सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। उपनिरीक्षक हृदय राज उपाध्याय ने सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने या अव्यवस्था उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। अंत में सभी ने मोहर्रम को शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया। बैठक में मोहम्मद शकील, सुधीर कुमार द्विवेदी, ओमजी दीक्षित, रामबख्श लोधी, नन्हे खां, सकील खान सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल की बैठक में संगठन विस्तार, दीपक गुप्ता बने नगर अध्यक्ष

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की आवश्यक बैठक बुधवार को प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग युवा व्यापार मंडल अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में दीपक गुप्ता (नगर कोषाध्यक्ष/सभासद) के आवास, कलकत्ता बैग हाउस के सामने बाली गली, गुरसहायगंज में आयोजित की गई। बैठक के दौरान संगठन विस्तार करते हुए विभिन्न पदाधिकारियों की नियुक्तियां की गईं। प्रदेश उपाध्यक्ष युवा व्यापार मंडल बनाए जाने के बाद रिक्त हुए नगर अध्यक्ष पद पर दीपक गुप्ता को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके अलावा सुगम दुबे को कीटनाशक दवा एवं बीज एसोसिएशन का नगर अध्यक्ष, मोहम्मद हाशिम को बिल्डिंग मटेरियल एसोसिएशन का नगर अध्यक्ष, कृष्ण भार्गव को मेडिकल एसोसिएशन का नगर अध्यक्ष तथा जितेन्द्र गुप्ता को किराना एसोसिएशन का नगर महामंत्री नियुक्त किया गया। बैठक में व्यापार से संबंधित वर्तमान समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश संयुक्त महामंत्री सुशील दुबे, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा व्यापार मंडल अनुराग गुप्ता तथा जिला महामंत्री संजीव गुप्ता उपस्थित रहे।

## शिव मंदिर में हुई गणेश व नंदी प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** प्राचीन शिव मंदिर में नंदी व गणेश की प्रतिमा विधि विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कस्बे के रेलवे लाइन पार स्थित प्राचीन शिव मंदिर में मंगलवार को धार्मिक उल्लास व श्रद्धा के साथ भगवान गणेश व नंदी महाराज की प्रतिमाओं की विधि- विधान से प्राण प्रतिष्ठा आचार्य प्रेमसागर पांडे व आचार्य मोहन ने वैदिक मंत्रोंच्चारण के साथ संपन्न कराई गई। जबकि इससे पूर्व विधिवत पूजा- अर्चना के बाद प्रतिमाओं को कस्बा भ्रमण कराया गया, श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं के साथ बुढेश्वर महादेव मंदिर, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, पठकाना मोहल्ला स्थित शिव मंदिर, कछियाना मोहल्ला स्थित शिव मंदिर मठिया व दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में दर्शन- पूजन कराया। इसके बाद प्रतिमाओं को पुनः रेलवे लाइन पार स्थित शिव मंदिर लाया गया, जहां वैदिक रीति-रिवाजों के साथ प्राण प्रतिष्ठा संपन्न हुई। अनुष्ठान के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर हर- हर महादेव व गणेश के जयकारों से गूंजता रहा।

## किसान दिवस में गूंजी किसानों की समस्याएं

**कन्नौज।** कृषि भवन स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में बुधवार को आयोजित किसान दिवस में जिले भर से आए किसानों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। उप कृषि निदेशक संतोष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में करीब 50 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। अधिकारियों ने किसानों की शिकायतों और जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। ग्राम बगिया निवासी किसान रामसनेही ने मंडी समिति में समर्थन मूल्य पर मक्का खरीद न होने का मुद्दा उठाया। इस पर अधिकारियों ने मंडी सचिव से समन्वय स्थापित कर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। वहीं मोचीपुर निवासी किसान अखिलेश ने धर्मकांटे पर वजन में कथित अनियमितताओं से किसानों को हो रहे नुकसान की शिकायत की, जिस पर जांच के निर्देश दिए गए। सौरिख ब्लॉक के बिजनौरा निवासी अभिलाष सिंह यादव ने न्याय पंचायत डडौनी क्षेत्र में साधन सहकारी समिति न होने से खाद उपलब्धता में आ रही दिक्कतों को उठाया।

# विधायक ने किया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के करमुल्लापुर गांव में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ विधायक अर्चना पांडेय ने फीता काटकर किया। उद्घाटन अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों, खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों की मौजूदगी रही। टूर्नामेंट का पहला मुकाबला करमुल्लापुर और औराई की टीमों के बीच खेला गया।

**करमुल्लापुर ने जीता उद्घाटन मैच**

टॉस जीतकर करमुल्लापुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित ओवरों में टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मजबूत स्कोर खड़ा किया।

जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी औराई की टीम करमुल्लापुर के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 70 रनों से मुकाबला हार गई। करमुल्लापुर टीम की कप्तानी अनुज यादव ने की। वहीं रणवीर यादव, समीर तथा अन्य खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन कर टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर विधायक अर्चना पांडेय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल आपसी भाईचारे, अनुशासन और सौहार्द की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए आयोजन समिति की सराहना की। इस दौरान आदित्य यादव, पप्पू यादव, हयात वारिस, अरविंद यादव, बी.के. राजपूत, सूर्य प्रकाश राजपूत, चौधरी विवेक यादव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मोहर्रम का चांद दिखते ही नए इस्लामी वर्ष की हुई शुरुआत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार शाम मोहर्रम का चांद दिखाई देने की तस्दीक होने के साथ ही नए इस्लामी वर्ष 1448 हिजरी की शुरुआत हो गई। मुस्लिम कैलेंडर के अनुसार बुधवार को 1 मोहर्रम मनाया गया। मोहर्रम माह के आगमन को लेकर नगर में धार्मिक गतिविधियां शुरू हो गई हैं और विभिन्न आयोजनों की तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मोहर्रम के अवसर पर नगर के सभी ताजियादारों की बैठक में आगामी कार्यक्रमों और जुलूसों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर सहमति बनी। बैठक में सभी लोगों ने आपसी भाईचारे और अनुशासन के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया। तय कार्यक्रम के अनुसार 23 जून को 7 मोहर्रम के दिन अलम का जुलूस परंपरागत रूप से नगर के निर्धारित मार्गों से होकर गुजरेगा। इसके अलावा 10 मोहर्रम यानी यौमे आशूरा के अवसर पर ताजियों का जुलूस अपने तयशुदा मार्ग से होते हुए बैंक ऑफ इंडिया के सामने भोंदू शाह बाबा की दरगाह पर सलामी देने के बाद कर्बला पहुंचेगा और विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जाएंगे, इसमें जगह-जगह ठंडा शरबत, खीर, लंगर की व्यवस्थाएं भी की जाएगी। ताजियादारी से जुड़े लोगों ने सभी से अपील की है कि मोहर्रम के दौरान शांति, सौहार्द और भाईचारे की परंपरा को बनाए रखें तथा प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

# जर्जर भवन बना आधुनिक सामुदायिक केंद्र

**नौबार गृह का कायाकल्प**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




नगर में विकास की रफ्तार लगातार जारी है। जो स्थान कभी जर्जर और अनुपयोगी था, आज वह सुंदर एवं आधुनिक नौबार गृह के रूप में नगरवासियों की सेवा के लिए तैयार है। पहले यह भवन खंडहर जैसी स्थिति में था। टूटी-फूटी दीवारें, कचरा और अनुपयोगी ढांचा इसकी पहचान था।

अब इसके स्थान पर आधुनिक सुविधाओं से युक्त नौबार गृह बनकर तैयार हुआ है। नए भवन में मजबूत निर्माण, स्टील का गेट और आकर्षक डिजाइन के साथ इसे सामुदायिक कार्यों के लिए उपयोगी बनाया गया है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता के प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने कहा कि गुरसहायगंज की तस्वीर बदल रही है। जो जगह कभी कचरे का ढेर और खंडहर थी, आज वही जगह नगर की शान बन गई है। यह नौबार गृह अब शादियों, बैठकों और सामाजिक कार्यक्रमों के काम आएगा। हमारा संकल्प है कि नगर का हर कोना विकसित हो और हर नागरिक को सम्मान के साथ सुविधा मिले। विकास ही हमारी प्राथमिकता है और जनसेवा ही हमारा धर्म है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कायाकल्प से क्षेत्र की तस्वीर बदल गई है। पहले जहां कोई नहीं जाना चाहता था, आज वही जगह नगर की नई पहचान बन गई। गुरसहायगंज का जर्जर नौबार गृह अब आधुनिक सामुदायिक केंद्र बना। नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता ने कहा कि कचरे से भरा खंडहर आज नगर की शान है। यह भवन अब सामाजिक कार्यक्रमों के काम आएगा। विकास ही प्राथमिकता है और जनसेवा ही धर्म है।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत किया पौधरोपण

**गुरसहायगंज कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर-जसोदा में भारत सरकार के जन-अभियान एक पेड़ माँ के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में पौधा रोपित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, कर्मचारीगण और छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को वृक्षारोपण के महत्व और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के योग शिक्षक आकाश गुप्ता ने कहा कि पेड़ हमारे जीवन के लिए ऑक्सीजन का स्रोत हैं। ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान से बच्चों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और माँ के प्रति सम्मान दोनों भाव जागृत होते हैं। यदि हर छात्र एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करे, तो धरती को हरा-भरा बनाने का संकल्प पूरा हो सकता है। कार्यक्रम के संयोजक प्रधानाचार्य डॉ. विष्णुकांत गुप्ता ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी धरती माँ के प्रति कृतज्ञता का भाव है। पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष ही हमारे जीवन का आधार हैं, ये हमें फल, फूल, छाया और शुद्ध वायु देते हैं। यदि आज हम पेड़ नहीं लगाएंगे तो आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध हवा और पानी के लिए तरसना पड़ेगा। विद्यालय परिवार का संकल्प है कि हम केवल पौधा नहीं लगाएंगे, बल्कि उसे अपने बच्चे की तरह पाल-पोसकर बड़ा करेंगे। हर छात्र को माँ के जन्मदिन या विशेष अवसर पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया जाएगा, ताकि पर्यावरण संरक्षण एक आदत बन जाए। विद्यालय परिवार ने रोपित पौधे के संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए ÷माँ के नाम एक पेड़÷ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का दृढ़ निश्चय किया। प्रधानाचार्य डॉ. विष्णुकांत गुप्ता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर-जसोदा के अलावा विद्यालय के छात्र शिक्षक छात्राएं मौजूद रहे।

# गड्ढे में गिरा ई-रिक्शा, चालक को हजारों का नुकसान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



छिबरामऊ, कन्नौज। विशुनगढ़ कस्बे में तब एक बड़ा हादसा टल गया, जब जीप अड्डा के पास खड़ा ई-रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने लगभग 10 फुट गहरे गड्ढे में जा गिरा। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन ई-रिक्शा चालक को हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

ग्राम सलेमपुर निवासी ई-रिक्शा चालक सुरेश कुमार किराने का सामान लेकर गांव में आयोजित एक शादी समारोह में जा रहे थे। वह विशुनगढ़ जीप अड्डा पर अपना ई-रिक्शा खड़ा कर पास में पानी पीने चले गए। इसी दौरान ई-रिक्शा अचानक आगे बढ़ने लगा और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गहरे गड्ढे में जा गिरा। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जीप अड्डा पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों और पुलिस के सहयोग से ई-रिक्शा में लदा किराने का सामान सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। काफी मशक्कत के बाद क्रेन और लोगों की मदद से क्षतिग्रस्त ई-रिक्शा को गड्ढे से बाहर निकाला गया। चालक सुरेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना में उनका ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है और इस हादसे से उन्हें हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे बने खुले गड्ढों को भरवाने की मांग की है।

# कैलाश नाथ काटजू की 139वीं जयंती पर सादर नमन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व भारतीय रक्षा मंत्री और स्वतंत्रता सेनानी डॉ. कैलाश नाथ काटजू की जन्म जयंती आज मनाई गई । इस अवसर पर उनके चित्र पर फूलमाला अर्पण कर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अपने नमन किया नगर के रामगंज स्थित शिविर कार्यालय में कांग्रेस कमेटी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्र ने आयोजित गोष्ठी में कहा कि उनका जन्म 17 जून 1887 को और निधन 17 फरवरी 1968 को हुआ। पूर्व सचिव ने आगे कहा कि काटजू ने देश की आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई। बाद में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और केंद्र में रक्षा मंत्री रहते हुए देशसेवा की।

कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय मिश्रा ने काटजू जी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रक्षा मंत्री, स्वतंत्रता सेनानी डॉ. कैलाश नाथ काटजू जी की 17 जून 1887 जयंती पर सादर नमन। विजय मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी कन्नौज ने उनके योगदान को याद कर श्रद्धांजलि दी।


## पी.एम.श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी,कन्नौज उ.प्र. 209733

Ref.No.F-admission/JNVK/2026-27/ Dated:17.06.2026

**कक्षा 11 में वाणिज्य संकाय में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित**

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी, कन्नौज में सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 11 वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

* पात्रता (Eligibility):
* अभ्यर्थी ने सत्र 2025-26 में कन्नौज जनपद के किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड (CBSE अथवा राज्य बोर्ड) से कक्षा 10 उर्तीण की हो।
* कक्षा 10 में कुल 60 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त किए हों।
* गणित विषय हेतु 10वीं कक्षा गणित में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों।
* आयु 01 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच हो।
* CBSE संबद्ध विद्यालयों के विद्यार्थियों को वरीयता प्रदान की जाएगी।

इच्छुक अभ्यर्थी www.navodaya.gov.in से फार्म डाउनलोड कर 25 जून 2026 तक विद्यालय में आवेदन फार्म जमा कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु विद्यालय कार्यालय से संपर्क करें।

प्राचार्य
ज.न.वि. कन्नौज

# डकैती व हत्या के मामले में चार को आजीवन कारावास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

घर में घुसकर डकैती डालने व हत्या करने के मामले में विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र, तृतीय अपर जिला सत्र एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्तगण विमलेश यादव, नेपाली यादव उर्फ प्रवेश यादव, रवि उपाध्याय, शिवम उर्फ अनुपम शुक्ला को आजीवन कारावास व अर्थदंड से दंडित किया।

15 फरवरी 2018 को बुलंदशहर के ककराला खुर्जा निवासी डा0 जितेन्द्र सोलंकी ने दर्ज कराये मुकदमे में दर्शाया कि उसकी सास साधना गौड़ कस्वा कायमगंज में अकेली रहती थी। 11 फरवरी 2018 को मेरी पत्नी डॉ. प्रिया गौड़ की सास साधना से फोन पर बात हुई थी। उसके बाद कोई बात नहीं हुई, फोन करने पर स्वीचऑफ आ रहा था। 14 फरवरी 2018 को सूचना मिली कि गेट नहीं खुल रहा है। जिसके बाद में अपनी पत्नी को लेकर सास के घर पहुंचा तो गेट बंद थे। मोहल्ले वालों की मदद से किसी तरह गेट खोला। अंदर जाकर देखा तो सास का शव औंधे मुहं पड़ा था और हाथ पैर बंधे थे, सारा सामान बिखरा पड़ा था।

- विवेचना में सीसीटीवी फुटेज शामिल न करने पर दो विवेचकों पर कार्यवाही के आदेश

अलमारी का ताला टूटा पड़ा था उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण गायब थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी थी। जांच पूरी होने पर पुलिस ने अभियुक्तगण विमलेश यादव, नेपाली यादव उर्फ प्रवेश यादव, रवि उपाध्याय, शिवम उर्फ अनुपम शुक्ला के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र, तृतीय अपर जिला सत्र एवं सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने अभियुक्तगण विमलेश यादव, नेपाली यादव उर्फ प्रवेश यादव, रवि उपाध्याय, शिवम उर्फ अनुपम शुक्ला को धारा 302 के आरोप में आजीवन कारावास व 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

अर्थदंड अदा न करने पर तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वहीं धारा 394 के आरोप में 10 वर्ष का कारावास व 25-25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर दो-दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्तगण की सभी सजाये एक साथ चलेगी। मुकदमे के एक अन्य आरोपित लालू उर्फ आशीष यादव उर्फ आशू यादव को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया। वहीं विवेचक द्रविण कुमार व हरिओमप्रकाश त्रिपाठी के द्वारा मृतक के घर के सामने से अभिषेक अग्रवाल के घर पर घटना के समय लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज एकत्रित की गई थी, किन्तु फुटेज को न तो विवेचना में शामिल किया गया और न ही फुटेज को पेनड्राइव में न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सीसीटीवी फुटेज एक महत्वपूर्ण साक्ष्य था, जिसे विवेचना में शामिल नहीं किया गया जाना घोर लापरवाही दर्शाता है। न्यायाधीश ने विवेचक द्रविण कुमार व हरिओम प्रकाश त्रिपाठी के विरुद्ध कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को आदेशित किया है। लापरवाही के संबंध में जांच कर कार्यवाही करें।


अभियुक्तों को ले जाती पुलिस

# बंटवारे के विवाद में युवती पर ईंट से हमला, घायल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।

थाना क्षेत्र के उम्मरपुर गांव में बुधवार शाम को पारिवारिक बंटवारे के विवाद में एक युवती पर ईंट से हमला कर उसे घायल कर दिया गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने घायल युवती का मेडिकल परीक्षण कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। उम्मरपुर गांव निवासी कुसमा देवी पत्नी धर्मपाल का उनके ही परिवार से काफी समय से संपत्ति के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। इसी रंजिश के चलते बुधवार शाम को परिवार की एक महिला ने कुसमा देवी के एक कमरे की कुंडी का ताला तोड़ दिया। जब कुसमा देवी की बेटी मानसी ने ताला टूटते देखा और इसका विरोध किया, तो आरोपी महिला भड़क गई। आरोपी महिला ने अपने परिजनों के साथ मिलकर मानसी पर हमला कर दिया। इस दौरान मानसी के सिर पर ईंट से वार किया गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पीड़िता कुसमा देवी अपनी घायल बेटी मानसी को लेकर बुधवार शाम को ही नवाबगंज थाने पहुंचीं और पुलिस को लिखित शिकायत दी। पुलिस ने मानसी की गंभीरता को देखते हुए तुरंत मानसी को अस्पताल भेजकर उसका मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस के अनुसार पीड़ित पक्ष से तहरीर मिल गई है। तहरीर के आधार पर मामले की गहनता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफउचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ई-रिक्शा में जेवरात से भरा बैग छूटने पर हड़कंप

कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।

भतीजी की शादी के लिए लाए गए 4 लाख रुपये के जेवरों से भरा बैग ई-रिक्शा में छूटने से परेशान परिवार को पुलिस ने बड़ी राहत दी। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने जगह-जगह लगे सीसीटीवी की मदद से महज 2 घंटे में बैग बरामद कर महिला को सकुशल लौटा दिया।

जनपद कन्नौज तिर्वा रोड, गुरसहायगंज निवासी गीता देवी कौशल मंगलवार शाम करीब 7 बजे पति सुखदेव कौशल और बेटी के साथ ट्रेन से कायमगंज स्थित अपने मायके पहुंची थीं। स्टेशन से नोनियामगंज जाने के लिए उन्होंने एक ई-रिक्शा लिया। नोनियामगंज पहुंचकर गीता देवी घर चली गई, लेकिन जल्दबाजी में जेवरों से भरा बैग रिक्शे में ही भूल गई। कुछ देर बाद बैग याद आते ही परिवार में हड़कंप मच गया। गीता देवी ने बताया कि बैग में सोने की चेन, कान के झुमके, एक अंगूठी और भतीजी की शादी के लिए लाए गए चांदी के आभूषण थे। इनकी कुल कीमत लगभग 4 लाख रुपये थी। उन्होंने तुरंत कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला को पूरी घटना बताई। मामला कीमती जेवरों से जुड़ा होने के कारण प्रभारी निरीक्षक ने तुरंत एक्शन लिया। पुलिस टीम ने स्टेशन से लेकर नोनियामगंज तक के रास्ते के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। फुटेज से ई-रिक्शा और उसमें बैठी एक अन्य महिला की पहचान हुई। पुलिस टीम उस महिला के घर पहुंची। पूछताछ में महिला ने ईमानदारी दिखाते हुए बैग पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने बैग खोलकर जांच की तो सभी जेवर सुरक्षित मिले। इसके बाद बैग गीता देवी को सौंप दिया गया। जेवर वापस मिलने पर परिवार ने पुलिस टीम और बैग लौटाने वाली महिला का आभार जताया। पुलिस की तेज कार्रवाई और एक महिला की ईमानदारी ने साबित कर दिया कि इंसानियत अभी जिंदा है। इस घटना ने शहर में पुलिस के प्रति लोगों का भरोसा और मजबूत किया है।


बैग देखती पीड़िता

# नाली बंद करने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, युवती घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के सोतेपुर में गली की नाली बंद करने को लेकर शुरू हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। पड़ोसी ने विरोध करने पर युवती के घर में घुसकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव सोतेपुर निवासी रागिनी पुत्री रवीश चंद्र ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर जिसमें कहा है कि पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने गली की नाली बंद कर दी थी। नाली बंद होने से पानी की निकासी रुक गई और पूरी गली में जलभराव हो गया। रागिनी के अनुसार जब उसने नाली बंद किए जाने का विरोध किया तो आरोपी भड़क गया। पहले गाली-गलौज की। फिर विवाद बढ़ने पर आरोपी जबरन उसके घर में घुस आया और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले के वक्त रागिनी के परिजन घर पर मौजूद नहीं थे। मारपीट में रागिनी गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों के पहुंचने से पहले ही आरोपी मौके से फरार हो गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। घायल युवती को उपचार और मेडिकल परीक्षण के लिए सीएचसी कायमगंज भेजा गया है। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


अस्पताल में भर्ती पीड़िता

# ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का गिरा छज्जा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।

नगर के कन्या विद्यापीठ इंटर कॉलेज की गली में मंगलवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सियाराम पारवाले की वर्षों पुरानी बिल्डिंग का जर्जर छज्जा अचानक भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि उस समय गली से कोई नहीं गुजर रहा था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

कन्या विद्यापीठ स्कूल में इन दिनों शिव शक्ति अखाड़ा का ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम चल रहा है। यह कार्यक्रम रोजाना दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होता है। मंगलवार को कार्यक्रम शुरू होने से महज आधा घंटा पहले ही बिल्डिंग का छज्जा गिर गया। अगर यह हादसा कार्यक्रम के दौरान होता तो दर्जनों बच्चे इसकी चपेट में आ सकते थे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सियाराम पारवाले की यह बिल्डिंग काफी पुरानी और जर्जर हालत में है। छज्जा गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उस समय गली में कोई मौजूद नहीं था।

बच्चे सीख रहे थे योग

जिससे जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद इलाके के लोगों में दहशत है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि कस्बे में स्थित सभी जर्जर भवनों की जांच कराई जाए और खतरनाक भवनों को तुरंत गिराया जाए, ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो। कार्यक्रम से ठीक आधा घंटा पहले छज्जा गिरा। लेकिन यह घटना नगर में खड़ी जर्जर इमारतों की पोल खोल रही है। समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।


योग सीखते बच्चे

## खबरें एक नजर में

### दंपति पुत्र को पीटने में तीन पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव श्योगनपुर निवासी बलवीर सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह ने अपने भाई विजय सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह व भतीजे निषेध सिंह पुत्र विजय सिंह तथा जिला मैनपुरी थाना औंछा क्षेत्र के गांव छवारी निवासी उपेन्द्र सिंह पुत्र रामपाल के विरुद्ध गाली-गलौज मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 10 जून सुबह समय लगभग 9 बजे मैं अपने घर से बाहर रास्ते पर जा रहा था, तभी उपरोक्त सभी आरोपित मेरे साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी आरोपित मेरे साथ लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। शोर गुल की आवाज सुनकर मेरे पुत्र मंजीत सिंह व मेरी पत्नी पत्नी आशा देवी ने मौके पर पहुंचकर बचाने का प्रयास किया, तो उपरोक्त सभी आरोपितों ने इनके साथ भी मारपीट की। जिससे हम तीनों लोगों के शरीर में काफी चोटें आई। उपरोक्त सभी आरोपितों ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच शुरू की।

### ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद शाहजहांपुर के थाना मिर्जापुर के गांव पृथ्वीपुर निवासी सुदामा देवी पत्नी रामौतार में अपनी पुत्री शीलम की शादी लगभग 2 वर्ष पूर्व थाना नवाबगंज के गांव करनपुर पुठरी निवासी नीलेश के साथ को थी। शादी के कुछ दिनों बाद ससुरालीजनों ने घरेलू बातों के लेकर शीलम को गाली-गलौज कर मारपीट करना शुरू कर दिया। मायके पक्ष ने समझाने का प्रयास किया उसके बाद भी ससुरालीजनों ने 8 अप्रैल को शीलम को गाली-गलौज कर माझिया के माध्यम से 1 लाख रुपएकी मांग की। शीलम के विरोध करने पर पति व ससुरालीजनों ने शीलम को घर से निकल दिया। उसी दिन से शीलम अपने मायके में रह रही है। बुधवार सुदामा देवी पत्नी रामौतार ने पुत्री शीलम के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांचकर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### अज्ञात कार चालक के खिलाफ दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** जनपद एटा के थाना अलीगंज के गांव फतेहपुर जनासी निवासी लोकेन्द्र सिंह का भाई सतीश 15 जून शाम लगभग साढ़े पांच बजे अपने ई-रिक्शा से गांव के ही एक बीमार व्यक्ति को अस्पताल से वापस घर ले जा रहा था, तभी रास्ते में गांव उम्मरपुर के पास गांव कनासी की ओर से तेज रफ्तार से आ रहे वाहन ने सतीश के ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा चालक सतीश व उसमें बैठी सावरी रामविलास व उनकी पत्नी विद्यावती गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर लगी भीड़ ने पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलो को सीएचसी भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायलों की हालत गंभीर होने और उन्हें लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। थाना पुलिस ने घायल सतीश के भाई लोकेन्द्र ने चार पहिया वाहन के अज्ञात चालक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# घूरे पर ट्रैक्टर चढ़ाने पर दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, कई लोग घायल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव हुसैनपुर नौखण्ड़ा में घूरे पर ट्रैक्टर चढ़ाने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि जमकर लाठी-डंडे चल गए। मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर नौखण्ड़ा निवासी मोहित पुत्र वेदराम ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि वह अपने खेत से लौट रहा था, तभी शंभूदयाल पुत्र बंगाली ने उसके घूरे पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। विरोध करने पर कहासुनी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडे चलने लगे। घटना में मोहित पक्ष के शिवपाल, पेशकार, रतनश्री, श्वेता समेत कई लोग घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के द्रगपाल और पाल सिंह ने भी पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि विपक्षी उनके घर में घुस आए और हमला कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए भेजा। कोतवाली प्रभारी तेज सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर प्राप्त हो गई है। घायलों का मेडिकल कराया जा रहा है तथा जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


कोतवाली में मौजूद पीड़ित

### दंपति को दबंगों ने पीटा

- थाना पुलिस को सुमन देवी पत्नी संतोष ने नामजद युवकों के खिलाफ दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव चंदनी निवासी सुमन देवी पत्नी संतोष कुमार बुधवार दोपहर लगभग तीन बजे अपने घर के दरवाजे के पास लगी लाइट का तार सही कर रही थी, तभी पड़ोसी युवक आया और लाइट नहीं जलाने की कहकर गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके साथी सुमन देवी को मारपीट करने लगे। बचाने आई पति संतोष को भी मारपीट की। थाना पुलिस को सुमन देवी पत्नी संतोष ने नामजद युवकों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यबाही का भरोसा दिया।

# मऊरशीदाबाद में बनेगा स्थाई हेलीपैड

कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत अब कायमगंज तहसील को स्थाई हेलीपैड की सुविधा मिलने जा रही है। तहसील प्रशासन ने मऊरशीदाबाद गांव में 2500 वर्ग मीटर भूमि चिन्हित कर इसका प्रस्ताव मंजूरी के लिए जिलाधिकारी को भेज दिया है। उपजिलाधिकारी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि प्रस्तावित स्थल तहसील मुख्यालय से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित है। चिन्हित भूमि की नापजोख का कार्य तहसील प्रशासन पूरा कर चुका है। प्रशासनिक स्वीकृति मिलते ही लोक निर्माण विभाग निर्माण कार्य शुरू कर देगा। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार यह योजना सिर्फ कायमगंज तक सीमित नहीं है। तहसील क्षेत्र के नवाबगंज में हेलीपैड के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। वहीं शमशाबाद क्षेत्र में भी स्थाई हेलीपैड के लिए भूमि चयन और अन्य औपचारिक प्रक्रियाएं तेजी से चल रही हैं। बाढ़ या किसी भी प्राकृतिक आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी आएगी। हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू और राहत सामग्री पहुंचाना आसान होगा। गंभीर मरीजों को एयर एम्बुलेंस के जरिए तुरंत लखनऊ, दिल्ली जैसे बड़े शहरों के अस्पतालों में शिफ्ट किया जा सकेगा। गोल्डन आवर में इलाज मिलने से जानें बचेंगी। कायमगंज जैसे ग्रामीण क्षेत्र में स्थाई हेलीपैड का निर्माण विकास की दिशा में बड़ा कदम है। इससे न केवल आपदा के समय त्वरित कार्रवाई संभव होगी, बल्कि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से भी जोड़ा जा सकेगा।

# हटाया गया सफाई नायक उसी वार्ड में कर रहा है काम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

नगर पालिका परिषद फतेहगढ़ में सफाई व्यवस्था को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। वार्ड नंबर 3 से शिकायतों और कथित वसूली के आरोपों के चलते हटाए गए सफाई नायक हरिशंकर से एक बार फिर उसी वार्ड में काम कराए जाने की चर्चा तेज हो गई है। खास बात यह है कि हरिशंकर की वर्तमान तैनाती वार्ड नंबर 19 में बताई जा रही है, इसके बावजूद वह वार्ड नंबर 3 में सक्रिय नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 3 से सफाई नायक हरिशंकर के खिलाफ लगातार शिकायतें नगर पालिका प्रशासन तक पहुंच रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार ने उन्हें वार्ड से हटा दिया था। इसके बाद वार्ड नंबर 3 की जिम्मेदारी सफाई नायक सर्वेश को सौंप दी गई थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि सर्वेश के कार्यभार संभालने के बाद वार्ड में सफाई व्यवस्था को लेकर कोई विशेष शिकायत सामने नहीं आई। इसके बावजूद अचानक उन्हें काम से अलग कर दिया गया और कथित रूप से हरिशंकर से दोबारा वार्ड नंबर 3 का कार्य कराया जाने लगा। इससे लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। सूत्रों का आरोप है कि सफाई इंस्पेक्टर आदित्य पांडे की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।

- 19 में हैं तैनात, नगर पालिका ईओ के आदेशों की हो रही अवहेलना

चर्चा है कि सर्वेश को किनारे कर हरिशंकर को दोबारा वार्ड नंबर 3 में सक्रिय किया गया है। यदि हरिशंकर की आधिकारिक तैनाती वार्ड नंबर 19 में है, तो फिर वह वार्ड नंबर 3 में किस आदेश के तहत कार्य कर रहे हैं, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब शिकायतों के आधार पर किसी कर्मचारी को हटाया गया था तो फिर उसी कर्मचारी को दोबारा उसी वार्ड में काम कराने का क्या औचित्य है। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।

# विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत नामांकन के लिए प्रधानाध्यापक होंगे जिम्मेदार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।

प्रदेश में एक जुलाई से स्कूल चलो अभियान का दूसरा चरण शुरु होगा। इस संदर्भ में शासन ने शिक्षा अधिकारियों को छात्र संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से कड़े निर्देश जारी किये है। जिनके पालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

जानकारी के मुताबिक शासन ने प्रवेश संख्या बढ़ाने के लिए जो दिशा निर्देश जारी किये है उसके अनुसार स्कूल जाने वाले हर बच्चे का नामांकन अनिवार्य रुप से अगली कक्षा में कराया जाये। इसके लिए संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक जिम्मेदार होंगे। निर्देश जारी करते हुए बेसिक व माध्यमिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव ने कहा कि कक्षा पांच पास करने वाले हर छात्र का नामांकन कक्षा 6 में होना चाहिए। उसका उत्तरदायित्व कक्षा पांच के प्रधानाध्यापक का होगा। इसके अलावा कक्षा 8 पास करने वाले हर छात्र का नामांकन कक्षा नौ में हो, इसके लिए कक्षा 8 वाले प्रधानाध्यापक का उत्तरदायित्व होगा। उसी तरह कक्षा दस पास करने वाले छात्र-छात्राओं का नामांकन कक्षा 11 में होना चाहिए। इसके लिए कक्षा 10 के प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी होगी। निर्देश के अनुसार किसी भी प्रकार की छात्र-छात्राओं के नामांकन में हीला हवाली करने वाले संबंधित प्रधानाध्यापक पूर्ण रुप से जिम्मेदार होंगे। सभी छात्र के नामांकन शत-प्रतिशत होना शासन की प्राथमिकता में है।

- शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव ने नामांकन हेतु जारी किये दिशा निर्देश
- एक जुलाई से स्कूल चलो अभियान का शुरु होगा दूसरा चरण
- कक्षा पांच पास करने वाले हर छात्र का नामांकन कक्षा 6 में होना चाहिए

# नि:शुल्क परामर्श और गरीबों की मदद करना मेरा उद्देश्य: डॉ. नवनीत गुप्ता


डॉ. नवनीत गुप्ता, फिजिशियन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मरीजों को जीवनदान देने वाले चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। 1 जुलाई को होने वाले डाक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में विशेष साक्षात्कार के दौरान डॉ. नवनीत गुप्ता फिजिशियन ने बताया कि प्रत्येक मरीज जल्द से जल्द स्वस्थ हो, इसके लिए मेरा निरतंर प्रयास रहता है। मेरे प्रेरणा श्रोत पिता सेवानिवृत्त शिक्षक महेश चन्द्र गुप्ता है। मेरी मां विजय गुप्ता गृहणी है। पत्नी डॉ. ज्योति गुप्ता नेत्र परीक्षक है। सन् 1991 क्रिश्चियन इंटर कालेज से हाईस्कूल व 1993 में इंटर उत्तीर्ण किया। 2003 में आयुर्वेदिक मेडिशन ग्रेजुएशन किया। 2005 में डाइट एंड न्यूट्रिशन डिप्लोमा प्राप्त किया। पब्लिक हेल्थ (पोस्ट ग्रेजुएशन) मास्टर डिग्री 2009 में प्राप्त की। 2010 में नेशनल हेल्थ मिशन के तहत सीएचसी बरौन में तैनाती मिली। 2019 में संयुक्त सिविल चिकित्सालय लिंजीगंज में जरनल फिजिशियन के तहत कार्य शुरु किया। मरीजों की सहायता हेतु कई बार स्वास्थ्य शिविर लगवाये। नेत्रहीन विद्यालय बघार पर जाकर चिकित्सीय सेवायें दी। सत्य सांई सेवा

**धरती के भगवान**

संगठन से जुड़कर रक्तदान शिविर लगाकर ब्लड डोनेशन किया। भारत विकास परिषद में सदस्य हूं और संस्कार भारती में अध्यक्ष रह चुका हूं। आरोग्य भारती का सदस्य हूं। सेवा भारती में भी सदस्य के तौर पर कार्य करता हूं। रेडक्रास सोसायटी में सदस्य नामित हूं। मेरा प्रथम उद्देश्य है कि मरीजों की सेवा करें और उन्हें स्वस्थ बनाकर अच्छा जीवन जीने के लिए पहले जैसा तैयार करूं। वर्तमान में सभी बीमारियां पेट संबंधी होती है। गलत खान-पान से बीमारियां उत्पन्न हो रही है। **विरुद्ध आहार-** के कारण व्यक्ति बीमार हो रहा है। जैसे दही के साथ प्याज नहीं खाना चाहिए। रायता के साथ खीर नहीं खाना चाहिए। इससे चर्म रोग जैसी बीमारी उत्पन्न होती है। स्वस्थ रहने के लिए प्रत्येक व्यक्ति योग करें, नियमित पैदल चलना अपनी दिनचर्या में डाले। सुबह जल्दी उठे, और मोबाइल से दूरी बनाये रखें, जिससे आंखों की रोशनी पर असर न पड़े। **एकांकी जीवन-** में व्यक्ति का डिप्रेशन बढ़ता है।

शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य खराब होता है। इन बातों का विशेष ध्यान हर व्यक्ति को रखना चाहिए। मैंने दो किताबें लिखी है। जिसमें ए हैंड बुक ऑफ मॉर्डन डायग्नोसिस व आयुर्वेद उपचार, इसके अलावा दूसरी पुस्तक पीजीएमसीक्यू के नाम से किताब लिखी है, जो आयुर्वेदिक कालेज में पढ़ी जाती है। तीसरी पुस्तक लिखने की तैयारी चल रही है। कोरोना काल के दौरान नगर क्षेत्र का नोडल आफीसर बनाया गया था और कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज, ऑक्सीजन एवं अस्पताल में भर्ती होने के लिए एंबुलेंस आदि की व्यवस्था दिन रात डॉ. नवनीत द्वारा ही की गई। इस उपलब्धि के लिए उत्तर प्रदेश राज्य स्वास्थ्य सेवा सम्मान 2021 में प्रदान किया गया और प्रत्येक रविवार को अपने प्रतिष्ठान पर नवज्योति क्लीनिक एण्ड आई केयर सेंटर लालगेट पर सत्य सांई सेवा संगठन के सहयोग से मरीजों के शरीर के रोगो एवं नेत्र परीक्षण निःशुल्क करता हूं और जरुरतमंदों को दवाइयां व चश्मा निःशुल्क देने के लिए विगत 20 वर्षों से सेवा जारी है। सेवा ही परम धर्म है मैंने अपने जीवन को सेवा का आधार बना लिया है। यह सिलसिला जीवन भर जारी रहेगा।



मरीज देखते डॉ. नवनीत गुप्ता

# एनसीसी कैडेट्सों को ड्रिल प्रैक्टिस व करियर काउंसलिंग की दी गई जानकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के निर्देशन में 14 जून से 23 जून तक चलने वाले 10 दिवसीय एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-36 में बुधवार को राजपूत रेजीमेंट तथा सिखलाई रेजीमेंट के म्यूजियम का सभी एनसीसी कैडेट्स को भ्रमण कराया गया।


कैडेट्सों को जानकारी देते सेवायोजन अधिकारी

ड्रिल इंस्ट्रक्टर द्वारा ड्रिल का अभ्यास तथा जिला सेवायोजन अधिकारी अमित तिवारी द्वारा करियर काउंसलिंग दी गई। बुधवार को प्रातः सभी एनसीसी कैडेट्स को कैप्टन गिरिजा शंकर, लेफ्टिनेंट अवनीश चौहान, लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा, सेकंड अफसर संतोष शुक्ला तथा पी स्टाफ के साथ राजपूत रेजीमेंट सेंटर तथा सिलाई रेजीमेंट सेंटर के म्यूजियम में सभी एनसीसी कैडेट्स को भ्रमण कराया गया। मुख्य उद्देश्य एनसीसी कैडेट्स को अपने वीर सैनिकों के बारे में जानकारी प्रदान कराना था। 10 बजे से राजपूत रेजीमेंट सेंटर से आए ड्रिल इंस्ट्रक्टर कृष्ण कुमार द्वारा सभी एनसीसी कैडेट्स को ड्रिल का अभ्यास कराया गया। 21 जून को ड्रिल टेस्ट होगा, जिसकी तैयारी अभ्यास के माध्यम से प्रतिदिन ड्रिल इंसट्रेक्टर द्वारा कराई जाएगी। जिला सेवायोजन अधिकारी अमित तिवारी ने एनसीसी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एनसीसी के माध्यम से किन-किन विभागों में किस-किस तरह से प्रवेश ले सकते हैं तथा सरकारी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं के बारे में जानकारी दी।

होकर जिला सेवायोजन अधिकारी से प्रश्न पूछे, जिनका एनसीसी कैडेट्स को संतोषजनक जवाब देते हुए उनकी समस्या का समाधान किया। कैंप कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह खारोड़ ने जिला सेवायोजन अधिकारी अमित तिवारी को शील्ड देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर संदीप माधव, कैप्टन गिरिजा शंकर, लेफ्टिनेंट अवनीश चौहान, लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा, लेफ्टिनेंट राजेश दुबे, चीफ अफसर सतीश चंद्र यादव, सेकंड अफसर संतोष शुक्ला, सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार गिरिराज किशोर, सूबेदार दिनेश सिंह, जीसीआई अंजलि आदि मौजूद रहे।

# शिविर में एनसीसी कैडेट्सों को स्वस्थ्य रहने के दिये गये टिप्स

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एनसीसी शिविर में कैडेट्सों को शारीरिक व मानसिक रुप से स्वस्थ्य रहने के उपाय बताये गये। डा0 नवनीत गुप्ता ने कैडेट्सों को बताया कि संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, पर्याप्त नींद, स्वच्छता तथा तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही लोगों को समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की अनदेखी न करने की सलाह दी। उन्होंने कैडेटस को आंखों की सुरक्षा के प्रति भी जागरूक करते हुए सलाह दी कि मोबाइल, कंप्यूटर एवं अन्य डिजिटल उपकरणों का अत्यधिक उपयोग करने से बचें। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक स्क्रीन देखने से आंखों पर दबाव पड़ता है, इसलिए समय-समय पर आंखों को आराम दें तथा उचित दूरी बनाकर ही मोबाइल का उपयोग करें। साथ ही नियमित नेत्र परीक्षण कराने और आंखों की किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करने की सलाह दी।


कैम्प में जानकारी देते डॉ. नवनीत गुप्ता

## विजेता ताइक्वाण्डो खिलाड़ियों को वितरित की गई खेल किटें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद के 40 खिलाड़ियों द्वारा राज्य स्तरीय ताइक्वाण्डो प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया था। जिसमें 12 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। जिसमें रजनेश, ध्रुव प्रताप सिंह, रोहिनी, सूर्यांशी, अत्रीका, प्रांशु, दिव्यांशी, अक्षत, वैष्णवी कटियार, कृष्णा राठौर, मनीन्द्र सिंह, सनाया देवी के नाम शामिल है। बुधवार को को जिला ताइक्वाण्डो एसोसिएशनए के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को ताइक्वाण्डो खेल किट उपलब्ध करायी गई। जिला क्रीड़ाधिकारी संजीव कुमार सिंह ने खिलाड़ियों को किटे द्वारा प्रदान की। इस मौके पर ताइक्वांडो एसोसिएशन के जिला सचिव अजय प्रताप सिंह, सुशांत गुप्ता ताइक्वाण्डो कोच, पूनम शर्मा बाक्सिंग कोच, सत्यम मिश्रा हॉकी कोच के साथ स्टेडियम के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे। खेल किट पाकर खिलाड़ियों में खुशी की लहर दौड़ गई।


किट प्राप्त करते विजेता खिलाड़ी

# मंडी लाइसेंसधारियों को सचिव शैलेन्द्र वर्मा ने दी बड़ी राहत

▸ नवीनीकरण में अब गारंटर की बाध्यता खत्म

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मंडी लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया में गारंटर की अनिवार्यता को लेकर परेशान चल रहे व्यापारियों को बड़ी राहत मिली। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्षों की मंडी सचिव से हुई वार्ता के बाद तय हुआ कि अब सामान्य परिस्थितियों में लाइसेंस नवीनीकरण के लिए किसी गारंटर की जरूरत नहीं होगी।

मण्डी सचिव शैलेन्द्र वर्मा से हुई अहम बैठक उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष संजय गुप्ता एवं भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री ने मंडी सचिव शैलेन्द्र वर्मा से उनके कार्यालय में मुलाकात की। दोनों नेताओं ने लाइसेंस नवीनीकरण में गारंटर की प्रक्रिया से व्यापारियों को हो रही कठिनाइयों को विस्तार से रखा। लाइसेंस नवीनीकरण के लिए अब कोई गारंटी नहीं देनी होगी, सिर्फ उन्हीं मामलों में गारंटी अनिवार्य होगी, जहां पहले गारंटी देने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो गई हो या गारंटर का लाइसेंस निरस्त हो चुका हो।


बैठक में मौजूद मण्डी सचिव व व्यापारी

ऐसे लाइसेंसधारियों को नवीनीकरण के समय कोई अतिरिक्त प्रपत्र नहीं देना होगा। संजय गुप्ता और आदेश अग्निहोत्री ने संयुक्त रूप से कहा कि इस फैसले से जिले के सैकड़ों व्यापारियों को राहत मिलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि नवीनीकरण के दौरान किसी व्यापारी को कोई समस्या आती है तो वह सीधे उनसे संपर्क कर सकता है। मंडी प्रशासन के इस फैसले से लाइसेंस नवीनीकरण की प्रक्रिया सरल हो गई है।

## भव्य शोभा यात्रा निकाल कर स्थापित की गई श्रीराम की मूर्ति


शोभायात्रा में भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला नुनहाई चित्रगुप्त नगर वार्ड में आनंदेश्वर महादेव मंदिर में भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित की गई। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आचार्य ने हवन पूजन सम्पन्न कराया। वार्ड के लोगों के सहयोग से भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित की गई। नुनहाई स्थित हिन्दी भवन भारती में महादेव मंदिर में भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित करने से पूर्व नुनहाई मोहल्ले से चौक, पल्ला मठिया, पाण्डेश्वरनाथ मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भव्य शोभायात्रा में भक्तगण नाचते-थिरकते हुए मूर्ति भ्रमण यात्रा में शामिल हुए। रास्ते में पुष्प वर्षा कर भ्रमण यात्रा का स्वागत किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में वार्ड के अलावा नगर के लोग शामिल हुए।

IS 15700 : 2018
**उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबंधक**
**लोहियापुरम योजना फतेहगढ़/छिबरामऊ योजना**
emolfarrukhabad@gmail.com
IS 15700 भारतीय मानक ब्यूरो

पत्र सं0 : 286 /उक्त/ दिनांक 16/06/2026

**सर्व साधरण को सूचना**

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की लोहियापुरम योजना फतेहगढ़, फर्रुखाबाद में स्थित व्यवसायिक भूखण्ड सं0 3/सी-19 कार्यालय पत्र सं0-246 दिनांक 20.05.2014 द्वारा श्री अशोक कुमार पुत्र श्री मंगू लाल के पक्ष में आवंटित है। श्रीमती मधू सिंह पत्नी श्री अशोक कुमार द्वारा मूल प्रदेशन ग्रहीता श्री अशोक कुमार की मृत्यु दिनांक 04.01.2026 को होने की सूचना देते हुए सन्दर्भित व्यवसायिक भूखण्ड को अपने पक्ष नामान्तरण हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र एवं परिवारिक सदस्यों के शपथ पत्र सहित आवेदन किया गया है।

सर्व साधारण को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इसकी लिखित सूचना 30 दिन के अन्दर सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय आवास एवं विकास परिषद फर्रुखाबाद में प्रस्तुत करें, अन्यथा आवेदक के पक्ष में परिषद नियमानुसार अन्तरण कर दिया जायेगा इसके पश्चात इस सम्बन्ध में किसी प्रकार का कोई दावा/क्लेम मान्य नहीं होगा।

**सम्पत्ति प्रबन्धक**

# एंबुलेंस में गर्भवती का हुआ प्रसव, मां व बच्चा स्वस्थ


एंबुलेंस में नवजात के साथ ईएमटी व परिजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज क्षेत्र के नौली गांव में 102 एम्बुलेंस कर्मियों की सूझबूझ से एक गर्भवती महिला का एम्बुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया गया। वर्तमान में मां और नवजात शिशु दोनों स्वस्थ हैं, जिन्हें आगे के उपचार के लिए नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार, ब्लॉक के ग्राम नौली निवासी पूनम पत्नी प्रवेंद्र कुमार को अचानक तीव्र प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजनों ने तत्काल 102 एम्बुलेंस सेवा को सूचित किया। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस चालक धर्मेंद्र और ईएमटी प्रिया बिना देर किए मौके पर पहुंचे। एम्बुलेंस कर्मियों ने गर्भवती महिला को एम्बुलेंस में शिफ्ट किया और तुरंत नवाबगंज सीएचसी के लिए रवाना हो गए। हालांकि, रास्ते में साहबगंज के पास पहुंचते ही महिला की प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एम्बुलेंस को रास्ते में ही रोकना पड़ा। इस नाजुक स्थिति में ईएमटी प्रिया ने अपनी सूझबूझ और धैर्य का परिचय दिया। उन्होंने एम्बुलेंस के भीतर ही सुरक्षित प्रसव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। प्रिया की कुशलता के परिणामस्वरूप महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। सुरक्षित प्रसव के बाद, चालक धर्मेंद्र और ईएमटी प्रिया ने तत्परता दिखाते हुए मां और नवजात शिशु दोनों को नवाबगंज सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों की देखरेख में उन्हें भर्ती कर लिया गया है। डॉक्टरों के अनुसार, मां और बच्चा दोनों पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ हैं। परिजनों ने एम्बुलेंस टीम की त्वरित सहायता और सूझबूझ के लिए उनका आभार व्यक्त किया है।

# जनपद के अंकित भारतीय वायुसेना में बने फ्लाइंग ऑफिसर


परिजनों के साथ अंकित कुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के मोहम्मदाबाद क्षेत्र के अहिमलापुर निवासी 24 वर्षीय अंकित कुमार का भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रुप में चयन हुआ है। अहिमलापुर निवासी अंकित कुमार वर्तमान में मसेनी के पटेल नगर में रहते है। 13 जून को एयरफोर्स अकादमी हैदराबाद में आयोजित पासिंग आउट परेड में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में उन्हें राष्ट्रपति आयोग प्रदान किया गया। अंकित ने आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ और डीएन पीजी कालेज फतेहगढ़ शिक्षा प्राप्त की। 12 बार प्रयास करने के बाद उन्हें सफलता मिली। उनके पिता राजेश चतुर्वेदी भारतीय सेना में ऑनरेरी कैप्टन पद से सेवानिवृत्त है। उनके घर पहुंचने पर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। पिता राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि अंकित पढ़ने में मेधावी थे। लगातार प्रयास करते रहे और उन्हें आखिर में सफलता प्राप्त हुई। अंकित के फ्लाइंग ऑफिसर बनने पर परिवार को गर्व है। आसपास के लोगों व रिश्तेदारों ने पहुंचकर अंकित को बधाई दी और फूल मालाओं से स्वागत किया।

**गीतिका रस्तोगी (बा0च0से0) हायर सेकेण्ड्री स्कूल**

पत्रांक-विज्ञापन/02/2026-27 दिनांकः 17/06/2026

**विज्ञप्ति**

गीतिका रस्तोगी (बा0चं0से0) हायर सेकेण्ड्री स्कूल, नीवलपुर, फर्रुखाबाद में सहायक लिपिक के रिक्त 01 पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमत्रित किये जाते है, आवेदन समस्त शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित विद्यालय के पते पर विज्ञापन तिथि से 21 दिन तक पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित किये जायेगें तथा आवेदन की छायाप्रति शैक्षिक अभिलेखों सहित विद्यालय की ई-मेल आई डी0- **gitikarastogihsschool@gmail.com** तथा जिला विद्यालय निरीक्षक, फर्रुखाबाद की ई-मेल आईडी0- **rmsa.farrukhabad@gmail.com** पर प्रेषित करें।

1. **वर्ग-** (अनारक्षित)
2. **वेतनमान-** (5200-20200) एवं अन्य भत्ते
3. **आयुसीमा-** 01 जुलाई, 2026 को 18 से 40 वर्ष के मध्य हो।
4. **आवेदन हेतु पात्रता-** उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सम्पन्न प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में न्यूनतम 50 प्रतिशत एवं अधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त किया हो।
5. **शैक्षिक अर्हता-** इण्टरमीडिएट परीक्षा/उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो के साथ हाईस्कूल या इण्टरमीडिएट परीक्षा से पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस अथवा कम्प्यूटर संचालन का डोयक/निलिट द्वारा प्रदत्त (CCC) प्रमाण पत्र अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री तथा कम्प्यूटर पर टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट न्यूनतम एवं अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट न्यूनतम टंकण गति।
6. **आवेदन शुल्क-** अनारक्षित/अन्य पिछडा वर्ग रु0-750/-अनुसूचित जाति/जनजाति/ EWS रु0-500/- आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट/पोस्ट आर्डर के माध्यम से प्रबन्धक, गीतिका रस्तोगी हा0से0 स्कूल, नीवलपुर फर्रुखाबाद के नाम से देय होगा।

**प्रबंधक**
**गीतिका रस्तोगी हा0से0 स्कूल**
**नीवलपुर, फर्रुखाबाद।**

# तीसरे कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने पर अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल के तीसरे कार्यकाल के तीन साल पूर्ण होने पर स्वागत समारोह का आयोजन नगर पालिका परिषद में सम्पन्न हुआ। नगर पालिका परिषद के सभी सभासद, भाजपा नेता, गणमान्य नागरिक व व्यापारी आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी ने पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल व वत्सला अग्रवाल का फूल मालाओं व गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

**विकास की गति चलती रहेगीः वत्सला अग्रवा**

नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल की ओर से सभी सभासदों को शाल ओड़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। व्यापारियों ने भी चेयरमैन का स्वागत किया। चेयरमैन वत्सला अग्रवाल ने कहा कि विकास की गति पहले से तेज हुई है। शहर की सभी सड़कें बन चुकी है। रेलवे रोड को एक महीने के अंदर तैयार कर सौगात के रुप में जनता को समर्पित किया जायेगा। साथ ही जगह-जगह फुटपाथ व सभी सड़कों को पूर्ण कर लिया गया है। शासन द्वारा सभी योजनाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य प्रगति पर है। जिसे निरंतर विकास के पथ पर ले जाया जायेगा। सभी के सहयोग से परिवार को यह चौथी बार पालिका में रहने का मौका जनता ने दिया है। आने वाली पीढ़ि को याद रहेगा। इस मौके पर सभासद नन्हे पंडित, आलोक मिश्रा, धर्मेन्द्र कनौजिया, फुरकान अहमद, शक्ति सिंह कुशवाहा, बाबू अग्निहोत्री, विजय अनुरागी, अतुल शंकर दुबे, शशांक शेखर मिश्रा, मीरा सिंह, ममता सक्सेना, श्याम बाल्मीकि, विमलेश मिश्रा, श्याम सुंदर लल्ला, सौरभ मिश्रा, सौरभ अग्रवाल, व्यापारी सदानंद शुक्ला, राजकुमार गौतम राजू, संजू रस्तोगी, विशाल दुबे, छोटे शुक्ला, श्याम सुंदर गुप्ता, सन्नू गुप्ता, मनोज गुप्ता, जंगाली लाल बाथम, नारायण दत्त तिवारी, रामनरेश गौतम मौजूद रहे। धन्यवाद ईओ विनोद कुमार ने ज्ञापित किया। संचालन वरिष्ठ लिपिक शरद बाजपेयी ने किया।


चेयरमैन व पूर्व एमएलसी का स्वागत करते व्यापारी

# बाल संस्कार शिविर में बच्चों ने सीखे संगीत के गुर


हरमोनियम पर संगीत सीखते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में संचालित बाल संस्कार शिविर में बच्चों के लिए ज्ञान, संस्कार एवं मनोरंजन से भरपूर रहा। शिविर में विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने बच्चों को जीवनोपयोगी शिक्षाएं प्रदान कीं।

कानपुर से पधारीं उर्मिला आर्या ने बच्चों को संगीत का प्रारंभिक प्रशिक्षण देते हुए स्वर, लय एवं ताल का परिचय कराया। उन्होंने बताया कि संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि मन को एकाग्र करने और व्यक्तित्व को निखारने का प्रभावी माध्यम भी है।

बच्चों ने उत्साहपूर्वक स्वरों का अभ्यास किया तथा संगीत की मूलभूत जानकारियां प्राप्त कीं। आचार्य संदीप आर्य ने यज्ञ एवं संध्या में प्रयुक्त मंत्रों का सरल भाषा में अर्थ समझाते हुए बच्चों को उन्हें कंठस्थ कराया। उन्होंने कहा कि मंत्रों का ज्ञान बच्चों के भीतर आध्यात्मिक, अनुशासन और सकारात्मक सोच का विकास करता है। आचार्य राकेश ने बच्चों को संस्कृत में गिनती सिखाई तथा भारतीय परंपरा में प्रचलित हिंदी महीनों के नाम और उनके महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अपनी भाषा और संस्कृति का ज्ञान प्रत्येक बालक के लिए आवश्यक है।

आचार्य रामप्रकाश ने नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए सत्यवादिता, ईमानदारी, अनुशासन एवं बड़ों के सम्मान का महत्व बताया। उन्होंने बच्चों को सदाचार को जीवन का आधार बनाने की प्रेरणा दी। युवा प्रशिक्षक साहिल ने कहा कि समय का सदुपयोग ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई, खेल और दैनिक कार्यों के बीच संतुलन बनाकर चलने की सीख दी। वेद प्रचार फाउंडेशन के अध्यक्ष संतोष आर्य ने बच्चों को वैदिक आचरण अपनाने का आह्वान किया। शिविर में कमलेश कटियार, प्रदीप आर्य, हिमांशी, सचिन, वैभव, हर्ष आर्य, उदयराज आर्य, उन्नति आर्या, नेहा आर्या एवं स्तुति उपस्थित रहे।

**कर्नल ब्रह्मानन्द इण्टर कालेज, शुकरुलापुर, फर्रुखाबाद**

पत्रांक-विज्ञापन/01/2026-27 दिनांकः 17/06/2026

**विज्ञप्ति**

कर्नल ब्रहानन्द इण्टर कालेज, शुकरुल्लापुर, फर्रुखाबाद में सहायक लिपिक के रिक्त 01 पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमत्रित किये जाते है, आवेदन समस्त शैक्षिक एवं प्रशिक्षण योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित विद्यालय के पते पर विज्ञापन तिथि से 21 दिन तक पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित किये जायेगें तथा आवेदन की छायाप्रति शैक्षिक अभिलेखों सहित विद्यालय की ई-मेल आई डी0- **cbnicsh@gmail.com** तथा जिला विद्यालय निरीक्षक, फर्रुखाबाद की ई-मेल आईडी0-**rmsa.farrukhabad@gmail.com** पर प्रेषित करें।

1. **वर्ग-** (अनारक्षित)
2. **वेतनमान-** (5200-20200) एवं अन्य भत्ते
3. **आयुसीमा-** 01 जुलाई, 2026 को 18 से 40 वर्ष के मध्य हो।
4. **आवेदन हेतु पात्रता-** उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा सम्पन्न प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में न्यूनतम 50 प्रतिशत एवं अधिक पर्सेंटाइल स्कोर प्राप्त किया हो।
5. **शैक्षिक अर्हता-** इण्टरमीडिएट परीक्षा/उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो के साथ हाईस्कूल या इण्टरमीडिएट परीक्षा से पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस अथवा कम्प्यूटर संचालन का डोयक/निलिट द्वारा प्रदत्त (CCC) प्रमाण पत्र अथवा कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री तथा कम्प्यूटर पर टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट न्यूनतम एवं अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द प्रति मिनट न्यूनतम टंकण गति।
6. **आवेदन शुल्क-** अनारक्षित/अन्य पिछडा वर्ग रु0-750/-अनुसूचित जाति/जनजाति/ EWS रु0-500/- आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट/पोस्ट आर्डर के माध्यम से प्रबन्धक, कर्नल ब्रहानन्द इण्टर कालेज, शुकरुल्लापुर, फर्रुखाबाद के नाम से देय होगा।

**प्रबंधक**
**कर्नल ब्रह्मानन्द इण्टर कालेज**
**शुकरुल्लापुर, फर्रुखाबाद।**

# ब्रह्माकुमारीज में मनाया गया विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम


केक काटती बीके बहनें व ब्रह्माकुमार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, के ओमनिवास केंद्र पर विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजयोगिनी बीके शोभा बहन, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका के लौकिक एवं अलौकिक जन्मदिवस तथा बीके पूनम बहन के समर्पण दिवस को संयुक्त रूप से मनाया गया। शुभारंभ परमात्मा शिव बाबा की स्मृति एवं राजयोग मेडिटेशन के साथ हुआ। बीके शोभा बहन ने अपने जीवन को परमात्मा शिवबाबा की सेवा में जीवन समर्पित करते हुए राजयोग एवं ईश्वरीय ज्ञान के माध्यम से अनेक आत्माओं को शांति, शक्ति और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा दी है। उनका जीवन आध्यात्मिक सेवा और श्रेष्ठ संस्कारों का प्रेरणादायक उदाहरण है। वहीं बीके पूनम बहन का प्रभु समर्पण दिवस परमात्मा सेवा के प्रति निष्ठा, त्याग और समर्पण की भावना के रूप में मनाया गया। पूर्व प्रधान अजय कुमार ने बड़ी दीदी को पूनम बहन को बधाई देते हुए कहा की दीदी कि दीदी का प्रेमपूर्वक स्वभाव सेवा भावना और सभी के प्रति सम्मान हमें प्रेरणा देता है। हम शिव बाबा से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें उत्तम स्वास्थ्य खुशियां और सफलता प्रदान करें, एक बार फिर बाबा से उनके निरंतर सेवामय एवं सुखमय जीवन की शुभकामनाएँ। शोभा बहन ने कहा कि इसआध्यात्मिक वातावरण में 62 साल कैसे गुजर गए मुझे पता भी नहीं पड़ा और जो भी रहा जीवन शिवबाबा की सेवा में ही गुजरे। उन्होंने पूनम बहन को भी उनके 8 साल जीवन समर्पण की बधाई दी। पूनम बहन ने कहा कि मेरा तन मन शिव पिया के रंग में रंग चुका है, यह रंग अब कभी नहीं उतरेगा। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर करतार सिंह, देवकुमार शर्मा, सतेंद्र, सुधीर, जगतप्रकाश, डॉ0 गंगासिंह आदि मौजूद रहे।

## 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर सीएमओ कार्यालय में हुआ सामूहिक योग पूर्वाभ्यास

# स्वस्थ्य जीवन के लिए योग को बनाएं दिनचर्या का हिस्सा : सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर स्थित सभागार में सामूहिक योग पूर्वाभ्यास (वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने किया, जिसमें विभाग के नोडल अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों, पटल सहायकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया।



**योग प्रशिक्षकों ने कराया वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल का अभ्यास**

आयुष विभाग के योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन एवं योग शिक्षिका राज दीपिका तिवारी ने अधिकारियों व कर्मचारियों को योग का पूर्वाभ्यास कराया। कार्यस्थल पर तनाव कम करने और शरीर में ऊर्जा का संचार बनाए रखने के उद्देश्य से 'वाई-ब्रेक प्रोटोकॉल' के तहत ताड़ासन, ऊर्ध्व हस्तासन, अर्धचक्रासन, स्कंध संचालन, प्रसारित, भ्रामरी तथा प्राणायाम सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने प्रत्येक आसन के शारीरिक और मानसिक लाभों की भी जानकारी दी।

**योग शरीर के लिए प्राकृतिक औषधि : डॉ. संतोष गुप्ता**

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि योग शरीर की समस्त प्रणालियों के लिए एक प्राकृतिक औषधि के समान है। उन्होंने कहा कि योग की शुरुआत करना आसान है, लेकिन इसे नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाए रखने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता होती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों और आमजन से अपील की कि वे अपने निकट स्थित योग केंद्र अथवा प्रशिक्षक से संपर्क कर अपनी शारीरिक क्षमता और स्वास्थ्य के अनुरूप उपयुक्त योगासनों का चयन करें तथा नियमित अभ्यास को अपनी जीवनशैली में शामिल करें। इससे कार्यकुशलता बढ़ेगी और कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारी, विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी तथा विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भाकियू 'अराजनैतिक' ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी



**समृद्धि न्यूज़, गोला, लखीमपुर खीरी।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने बुधवार को किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी गोला को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने किसानों से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि समय रहते समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो किसानों के हित में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। तहसील अध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने कहा कि क्षेत्र के किसानों को पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। खाद वितरण केंद्रों पर किसान घंटों लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं, इसके बावजूद उन्हें समय पर यूरिया नहीं मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल पंपों पर किसानों को कैन, ड्रम और पिपिया में डीजल देने से मना किया जा रहा है, जिससे सिंचाई और अन्य कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं तथा किसानों में भारी नाराजगी है। उन्होंने बताया कि किसानों का बकाया गन्ना भुगतान अभी तक नहीं हुआ है।

## बिजली के टूटे तार ने ली दुधारू भैंस की जान, पशुपालक को हुआ भारी नुकसान

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** अलीगंज चौकी क्षेत्र की ग्राम पंचायत बघौड़ा के मजरा संसारपुर में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में बिजली के टूटे तार की चपेट में आने से एक दुधारू भैंस की मौत हो गई। घटना से पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी विमल कुमार पुत्र कालिका प्रसाद की दुधारू भैंस सुबह किसी तरह खूंटे से छूटकर पास के खेत में पहुंच गई। खेत में पहले से बिजली का टूटा हुआ तार पड़ा था, जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था। जैसे ही भैंस तार के संपर्क में आई, उसे तेज करंट लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पशुपालक ने विद्युत विभाग, अलीगंज पुलिस चौकी तथा पशु चिकित्सालय को अवगत कराया।

## खबरें एक नजर में

### मिर्जापुर-एमपी सीमा तक सड़क चौड़ीकरण का शिलान्यास, अनुप्रिया पटेल ने किया शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज़, हलिया ( मिर्जापुर)।** हलिया विकास खंड के देवरी-हरबरा मार्ग के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देवरी से हरबरा (मध्य प्रदेश सीमा) तक सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का मंगलवार की शाम शिलान्यास किया गया। भारत सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री तथा मिर्जापुर की सांसद अनुप्रिया पटेल ने परियोजना का शिलान्यास कर शुभारंभ किया। 35 करोड़ 55 लाख 77 हजार रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क लगभग 10.30 किलोमीटर लंबी और 7 मीटर चौड़ी होगी।अधिकारियों ने बताया कि निर्माण पूरा होने के बाद मिर्जापुर जनपद का मध्य प्रदेश के सिंगरौली जनपद से सीधा और सुगम संपर्क स्थापित होगा। इससे क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बढ़ेगी, व्यापार और रोजगार के अवसरों का विस्तार होगा। साथ ही दोनों राज्यों के बीच सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है।इस दौरान छानबे विधायक रिंकी कोल, डॉ. एसपी पटेल, रमाकांत पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी, पंकज सिंह चंदेल सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज थाना क्षेत्र के महुलार कला गांव में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटकता मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी दो दिन बाद पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार महुलार कला गांव निवासी पिंटू कोल की शादी लगभग 14-15 माह पूर्व संतनगर थाना क्षेत्र के पड़रिया गांव निवासी पूनम 25 वर्षीय से हुई थी। बताया जा रहा है कि विवाहिता ने रविवार की रात खपरैल मकान के बड़ेर में साड़ी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दंपती की कोई संतान नहीं थी। घर में पति और सास के साथ ही विवाहिता रहती थी। काम के सिलसिले में बाहररहता था। मंगलवार देर रात स्वजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे दुबार चौकी प्रभारी कुंवर मनोज सिंह ने पुलिस टीम की मदद से शव को नीचे उतरवाया। दो दिन पुराना शव होने के कारण उसमें दुर्गंध आने लगी थी। चौकी प्रभारी कुंवर मनोज सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### कूड़ा-करकट फेंकने के लिए मारपीट में दो घायल चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी अनवर अली ने मंगलवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर मारपीट करने वाले चार लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दी गई तहरीर में बताया है की मंगलवार की शाम कूड़ा करकट फेकने के विवाद को लेकर विपक्षी गांव निवासी जियाद्दीन, असलम अली, सेराज, तौहीद अली गाली गलौज देने लगे की मना करने पर बेटा इफ्रार व भाई रियाजुद्दीन को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया जान से मारने की धमकी दिया है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### मतवार गांव में कच्चे मकान में लगी आग गृहस्थी का सामान जलकर राख

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के मतवार गांव स्थित सरइहवा मुहल्ले में मंगलवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में कच्चे मकान में आग लगने से कच्चे मकान में रखा खाद्यान सामग्री सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड वाहन के कर्मियों ने आग पर काबू पाया है लेकिन तब तक सबकुछ जलकर राख हो चूका था जानकारी के अनुसार मतवार गांव के सरइहवा मुहल्ला निवासी मुनी सागर व उनके पुत्र संदीप कोल के कच्चे मकान में मंगलवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग से बेड, आलमारी, पंखा और गृहस्थी का अन्य सामान व कागजात जलकर राख हो गया। घटना के समय संदीप कोल पत्नी का इलाज कराने ससुराल नदना गांव गया था। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।घटना की सूचना पर क्षेत्रीय लेखपाल बृजभूषण ने मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन किया है।

## महिलाओं का उत्पीड़न, हत्या, पेपर लीक व मंहगाई को लेकर सपा ने किया हल्लाबोल प्रदर्शन

- कलेक्ट्रेट पहुंचकर बिजली, पानी, गैस आदि का उठाया मामला
- महिलाओ के उत्पीड़न व हत्या से जनता परेशान: सपा जिलाध्यक्ष




**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बढ़ती मंहगाई, बिजली पानी गैस, डीजल, हत्या बलात्कर, पेपर लीक को लेकर पार्टी कार्यालय से हल्ला बोल प्रदर्शन कर पैदल मार्च रमईपट्टी, सिविल लाइन कचहरी रोड, साइलस तिराहा कलेक्ट्रेट में पहुँचकर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी के नेतृत्व में जोरदार धरना व प्रदर्शन किया। इस अवसर पर आयोजित धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी जी ने किया। महंगाई, बेरोजगारी, डीजल, पेट्रोल, रसोई गैस और बिजली के दामो में बड़े पैमाने पर मूल्य वृद्धि, डीजल पेट्रोल और रसोई गैस की भारी किल्लत, अघोषित बिजली कटौती, किसानों को खाद बीज तथा डीजल का न मिल पाना, नीट परीक्षा पेपर लीक, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़, ध्वस्त कानून व्यवस्था तथा भाजपा सरकार के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ समाजवादी पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ हल्ला बोल प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल को संबोधित जिलाधिकारी महोदय के माध्यम के नाम मांग पत्र देकर जन समस्याओं के समाधान की मांग की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने अपने प्रदर्शन में सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। अपराधियों का बोलबाला है। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए। अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त है। डीजल पेट्रोल रसोई गैस और बिजली के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर प्रदेश की जनता पर महंगाई का बोझ लाद दिया गया। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है। यह सरकार किसानों को खाद बीज और डीजल तक उपलब्ध नहीं कर पा रही है। हमारी मांग है कि डीजल पेट्रोल और रसोई गैस बिजली की मूल्य वृद्धि वापस लिया जाए और इसकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, धान के बेहन डालने का समय चल रहा है किसानों को समय से खाद और डीजल उपलब्ध कराया जाए। इस सरकार में पीडीए आरक्षण का सबसे ज्यादा घोटाला हुआ है। प्रदेश की जनता इस जनविरोधी सरकार को हटाने का मन बना चुकी है।

## रहस्यमय हालात में घायल मिली विवाहिता की मौत, वायरल वीडियो ने बढ़ाए सवाल

- पुलिस हर पहलू की जांच में जुटी

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर खीरी।** थाना ईसानगर क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर रूप से घायल मिली 23 वर्षीय विवाहिता नीलम पुत्री शिवरतन निवासी फूलपुर की उपचार के दौरान मौत हो गई, पुलिस द्वारा उसे पीएम के लिए भेजा गया। बुधवार को पुलिस की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार कराया गया। मामले को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हैं, जबकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही है।

जानकारी के अनुसार नीलम सोमवार सुबह घर से कॉलेज जाने की बात कहकर निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। मंगलवार को भरेहटा गांव से निकलने वाली सड़क किनारे एक जामुन के पेड़ के पास वह गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ी मिली। उसके गले और हाथों पर चोट के निशान बताए गए हैं। परिजन घायल नीलम को लेकर सबसे पहले ईसानगर थाने पहुंचे। थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश मौर्य ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए तत्काल उपचार की व्यवस्था कराई। इसके बाद उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खमरिया ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि नीलम क्षेत्र के एक डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत थी।

उसकी शादी करीब दो वर्ष पूर्व सिसैया क्षेत्र के गोसाई पुरवा गांव में हुई थी, लेकिन वह कुछ समय से अपने मायके फूलपुर में रह रही थी।

## श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ

**कलश यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब, शारदा नदी से लाया गया पवित्र जल**

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** विकास खंड बिजुआ के ग्राम पड़रिया तुला स्थित श्री ठाकुर जी मंदिर परिसर में बुधवार को सात दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर यज्ञ स्थल से शारदा नदी तट तक पहुंचीं। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान विष्णु के जयघोष और भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ते रहे। तेज धूप के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था और उत्साह देखने लायक रहा। शारदा नदी तट पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां शारदा नदी तथा कलशों का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कलशों में पवित्र जल भरकर यज्ञ स्थल के लिए प्रस्थान किया। यज्ञ परिसर पहुंचने पर पवित्र जल से मंडप और यज्ञ स्थल का अभिषेक किया गया। आचार्यों ने बताया कि सनातन परंपरा में कलश यात्रा को धार्मिक अनुष्ठानों का महत्वपूर्ण अंग माना जाता है। कलश स्थापना और पवित्र जल अभिषेक के साथ यज्ञ की धार्मिक गतिविधियां विधिवत प्रारंभ हो गई हैं। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सात दिवसीय श्री विष्णु महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन वैदिक अनुष्ठान, हवन-पूजन, कथा-प्रवचन तथा भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



## तेज रफ्तार स्कोडा कार ने बाइक को मारी टक्कर दो गंभीर घायल

**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया (खीरी)।** मोहदियापुर तिराहे के पास एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने पीछे से मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का शाहजहांपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। थाना पिहानी जनपद हरदोई के ग्राम कुंवरपुर बन्दरहा निवासी रामप्रताप त्रिवेदी पुत्र राजेश्वर दयाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका भाई कमलेश और पुत्र कुलदीप मोटरसाइकिल से शाहजहांपुर जा रहे थे। बुधवार को जब वे मोहदियापुर तिराहे के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रही स्कोडा कार के चालक ने कथित रूप से तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

## महिला आयोग सदस्य ने सीएचसी गौरा का किया निरीक्षण

- मरीजों से जाना स्वास्थ्य सेवाओं का हाल



**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने बुधवार को सीएचसी गौरा का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत परखी। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवा वितरण व्यवस्था, प्रसूति सेवाओं तथा मरीजों को दी जा रही अन्य सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षक डॉ. ए.के. सिंह ने बताया कि सीएचसी में वर्तमान में चार चिकित्सक कार्यरत हैं तथा 30 बेड की सुविधा उपलब्ध है। प्रतिदिन लगभग 150 से 200 मरीजों का उपचार किया जाता है। अस्पताल में 238 प्रकार की आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं तथा डेंगू, मलेरिया और टीबी समेत विभिन्न बीमारियों की जांच की सुविधा भी संचालित है। उन्होंने बताया कि एक्स-रे मशीन उपलब्ध होने के बावजूद तकनीकी कर्मचारी के अभाव में उसका संचालन नहीं हो पा रहा है मरीजों से मिले फीडबैक के आधार पर उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को सेवाओं में और अधिक संवेदनशीलता तथा तत्परता बरतने के निर्देश दिए। राज्य महिला आयोग की सदस्य गौरा ब्लाक में आयोजित जनसुनवाई एवं चौपाल कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।इस अवसर पर पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा, नायब तहसीलदार पवन कुमार सिंह, उपायुक्त जिला उद्योग एसएस रावत, सीएचसी प्रभारी अधीक्षक डॉ एसके सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पिता की डांट से आहत किशोरी ने नहर में लगाई छलांग, 24 घंटे बाद मिला शव

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

भिटौली थाना क्षेत्र के धर्मपुर बड़ागांव गांव की एक 14 वर्षीय किशोरी द्वारा नारायणी नहर में छलांग लगाने के बाद उसकी मौत हो गई। घटना के लगभग 24 घंटे बाद किशोरी का शव कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सुम्बाखोर के पास नहर में उतराता मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, वहीं गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार धर्मपुर बड़ागांव निवासी बबलू रावत की पुत्री खुशी रावत (14) को मंगलवार सुबह किसी बात को लेकर उसके पिता ने डांट दिया था। बताया जाता है कि पिता की डांट से नाराज होकर खुशी घर से निकल गई और नारायणी नहर में छलांग लगा दी। खेतों में काम कर रहे किसानों ने घटना देखी तो शोर मचाया और ग्रामीणों के साथ परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस तथा एसडीआरएफ की टीम ने किशोरी की तलाश शुरू कर दी। पूरे दिन चले खोज अभियान के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह एक बार फिर एसडीआरएफ और परिजन नहर के किनारे-किनारे तलाश में जुट गए। इसी दौरान कप्तानगंज थाना क्षेत्र के सुम्बाखोर गांव के पास एक राहगीर ने नहर में एक शव उतराता देखा और इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान खुशी रावत के रूप में की। बेटी का शव देखते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची कप्तानगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कप्तानगंज थानाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।



## फरेंदा कस्बे में पैदल चलना हुआ दुश्वार

**पैदल चलने वाली महिला को कार ने मारी ठोकर, घायल**

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** नगर पंचायत आनन्दनगर के विष्णु मंदिर/तिरंगा चौराहा पर आज बुधवार को लगभग सवा छःबजे शाम के जाम लग जाने से एक अज्ञात कार से ठोकर लग जाने पैदल जा रही महिला बुरी तरह से घायल हो गयी। जिससे पूरा कस्बा जाम के झाम में फंस गया।जैसा कि आये दिन उक्त तिराहे पर जाम लगता रहता है लेकिन इसके लिए आज तक कोई जिम्मेदार अधिकारी कोई वाजिब कदम नहीं उठाया जिससे आये दिन एक न एक घटनाएं घटती रहती है। महिला के घायल होने की घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंची फरेंदा पुलिस घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया और जाम को खुलवाया।

## पशुपालकों को मिलेगा मुफ्त चारा बीज मिनीकिट 120 लाभार्थियों का होगा चयन

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया है कि खरीफ 2026-27 के लिए राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त चारा विकास कार्यक्रम (रा0यो0) के अंतर्गत निःशुल्क चारा योजना शुरू की गई है। योजना के तहत जनपद में 120 पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें उन्नत किस्म के चारा बीज मिनीकिट निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे पशुओं के लिए गुणवत्तापूर्ण हरे चारे का उत्पादन बढ़ाया जा सके।

योजना के अंतर्गत ज्वार, लोबिया, मक्का सहित अन्य चारा फसलों के बीजों का मिनीकिट प्रति लाभार्थी 0.1 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए उपलब्ध कराया जाएगा।

योजना में उन पशुपालकों को प्राथमिकता दी जाएगी जो कम से कम दो दुधारू पशु पालते हों तथा चारा उत्पादन के लिए पर्याप्त भूमि और सिंचाई की सुविधा रखते हों।

लघु एवं सीमांत किसानों, पशुपालकों, स्वयं सहायता समूहों, एनजीओ तथा गौशाला संचालकों को भी प्राथमिकता के आधार पर चयनित किया जाएगा। स्थायी एवं अस्थायी गोआश्रय स्थलों, नंद बाबा दुग्ध मिशन तथा अन्य विभागीय योजनाओं से जुड़े लाभार्थियों को भी वरीयता दी जा सकती है।

# नेपाल से लौटते समय कस्टम एग्जिट कराना जरूरी

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** नेपाल में भारतीय वाहनों के लिए लागू की गई ऑनलाइन प्रवेश व्यवस्था अब वाहन चालकों के लिए नई परेशानी का कारण बनती जा रही है। नियमों की जानकारी के अभाव में कई भारतीय वाहन स्वामी भारी जुर्माने की चपेट में आ रहे हैं। नेपाल कस्टम विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऑनलाइन परमिट लेकर नेपाल में प्रवेश करने वाले सभी भारतीय वाहनों को वापसी के समय अनिवार्य रूप से कस्टम एग्जिट कराना होगा। ऐसा न करने पर प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना लगाया जाएगा। नेपाल सरकार द्वारा भारतीय वाहनों की एंट्री प्रक्रिया को ऑनलाइन किए जाने के बाद अब प्रवेश के साथ-साथ निकासी (एग्जिट) भी ऑनलाइन दर्ज कराना आवश्यक हो गया है। हालांकि, इस नई व्यवस्था में कई तकनीकी खामियां और भुगतान संबंधी समस्याएं सामने आ रही हैं, जिससे भारतीय यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

**चूक पर रोजाना लग रहा भारी जुर्माना**

जानकारी के अनुसार ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी करने के लिए भारतीय वाहन चालकों को नेपाल कस्टम कार्यालय पहुंचकर क्यूआर कोड प्राप्त करना पड़ता है। शुल्क का भुगतान नेपाली मुद्रा में ही स्वीकार किया जा रहा है। भारतीय डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण लोगों को स्थानीय दुकानदारों अथवा अन्य माध्यमों से नेपाली रुपये ट्रांसफर कराने पड़ रहे हैं। इसके बदले अतिरिक्त कमीशन भी देना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि कई वाहन चालक नेपाल से लौटते समय ऑनलाइन एग्जिट की प्रक्रिया पूरी नहीं कर रहे हैं। ऐसे मामलों में सिस्टम वाहन को नेपाल के भीतर ही दर्शाता रहता है और जुर्माना स्वतः लगना शुरू हो जाता है। नेपाल कस्टम विभाग के अनुसार दोपहिया वाहनों पर प्रतिदिन 1200 नेपाली रुपये तथा चारपहिया और अन्य बड़े वाहनों पर 2500 नेपाली रुपये प्रतिदिन की दर से जुर्माना लगाया जा रहा है। भविष्य में वाहन दोबारा नेपाल में प्रवेश करेगा तो बकाया जुर्माना वसूल किया जाएगा।

## अवैध मिट्टी खनन पर नहीं लग रहा लगाम

**जनपद में रातों-रात हो जाते हैं सक्रिय खनन माफिया**

**अवैध मिट्टी खनन जोरों पर, प्रशासन बना मूक दर्शक**

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** जनपद के हर तहसील के विभिन्न गांवों में रात के अंधेरे में बिना परमिट के अवैध मिट्टी खनन का कारोबार धड़ल्ले से संचालित होने का मामला सामने आ रहा है। लोगों का आरोप है कि खनन माफिया प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर उपजाऊ मिट्टी का बड़े पैमाने पर खनन कर मोटी कमाई कर रहे हैं। सब कुछ जानते हुए प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है । जनपद के हर तहसील क्षेत्रों में जेसीबी मशीनों के माध्यम से मानक से अधिक गहराई तक खुदाई की जा रही है, और ट्रैक्टर- ट्राली एवं ट्रीपर से ढुलाई की जा रही हैं।

## विकास प्रदर्शनी व जनकल्याण शिविर में लाभार्थियों को वितरित किए गए चेक और प्रमाण-पत्र

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जनकल्याणकारी शिविर एवं विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत चेक, टूलकिट, प्रमाण-पत्र एवं अन्य लाभ वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश गो-सेवा आयोग के उपाध्यक्ष महेश शुक्ला ने किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों तथा सूचना विभाग की विकास प्रदर्शनी का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। मुख्य अतिथि महेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन एवं डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार किया है। उन्होंने पूर्वांचल क्षेत्र में इंसेफेलाइटिस पर प्रभावी नियंत्रण को सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. शांति शरण मिश्रा ने शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधारों, निपुण भारत मिशन एवं समग्र शिक्षा अभियान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. सूरज सिंह ने स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकार की विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों का उल्लेख किया। प्रभाकर द्विवेदी, अरुण शुक्ला, जिला प्रभारी राम जियावन मौर्य तथा अजय श्रीवास्तव ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों एवं उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, डीआरडीए के परियोजना निदेशक रामदरस चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। शिविर में उद्योग विभाग की ओडीओपी योजना के तहत दो लाभार्थियों को टूलकिट तथा मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत तीन लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक प्रदान किए गए।

